3 राजधानी
एनडीएमसी ट्यूलिप पौधों को खुद करेगा विकसित

6 अभिमत
ड्रोनों की शक्ति का उपयोग

10 विदेश
युद्ध के कारण उत्तरी गाजा हो रहा खाली

12 स्पोर्ट्स
जूनियर हॉकी विश्व कप में भारत की कमान संभालेंगे उत्तम सिंह

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 11
नई दिल्ली, बुधवार, 15 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बढ़ती ऊर्जा मांग से नहीं होगा समझौता
राष्ट्रीय-11

# मोदी ने कसा तंज, बोले-मूर्खों के सरदार

## मध्य प्रदेश की चुनावी रैली में मेड इन चाइना मुद्दे पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल/नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'मूर्खों के सरदार' करार दिया। जनता को संबोधित करते हुए, मोदी ने यह झूठा दावा करने के लिए गांधी परिवार पर हमला बोला कि भारत में केवल 'मेड इन चाइना' फोन ही उपलब्ध हैं। मोदी ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर हमला बोला, 'कल मैंने सुना कि कांग्रेस पार्टी के एक विशेषज्ञ ने दावा किया कि भारत में हर किसी के पास 'मेड इन चाइना' सेल फोन है। विशेषज्ञ ने कहा कि भारत में सभी फोन चीन में बने होते हैं।

मूर्खों के सरदार, ये लोग इस दुनिया में कहाँ रहते हैं? कांग्रेस नेताओं को देश की उपलब्धियों को कमजोर करने की मानसिक बीमारी हो गई है।' मोदी ने राहुल गांधी की लगातार रहस्यमयी विदेश यात्राओं पर भी निशाना साधा। पीएम ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि वे कौन सा विदेशी चश्मा पहनते हैं जिसके कारण वे देश में विकास नहीं देख पाते हैं। सच तो यह है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। जब कांग्रेस केंद्र में थी तब भारत में हर साल 20,000 करोड़ रुपये से कम के मोबाइल बनते थे। आज, भारत में 3.5 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन बनते हैं।' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक चुनावी रैली में टिप्पणी की थी कि लोगों की जेब में मौजूद मोबाइल फोन 'मेड इन चाइना' हैं और उन्हें 'मेड इन मध्य प्रदेश' होना चाहिए। पीएम ने कहा, 'भारत अन्य देशों को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात करता है। जिन्हें सिर्फ चुनावी मौसम से पहले 'मेक इन इंडिया' याद आता है, वे स्वदेशी का महत्व नहीं समझते। अपने चुनाव प्रचार भाषण में मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि लोग अब 'वोकल फॉल लोकल' हो रहे हैं और उन्होंने दिवाली के दौरान 4.4 लाख करोड़ रुपये के भारत निर्मित उत्पाद खरीदे हैं। कांग्रेस नेताओं को नहीं पता कि वे लोगों से क्या कहेंगे। कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया है कि उनके फर्जी वादे मोदी की गारंटी के सामने टिक नहीं पाते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि केंद्र बुधवार को देश में आदिवासियों के कल्याण के लिए 24,000 करोड़ रुपये की एक योजना शुरू करेगा जब पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाएगा। मोदी ने 17 नवंबर को होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान के आखिरी दिन बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति का उल्लेख किया और कहा कि यह इस बात का संकेत है कि इन चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। पीएम मंगलवार शाम इंदौर में एक एक विशाल रोड शो में शामिल हुए।

- देश के सबसे स्वच्छ शहर में प्रधानमंत्री का रोड शो, भगवा गलियारे से गुजरा रथ



झबुआ में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान किया गया।

राज्य के अलग-अलग स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करने के बाद इंदौर पहुंचे मोदी शहर के बड़ा गणपति चौराहे से छोटे चारपहिया वाहन पर बनाए गए खुले रथ पर सवार हुए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए सड़क के दोनों ओर बैरिकेड पर भगवा कपड़ा लगाकर भगवा गलियारा बनाया गया था। इस गलियारे से गुजरते वक्त मोदी ने हाथ हिलाकर हजारों लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। गलियारे के दोनों ओर खड़े भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे थाम रखे थे। रास्ते में लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने मोदी के चित्र के साथ ही अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की तस्वीरें लहराईं और मोदी-मोदी का नारा भी लगाया।

# श्रमिकों को बचाने के लिए निकास सुरंग बनाने की तैयारी



उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए राहत और बचाव कार्य जोरों पर।


**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

- उत्तरकाशी के यमुनोत्री राजमार्ग पर स्थित सिल्क्यारा सुरंग में फंसे सभी 40 मजदूर सुरक्षित, अधिकारी मजदूरों के संपर्क में, राहत और बचाव टीम कर रही काम

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राजमार्ग पर सिल्कयारा सुरंग के मलबे में दीपावली (12 नवंबर) से फंसे 40 मजदूर सुरक्षित हैं और अधिकारी उनसे संपर्क में हैं। राहत बचाव प्रयास में जुटी टीम अब मलबा हटाने के बजाय श्रमिकों को बचाने के लिए ड्रिलिंग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और सुरंग में जारी राहत बचाव प्रयासों के लिए अधिकारियों व जांच दल से लगातार संपर्क में हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, वहां मलबे को हटाने के बजाय अब बचाव प्रयास के तहत एक निकास सुरंग बनाने के लिए एक पाइप ढालने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जिसके लिए साइट पर ड्रिलिंग मशीन के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। उम्मीद है कि एस्केप टनल बनाने के लिए 900 एमएम व्यास वाले एमएस पाइप को डालने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि मंगलवार देर रात या बुधवार तक ड्रिलिंग का काम शुरू होने की उम्मीद है। पाइप डालने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों और इंजीनियरों की एक टीम भी साइट पर मौजूद है। उत्तराखंड पेयजल निगम के महाप्रबंधक और ड्रिलिंग एवं बोरिंग विशेषज्ञ दीपक मलिक के नेतृत्व में बचाव प्रयास में तकनीकी पहलुओं और ड्रिलिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने मंगलवार को जिला अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर प्रेम पोखरियाल के साथ सुरंग का दौरा किया और फंसे हुए श्रमिकों से उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बात की। डॉ. पोखरियाल ने श्रमिकों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि फंसे हुए सभी श्रमिक ठीक स्थिति में हैं। अधिकारियों ने बताया कि फंसे हुए श्रमिकों को पाइप के माध्यम से खाद्य सामग्री भेजना जारी रखा है। अपने परिजनों का हाल जानने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे मजदूरों के परिजनों को जिला प्रशासन और पुलिस ने आश्वासन दिया है कि फंसे हुए सभी मजदूरों को जल्द ही सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। अधिकारियों ने बचाव प्रयासों के बारे में रिश्तेदारों को सूचित करते हुए उनमें से कुछ को सुरंग में फंसे लोगों को उनके परिवार के सदस्यों से बात भी कराई। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी अधिकारियों से बचाव अभियान पर नियमित अपडेट ले रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया है कि बचाव में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक उपकरण और अन्य किसी भी आवश्यकता को बिना देरी किए पूरा किया जाना चाहिए। वहीं भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए गठित समिति ने मंगलवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया।

उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक डॉ शांतनु सरकार की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा सुरंग एवं इसके ऊपर की पहाड़ी का सर्वेक्षण किया गया। समिति के सदस्य सोमवार को ही घटनास्थल पर पहुँच गए थे। समिति में डॉ सरकार के अलावा वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ खइंग शिंग ल्युरई, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के वैज्ञानिक सुनील कुमार यादव, रूड़की केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) के वरिष्ठ वैज्ञानिक कौशिल पंडित, भूतत्व एवं खनिजकर्म विभाग के उपनिदेशक जीडी प्रसाद और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भूवैज्ञानिक तनड्रिला सरकार शामिल हैं। सिलक्याराडंडालगांव सुरंग का सिलक्यारा की ओर के मुहाने से लगभग 270 मीटर अंदर करीब 30 मीटर का हिस्सा रविवार की सुबह ढह गया था जिससे उसके अंदर 40 श्रमिक फंस गए हैं।



विश्व कप क्रिकेट

आजः भारत और न्यूजीलैंड (सेमीफाइनल)

## क्विक न्यूज

### आज से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान फिर पर्यटकों के लिए खुलेगा

**लखीमपुर खीरी।** शुल्क में करीब 33 फीसदी की कमी और सुविधाओं में इजाफे के साथ लखीमपुर खीरी जिले में स्थित बाघ अभ्यारण्य दुधवा राष्ट्रीय उद्यान 15 नवंबर से एक बार फिर से पर्यटकों के लिए खुलेगा। दुधवा बाघ अभ्यारण्य के के फील्ड निदेशक ललित वर्मा ने बताया, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान 15 नवंबर से पर्यटकों और अन्य आगंतुकों के लिए फिर से खुलेगा। उन्होंने बताया कि दुधवा में पर्यटन सीजन बुधवार से शुरू होगा और प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना इस सत्र का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सत्र में दुधवा सफारी की दरों में की गई कटौती से अधिक पर्यटकों के यहां पहुंचने की उम्मीद है। सक्सेना ने आगे कहा, अभ्यारण्य इस साल पर्यटकों को पूरी तरह से आकर्षित करेगा क्योंकि पर्यटन स्थलों में सुधार और मार्ग प्रबंधन से बाघ को देखने की संभावना बढ़ गई है।

# महादेव ऐप केस में डाबर के मालिकान का नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई

- एफआईआर में मोहित बर्मन को 16वें, गौरव बर्मन को 18वें नंबर पर आरोपी के तौर पर सूचीबद्ध किया गया

**देश** के शीर्ष उद्योगपति और एफएमसीजी उत्पादों में घरेलू नाम डाबर के निदेशक और चेयरमैन पर करोड़ों रुपये के ऑनलाइन महादेव सट्टेबाजी मामले में मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने महादेव सट्टेबाजी ऐप के मामले में डाबर के निदेशक गौरव बर्मन और कंपनी के चेयरमैन मोहित बर्मन समेत 32 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जुए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एफआईआर के मुताबिक कथित महादेव सट्टेबाजी ऐप में मोहित बर्मन को 16वें नंबर पर जबकि गौरव बर्मन को 18वें नंबर पर आरोपी के तौर पर सूचीबद्ध किया गया है।

माटुंगा पुलिस स्टेशन में दर्ज इस मामले में 31 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर है, जबकि 32 लोगों पर अज्ञात का जिक्र है। एफआईआर सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बनकर की शिकायत के आधार पर 7 नवंबर को दर्ज की गई थी। एफआईआर में एक्टर साहिल खान का नाम आरोपी नंबर 26 है। साहिल खान पर कथित तौर पर महादेव के ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से संबंधित एक और सट्टेबाजी ऐप चलाने का आरोप है। एफआईआर में कहा गया है, 'साहिल पर न केवल प्रमोशन का बल्कि ऐप चलाकर भारी मुनाफा कमाने का भी आरोप है।' साहिल खान को दुबई में ऑनलाइन बेटिंग ऐप की एक पार्टी के वीडियो में देखा गया था।

यह मामला खिलाड़ी नाम का सट्टेबाजी ऐप चलाने के आरोप में दर्ज किया गया है। जहां मोहित बर्मन दुनिया की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक और प्राकृतिक स्वास्थ्य सेवा कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष हैं, वहीं गौरव बर्मन डाबर इंडिया लिमिटेड के नियंत्रक शेयरधारक हैं। कंपनी वर्तमान में सबसे बड़ी उपभोक्ता-वस्तु कंपनी है, जिसकी स्थापना बर्मन के परदादा ने 1884 में की थी। परिवार की अनुमानित संपत्ति 9.8 अरब है (ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार)। कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बर्मन परिवार के एक प्रवक्ता ने हालांकि इसे 'निराधार' आरोप करार दिया, जो संयोगवश रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के अधिग्रहण के लिए उनकी बोली के साथ आया है। डाबर के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, 'हमें ऐसी किसी भी एफआईआर पर कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है। हालाँकि, हमने एफआईआर देखी है जिसे मीडिया हाउसों में प्रसारित किया जा रहा है। एफआईआर बिल्कुल झूठी और निराधार है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि एफआईआर बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड के अधिग्रहण को (शेष पेज 9)

### रेलिगेयर में हिस्सेदारी अधिग्रहण को रोकने का प्रयासः बर्मन परिवार

**मुंबई।** डाबर के प्रवर्तक बर्मन परिवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में हिस्सेदारी के अधिग्रहण को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। अपने दो वरिष्ठ सदस्यों के खिलाफ करोड़ों रुपए के महादेव ऐप प्रकरण में मामला दर्ज होने के बाद परिवार ने यही बात कही है।

बर्मन परिवार ने एक बयान में कहा कि वह हाथ मरोड़ने वाले कदम से चकित है। उसने मामले में किसी भी तरह से भी शामिल होने से इनकार किया है। बयान में कहा गया है, यह एफआईआर (प्राथमिकी) कुछ और नहीं बल्कि बर्मन परिवार के रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के अधिग्रहण को रोकने का प्रयास है। यह निहित स्वार्थी तत्वों का किया कराया है। बर्मन परिवार ने बयान में कहा कि प्राथमिकी को चुनिंदा तरीके से मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है। मोहित और गौरव दोनों मामले में जिस आरोपी का जिक्र है, उसे नहीं जानते हैं।

बयान में कहा गया है, दिलचस्प बात यह है कि प्राथमिकी ऐसे समय दर्ज कराई गई है, जब बर्मन परिवार रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में अपनी मौजूदा 21.24 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है। उसने सेबी अधिग्रहण संहिता के तहत पूरी तरह से वैध खुली पेशकश शुरू की है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए बर्मन परिवार रेलिगेयर में कुछ संचालन संबंधी मुद्दों को निदेशक मंडल और नियामकों के ध्यान में लाया है। उसका कहना था कि इसके पीछे कंपनी की वर्तमान चेयरमैन रश्मी सलूजा हैं। वास्तव में, निहित स्वार्थी तत्व अब इस सौदे को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

बर्मन परिवार ने कहा कि यह कदम पूरी तरह से गलत है। साथ ही कहा कि वह रेलिगेयर अधिग्रहण के साथ आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह दृढ़ है। परिवार ने एफआईआर के संबंध में कोई सूचना मिलने से इनकार किया। हालांकि, यह भी कहा कि उन्होंने मीडिया घरानों को उपलब्ध कराए गए दस्तावेज को देखा है। बयान में कहा गया है कि एफआईआर पूरी तरह से आधारहीन है।

# दिल्ली को नहीं मिली जहरीली हवा से निजात

- राजधानी में मंगलवार को कई स्थानों पर एक्यूआई 400 के पार, वायु प्रदूषण के चलते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जयपुर हुईं शिफ्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में मंगलवार को प्रदूषण से राहत पाने के लिए एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल किया गया। फोटोः रंजन डिमरी

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में कई स्थानों पर हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में स्थानीय लोगों को जहरीली हवा से जूझना पड़ रहा है। राजधानी के 40 निगरानी स्टेशनों में से नौ द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर, राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार शाम 4 बजे 397 दर्ज किया गया, जो सोमवार को 358 और रविवार को 218 से खराब है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मोबाइल एप्लिकेशन समीर के अनुसार, अन्य निगरानी स्टेशन अनुक्रमण के लिए पर्याप्त आंकड़ा देने में विफल रहे। इसी क्रम में दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में फिर से पहुंचने के बाद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सुधार होने तक अस्थायी रूप से जयपुर शिफ्ट हो रही है। सोनिया गांधी को सांस संबंधी समस्या है और उनको दो महीने ही अस्पताल से छुट्टी मिली थी। ऐसे हालात में डॉक्टरों ने उन्हें अस्थायी तौर पर ऐसी जगह पर जाने की सलाह दी है, जहां हवा की गुणवत्ता बेहतर हो। राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर में मंगलवार को कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता का स्तर गंभीर (एक्यूआई 400 से ऊपर) पर पहुंच गया।) श्रेणी में दर्ज किया गया। इनमें पूसा दिल्ली (501) आईटीआई जहांगीरपुरी 463, आईटीओ (427), आरके पुरम (422), पंजाबी बाग (423), नेहरू नगर (450), (शेष पेज 9)

# फिल्मी कहानी जैसी है नौ साल पहले हुई सोने की चोरी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**लगभग** एक दशक पहले 2014 में पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जब्त की गई लाखों रुपये कीमत के सोने और अन्य कीमती धातुओं से भरी खेप के मामले में अब एक रहस्यमयी कहानी सामने आई है और यह दिल्ली सरकार के एक शीर्ष अधिकारी के लिए मुश्किल भरी होगी। फाइलों की आवाजाही के दौरान जब्ती से संबंधित रिकॉर्ड से अधिकारी का पता लगाए जाने के बाद इसने व्यापार और कर विभाग का ध्यान आकर्षित किया।

प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि मालिक, कहां से आया तथा सोने और चांदी की वास्तविक मात्रा जैसे महत्वपूर्ण विवरण रहस्य की गर्त में हैं। बहरहाल में इसमें जो चिंता की बात लगभग 12 किलोग्राम सोना, 36 किलोग्राम चांदी और 7 लाख रुपये की मुद्रा का 'गायब होना' है। बंडलों का दस्तावेज बनाकर तिजोरी में रखने के बजाए इन्हें एक सम्मेलन कक्ष व्यापार भवन में संग्रहीत किया गया था। इन्वेंट्री बनाने में पांच दिन की देरी के कारण एक हैरान करने वाली चूक हुई, जिससे जब्त किए गए खजाने की मात्रा के बारे में पता नहीं चला। अब लगभग एक दशक बाद, राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण इस रहस्यमय मामले में कथित चूक के लिए एक दानिक्स अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार कर रहा है। अब लगभग एक दशक बाद एक दानिक्स अधिकारी को कथित खामियों के लिए कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि जब्त किए गए बंडलों को तिजोरी के बजाय एक सम्मेलन कक्ष में रखा गया था और कुछ ही दिनों में लगभग 12 किलोग्राम सोना, 36 किलोग्राम चांदी और सात लाख रुपये से अधिक के नोट कथित तौर पर चोरी हो गए थे। दिलचस्प बात यह है कि इस बात का कोई औचित्य नहीं था कि 2014 में जब्ती के बाद पांच दिनों तक सूची क्यों नहीं बनाई गई थी।

यह अभी भी एक रहस्य है कि 01 मार्च 2014 को जब्त किए गए सोने और चांदी की वास्तविक मात्रा क्या थी। इसके अलावा एक बिंदु पर समय के साथ, मुख्य सचिव ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की, मुख्यमंत्री ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की, लेकिन चीजें तब उलट गईं जब उपमुख्यमंत्री ने दर्ज किया कि दिल्ली पुलिस द्वारा जांच की स्थिति को जाने बिना कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। पीआर सचिव (गृह) की रिपोर्ट ने संयुक्त सचिव से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की गलतियों की ओर इशारा किया। एक अधिकारी पर आरोपपत्र दायर किया गया और (शेष पेज 9)

- 2014 में पुरानी दिल्ली स्टेशन से जब्त की गई थी लाखों की सोने, चांदी की खेप और नकदी, जब्ती के बाद 12 किग्रा. सोना, 36 किग्रा. चांदी और 7 लाख रुपये हो गए थे गायब
- पहले जांच में सभी अधिकारी बेदाग बचे, अब एक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है
- इतना माल कहां से आया, किसको भेजा गया, कौन था मालिक, कुछ नहीं पता



प्रतीकात्मक फोटो

# दिल्ली से सीधे जेवर एयरपोर्ट तक सरपट दौड़ेंगे वाहन

## यूपी स्टेट ब्रिज कॉर्पोरेशन ने जारी किया टेंडर, तीन साल में होगा निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा के चिल्ला रैगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक जाम की समस्या से अब निजात मिल जाएगी। दिल्ली से सीधे जेवर एयरपोर्ट तक तमाम वाहन सरपट दौड़ेंगे।

इस मार्ग पर प्रतिदिन नोएडा दिल्ली तथा ग्रेटर नोएडा के पांच लाख लोगों के आवागमन का अनुमान है। आपको बता दें कि दिल्ली के मयूर विहार की तरफ से नोएडा होते हुए ग्रेटर नोएडा तक आने.जाने वाले वाहन चालकों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है।

इस जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए नोएडा शहर के प्रवेश द्वार चिल्ला रेगुलेटर से लेकर नोएडा के महामाया फ्लाईओवर तक 5.96 किलोमीटर लम्बी ऐलिवेटेड रोड बनाई जाएगी। इस रोड को बनाने का काम पहले ही यूपी स्टेड ब्रिज कॉर्पोरेशन को सौंपा जा चुका है। अब यूपी स्टेट ब्रिज कॉर्पोरेशन ने इस रोड को बनाने का टेंडर जारी कर दिया है।

टेंडर में 3 वर्ष के अंदर रोड बनाने की समय सीमा तय की गयी है साथ ही रोड बनाने वाली कंपनी को 5 वर्षों तक इस एलिवेटेड रोड का रखरखाव भी करना पड़ेगा। नोएडा प्राधिकरण की देखरेख में रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि वर्ष-2026 में दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट तक वाहन चालक बिना रूके सरपट दौड़ सकेंगे। सबको पता है कि महामाया फ्लाईओवर से आगे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे बना हुआ है। अभी तक नोएडा के सेक्टर-14ए से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक जाम की भारी समस्या रहती है। रोजाना हजारों वाहन नोएडा शहर के इस जाम में फंसे रहते हैं। नई एलिवेटेड रोड बन जाने से नोएडा से लेकर जेवर एयरपोर्ट तक कहीं भी जाम नहीं लगेगा।

अनुमान है कि दिल्ली से ग्रेटर नोएडा के बीच 5 लाख तक यात्री सफर करेंगे। आपको बता दें कि नोएडा के चिल्ला रेग्लुटर से लेकर महामाया फ्लाईओवर तक बनने वाली एलिवेटेड रोड दिल्ली की तरफ से नोएडा होकर जा रही शाहदरा ड्रेन के ऊपर बनाई जाएगी। एलिवेटेड रोड से नोएडा के सेक्टर-14ए को जोड़ने के लिए रैंप भी बनाए जाएंगे। इस रोड पर नोएडा के सेक्टर-14ए सेक्टर-15ए सेक्टर-16 व सेक्टर-18 तक रैंप के जरिए पहुंच मार्ग दिया जाएगा। नोएडा के नागरिकों के लिए एलिवेटेड रोड का बनना किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है।

## ग्रेटर नोएडा में पांच स्थानों पर बनेंगे फुटओवर ब्रिज

**नोएडा।** लंबे इंतजार के बाद ग्रेटर नोएडा में फुटओवर ब्रिज बनाने का रास्ता साफहो गया है। प्राधिकरण ने कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए टेंडर जारी किया था, जिसमें से 5 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने वाली कंपनियों का चयन कर लिया गया है।

तीन और जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए दोबारा टेंडर होगा। पीपीपी के अंतर्गत डीबीएफओटी डिजाइन, बिल्ट, फंड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर के पैटर्न पर बनने वाले इन पांच फुटओवर ब्रिज से प्राधिकरण को हर माह करीब नौ लाख रुपये की आमदनी होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एफ्ओबी बनाने के लिए कुछ और लोकेशनों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीपीपी मॉडल पर ही कुछ और विकास परियोजनाएं लाकर मासिक आमदनी को 50 लाख रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया है। इस रकम को स्वच्छता व शहर के रखरखाव पर खर्च किया जाएगा। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को तीन जोन में बांटते हुए कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए टेंडर जारी किया था। ये फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्प्लेक्स, कलेक्ट्रेट के सामने, ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं।

# अब बच्चों के घर जाएंगे 511 स्कूलों के अध्यापक

● अभिभावकों से होगा संवाद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले के 511 स्कूलों के टीचर बच्चों के घर-घर जाएंगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बच्चों के घर जाकर टीचर सभी बच्चों के अभिभावकों को खास ज्ञान देंगे।

यह पूरी योजना गौतमबुद्धनगर जिले की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने तैयार की है। ऐश्वर्या लक्ष्मी को सख्त और ईमानदार शिक्षाधिकारी माना जाता है।

उन्होंने बताया कि गौतमबुद्धनगर जिले में 551 सरकारी स्कूल परिषदीय विद्यालय हैं। इन सभी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम होती जा रही है। बच्चों की उपस्थिति कम होना बेहद चिंता का विषय है। इसी बात को लेकर यह पहल की गई है। नोएडा गौतमबुद्धनगर की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि बच्चों के स्कूल में न आने के कारण उनकी शिक्षा पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। साथ ही स्कूलों में टीचर भी खाली बैठे रहते हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग ने एक पहल करने का फैसला किया है। फैसला यह है कि जो बच्चे दाखिले के बाद भी स्कूल नहीं आ रहे हैं। हमारे टीचर उन बच्चों के घर जाएंगे। बच्चों के घर जाकर टीचर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करेंगे।

टीचर अभिभावकों को बताएंगे कि बच्चों का स्कूल में जाना क्यों और कितना जरूरी है। शिक्षा विभाग को उम्मीद है कि उनका यह प्रयोग अवश्य ही सफल हो जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि नोएडा गौतमबुद्धनगर जिले के सरकारी स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति मात्र 60 प्रतिशत तक ही दर्ज हो पा रही है।

# 16 से शुरू हो पाएगी गंगाजल की आपूर्ति

● सफाई के चलते गंगनहर का पानी है बंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

छठ पर्व पर लाखों लोगों समेत आम लोगों को अब 16 नवंबर से भरपूर गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। मंगलवार देर रात तक गंगनहर से गंगाजल छोड़े जाने की उम्मीद है जो प्रताप विहार स्थित गंगा जल शोधन संयंत्र में पहुंच जाएगा तथा वहां से शोधित करने के बाद 16 नवंबर से नोएडा शहर के घरों में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि मंगलवार रात गंग नहर से गंगाजल छोड़ा जाएगा तथा उम्मीद है कि 16 नवंबर तक नोएडा में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। बता दें कि 24 अक्टूबर से गंग नहर से गंगाजल की आपूर्ति बंद कर दी गयी थी लेकिन अब 17 नवंबर से 20 नवंबर तक चार दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन शुरू हो रहा है। इसके लिए सूर्य भगवान को अर्ध्य देने के लिए जगह-जगह कृत्रिम घाट बनाए गए हैं।

जहां पर पानी भरा जाएगा। गंगाजल की आपूर्ति शुरू होने से इन घाटों में समुचित मात्रा में जल की आवश्यकता पूर्ति हो सकेगी। दीपावली त्यौहार तथा इससे पूर्व लोगों को गंगाजल के अभाव में गंदा जल से ही अपना काम चलाना पड़ रहा है। कम दबाव में गंगाजल की आपूर्ति के कारण विभिन्न सेक्टरों से लगातार शिकायत आ रही थी। लेकिन अब 16 नवंबर से इस समस्या से निजात मिल जाएगी।

बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर.6 स्थित प्रशासनिक कार्यालय समेत सभी कार्यालय बंद रहेंगे। परसों 16 नवंबर को प्राधिकरण के सभी कार्यालय खुल जाएंगे। मालूम हो की 11, 12 तथा 13 नवंबर को नोएडा प्राधिकरण में अवकाश घोषित था। मंगलवार को नोएडा प्रातरूकाल के सभी कार्यालय खुले हुए हैं। लेकिन भैय्या दूज के कारण 15 नवंबर को फिर नोएडा प्राधिकरण में अवकाश घोषित किया गया है।

## मेट्रो स्टेशन के पास युवक मारी गोली

**नोएडा।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के अंतर्गत आपसी विवाद में कपिल शर्मा ने पुष्पेंद्र कुमार मिश्र को गोली मार दी गई। पुष्पेंद्र को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पुष्पेंद्र का इलाज चल रहा है। चिकित्सक द्वारा गोली को निकाल दिया गया है।

पीड़ित परिजनों की ओर से थाना सेक्टर 142 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 13 नवंबर की रात करीब पौने नौ बजे पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन पर थे। इसी दौरान सचिन शर्मा वहां आया और उसने पुष्पेंद्र को गोली मार दी। मौके पर हड़कंप मच गया। इसका फायदा उठाकर सचिन शर्मा वहां से फरार हो गया।


# 70 लाख की संदिग्ध लेन-देन में पाक फंडिंग का शक

● यूपीएटीएस आतंकवाद निरोधक दस्ता व आइबी इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम ने खातेधारक को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

केनरा बैंक की फरीदनगर शाखा में एक खाते में एक महीने में करीब 70 लाख रुपये के संदिग्ध लेन-देन का मामला सामने आया है।

आशंका है कि आतंकी वारदात के लिए पाकिस्तान से यह फंडिंग की जा रही थी। यूपीएटीएस आतंकवाद निरोधक दस्ता व आइबी इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम ने इस मामले में खाताधारक रियाजुद्दीन को पकड़ा है। जांच में पता चला है कि इस खाते का संचालन बिहार के पश्चिमी चंपारण का रहने वाला इजहारुल हुसैन कर रहा था। इसके बदले में वह रियाजुद्दीन को 10 हजार रुपये प्रतिमाह देता था।



लखनऊ में एटीएस द्वारा इस मामले में केस दर्ज करने की जानकारी सामने आ रही है। यूपीएटीएस और आइबी अब इजहारुल की तलाश में है। सूत्रों की मानें तो खाते में फंडिंग की जानकारी पिछले दिनों बैंक ने ही आइबी को दी।

आइबी ने यूपीएटीएस से संपर्क कर आगे की कार्रवाई शुरू की। पता चला है कि दो साल पहले रियाजुद्दीन दिल्ली में एक फैक्ट्री में काम करता था। वहीं, पर उसकी मुलाकात इजहारुल से हुई। रियाजुद्दीन की आर्थिक स्थिति सही नहीं थी। इसी का फायदा उठाकर इजहारुल ने उसे झांसे में लिया। महीने के 10 हजार दिलाने के नाम पर रियाजुद्दीन के खाते में अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराया। साथ ही यूपीआइ ट्रांजेक्शन के लिए भी लिंक करा लिया। एटीएम कार्ड इजहारुल ने ले लिया। हालांकि, रियाजुद्दीन को पूरी जानकारी थी कि उसके खाते का प्रयोग किस प्रकार हो रहा है। इजहारुल इंटरनेट कॉलिंग से रियाजुद्दीन से संपर्क करता था। रियाजुद्दीन का खाता पिछले 10 साल से सक्रिय है। पिता के साथ उसने खाता शुरू कराया था। वह कम ही लेनदेन करता था।

इजहारुल के संपर्क में आने के बाद अचानक लेनदेन शुरू हो गया था। साथ ही खाते में बड़ी रकम पहुंची थी। इस पर बैंक के अधिकारियों को संदेह हुआ। रियाजुद्दीन के संबंध में पूछे जाने पर यूपी एटीएस के एडीजी मोहित अग्रवाल ने जानकारी से इनकार किया है। आरोपित रियाजुद्दीन तीन भाइयों में सबसे छोटा है। उसका मकान फरीदनगर में चौकी के पीछे है। उसके पिता अनवर की वेल्डिंग की दुकान है।

# कार की छत पर आतिशबाजी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है की कार की छत पर आतिशबाजी रखी हुई है। जिससे धड़ाधड़ स्काई शॉट चलाई जा रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्शन में आई है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। वायरल वीडियो थाना वेव सिटी इलाके का बताया जा रहा है। जहां एक कार तेजी से चल रही है। उसकी छत पर आतिशबाजी का बॉक्स रखा है। उसमें से धड़ाधड़ आसमान में जाकर पटाखे फट रहे हैं। यह वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तमाम तरह की टिप्पणी आने लगी। कुछ लोग जहां पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगेए तो कुछ ने कहा कि रील पर अधिक लाइक्स पाने के लिए ऐसा किया जाता है। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस भी हरकत में आई। थाना वेव सिटी इंचार्ज अंकित चौहान ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में है। मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा नहीं है कि अब से पहले ऐसे वायरल वीडियो पर कार्रवाई नहीं हुई है। लेकिन लोग हैं कि समझने का नाम नहीं ले रहे हैं। जो शख्स कार चला रहा है ऐसा करके न सिर्फवह अपनी बल्कि कार में बैठे और लोगों के साथ-साथ सड़क पर चल रहे बाकी लोगों की जान भी खतरे में डाल रहा है।

## महिला की संदिग्ध मौत पुलिस ने अंतिम संस्कार से रोका, मामला दर्ज

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के छपरौला क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध मौत के बाद गुपचुप तरीके से उसका अंतिम संस्कार करने पहुंचे पति को नोएडा पुलिस ने गाजियाबाद पहुंचकर अंतिम संस्कार करने से रोक दिया।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से बिहार के रहने वाला धनंजय यादव अपनी पत्नी रिंकी कुमारी व बच्चों के साथ छपरौला गांव में रह रहा था। तड़के वह कुछ लोगों के साथ अपनी पत्नी के शव को लेकर गाजियाबाद के हिंडन स्थित अंतिम निवास पहुंचा। धनंजय यादव के हावभाव को देखकर अंतिम संस्कार कर रहे कर्मी को संदेह हुआ। उसने जब चिता पर रखी महिला के शव को देखा तो उसकी गर्दन पर फंदे का गहरा निशान था। धनंजय यादव से पूछताछ की तो वह हड़बड़ा गया। इसके बाद कर्मचारियों ने पुलिस को संदिग्ध मौत की सूचना दी।

# एल्विश की रेव पार्टी में बदरपुर से लाते थे सांप

● बीन प्रोग्राम और सांपों का खेल करवाते थे, कई बिचौलियों के नाम का पता चला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एल्विश केस में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है। रोज नए-नए खुलासे सामने आ रही हैं। आरोपी राहुल ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह रेव पार्टी में सांप और जहर का इंतजाम करता था। जैसी डिमांड होती थी। उसके अनुसार सपेरे से लेकर ट्रेनर और बाकी चीजें उपलब्ध कराता था। वह इसे दिल्ली के बदरपुर के पास के एक गांव से लाता था।

इसे सपेरों का गढ़ माना जाता है। उसने पुलिस को कुछ अन्य आरोपियों के नाम भी बताए हैं। जो रेव पार्टी में बीन प्रोग्राम और सांपों का खेल करवाते थे। उनमें से कुछ ऐसे भी हैं, जिनका एल्विश और फाजिलपुरिया से कनेक्शन है। पुलिस



उसका पता लगाने में जुटी है। राहुल समेत पांचों आरोपियों की रविवार शाम 54 घंटे की रिमांड पूरी हो गई। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक एल्विश केस से जुड़ी काफी जानकारी उसे मिल चुकी है। वह अब इन सभी लोगों से पूछताछ करेगी। अभी तक राहुल और एल्विश को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ नहीं कराई जा सकी है। जरूरत पड़ने पर राहुल समेत पांचों आरोपियों की भी दोबारा से रिमांड ली जा सकती है।

इसके लिए दो से तीन दिन में कोर्ट में रिमांड के लिए अर्जी देगी। पहले दिन राहुल ने बताया था कि उसने सबसे ज्यादा पार्टी गुरुग्राम में की, जिसके बाद पुलिस उसे गुरुग्राम और दिल्ली के फार्म हाउस लेकर गई। वहां पर पुलिस को कई नए साक्ष्य मिले लेकिन पुलिस ने उसका खुलासा नहीं किया है।

### फाजिलपुरिया को जारी हो सकता है नोटिस

हरियाणवी सिंगर फाजिलपुरिया को भी पुलिस पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर सकती है। क्योंकि एल्विश के साथ उसका वीडियो सामने आ चुका है। राहुल ने अपने बयान में कई बार फाजिलपुरिया का जिक्र भी किया है। राहुल ने पुलिस को बताया कि उसने गुडगांव के फाजिलपुर गांव में पार्टी ऑर्गेनाइज कराई थी। सिंगर फाजिलपुरिया इसी गांव का रहने वाला है। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं। जिनका जवाब पुलिस तलाश रही है। इन सभी सवालों का जवाब केवल फाजिलपुरिया ही दे सकता है। पुलिस को फाजिलपुरिया पर भी शक है। ऐसे में पुलिस नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुला सकती है।

# संक्षिप्त समाचार



नेशनल हाइवे के सर्विस रोड़ को जाम करते आंदोलनकारी महिलाएं।

### पानी को लेकर महिला ने सर्विस रोड पर लगाया जाम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के खोड़ा के स्थानीय निवासी पानी को लेकर पिछले 6 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। मंगलवार को आंदोलन उग्र हो गया। सैकड़ों की संख्या में पुरुष और महिलाएं सड़क पर आ गए और उन्होंने नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सर्विस रोड को जाम कर दिया। खोड़ा नगर पालिका के स्थानीय लोगों का आरोप है की लाखों की आबादी होने के बावजूद उन्हें पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। जो आदमी 5 से 7 लाख रुपए खर्च कर सकता है। वह समरसेबल लगवा लेता है। लेकिन यह भी स्थाई समाधान नहीं है। लोगों का आरोप है कि जब यहां सांसद विधायक सब सत्ताधारी पार्टी के हैं, तो फिर भी उनसे ऐसा सौतेलापन वाला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन इसी को लेकर पिछले 6 दिनों से भूख हड़ताल कर रही है। मंगलवार को अचानक से सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष सड़क पर आ गए। थाली बजाते हुए इन्होंने प्रदर्शन किया और नेशनल हाईवे 9 को खोड़ा से जोड़ने वाली सर्विस रोड को जाम कर दिया। खोड़ा काफी बड़ी नगर पालिका है। यहां लाखों लोग निवास करते हैं। यहां पीने के पानी को लेकर काफी समय से दिक्कत चल रही है।

### परचून की दुकान में फटा सिलेंडर

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 73 सर्फाबाद गांव में सुबह एक परचून की दुकान में गैस रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट की वजह से गांव में अफरा तफरी मच गई सिलेंडर फटने के कारण दुकानदार झुलस गया। गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। सर्फाबाद गांव में परचून की दुकान चलाने वाला जयकरण अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का भी काम करता था। सुबह वह बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भर रहा था इस दौरान गैस लीक हो गई और सिलेंडर ने आग पकड़ ली। जयकरण ने उसे बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाया इस दौरान तेज आवाज के साथ गैस सिलेंडर फट गया। गैस सिलेंडर फटने के कारण जयकरण झुलस गया और दुकान में आग लग गई। विस्फोट की बात सुनकर गांव में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों को हादसे की सूचना दीए मौके पर पहुंची दमकल विभाग की एक गाड़ी ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। घायल जयकरण को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### हत्या की सजा काट रहे वृद्ध कैदी की मौत

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर के लुक्सर स्थित जिला कारागार में हत्या के मामले में 10 वर्ष की सजा काट रहे कैदी की मौत हो गई। जेल में हालत बिगड़ने पर कैदी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। ग्राम खेड़ा थाना देवबंद जिला सहारनपुर निवासी 68 वर्षीय नाथीराम पुत्र स्वर्गीय अतर सिंह हत्या के एक मामले में लुक्सर स्थित जेल में 10 वर्ष की सजा काट रहा था। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2014 में हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में जनपद सहारनपुर के जिला न्यायालय द्वारा उसे 10 वर्ष की सजा सुनाई गई थी। नाथीराम को कुछ दिनों पूर्व लुक्सर जेल में ट्रांसफर किया गया था। नाथीराम पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। बीते 6 नवंबर को तबीयत बिगड़ने पर पहले उसे जेल के अस्पताल ले जाएगा यहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान नाथीराम की मौत हो गई। जेल प्रशासन ने नाथीराम के परिजनों को उसकी मौत की सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


**COSCO (INDIA) LIMITED**

CIN : L25199DL1980PLC010173
Regd. Office : 2/8, Roop Nagar, Delhi-110 007
Website : www.cosco.in Email : mail@cosco.in
Tel. : 91-11-23843000 Fax : 91-11-23846000

**EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2023**

(₹in lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from operations | 4,180.82 | 4,555.49 | 3,853.77 | 8,736.31 | 7,218.12 | 15,318.31 |
| 2 | Net Profit for the period before Tax | 122.83 | 122.58 | 13.63 | 245.41 | 30.08 | 90.50 |
| 3 | Net Profit for the period after tax | 65.83 | 54.33 | 7.24 | 120.16 | 14.02 | 68.05 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 66.58 | 55.08 | 7.24 | 121.66 | 14.02 | 71.04 |
| 5 | **Equity Share Capital** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** |
| 6 | Other Equity | | | | | | 4,239.43 |
| 7 | **Earnings Per Share** (of ₹10 each) | | | | | | |
| (a) | Basic (₹) | 1.58 | 1.31 | 0.17 | 2.89 | 0.34 | 1.64 |
| (b) | Diluted (₹) | 1.58 | 1.31 | 0.17 | 2.89 | 0.34 | 1.64 |

Notes : -

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Websites (www.bseindia.com/corporates) and on the Company's website www.cosco.in.

2 The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on November 14, 2023.

By Order of the Board
For Cosco (India) Limited
Devinder Kumar Jain
Managing Director and CEO
DIN : 00191539

Place : Delhi
Date : 14.11.2023

**हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड**

सीआईएन : L65910DL1980PLC010617
ई-मेल : hindaf1980@gmail.com, वेबसाइट : www.hindaf.in
पंजी. कार्यालय : डीए-8, द्वितीय तल, विकास मार्ग, शकरपुर, नई दिल्ली-110092

**30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2023 | अर्द्ध-वर्ष समाप्त 30.09.2023 | तिमाही समाप्त 30.09.2022 |
|---|---|---|---|---|
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | - | 1.88 | 5.17 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | -1.69 | -9.31 | 1.17 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | -1.69 | -9.31 | 1.17 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | -1.69 | -9.31 | 1.17 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | -1.69 | -9.31 | 1.17 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 35.03 | 35.03 | 35.03 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि 31-03-2023 के अनुसार लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दर्शित है | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन | | | |
| | 1. मूल | -0.05 | -0.27 | 0.03 |
| | 2. तनुकृत | -0.05 | -0.27 | 0.03 |

नोट्स :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाइट www.hindaf.in पर तथा मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.msei.in) पर उपलब्ध है।

2. 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा इसकी 14 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न बैठक में अनुमोदित तथा अभिलेखबद्ध किए गए हैं। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने इन वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण किया है और असंशोधित मत व्यक्त किया है।

वास्ते हिन्दुस्तान ऑटो फाइनैंस लिमिटेड
हस्ता./-
प्रबंध निदेशक
सुभाष सप्रा
डीआईएन : 00241940

तिथि : 14-11-2023
स्थान : नई दिल्ली

# इमारत में आग, महिला की मौत, 25 को बचाया

● कई घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज


घटनास्थल पर पुलिस जायजा लेती पुलिस।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में एक आवासीय इमारत में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए पांच लोग ऊपरी मंजिल से कूद गए। इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इमारत में फंसे 25 लोगों और दो पालतू जानवरों को स्थानीय लोगों व दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना में झुलसी महिला की अस्पताल में मौत हो गई और इमारत की पहली मंजिल से कूदे एक व्यक्ति के पैर की हड्डी टूट गई है। मृतका की पहचान अनीता के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पहले आग इमारत के पार्किंग स्थल में लगी और कुछ ही देर में आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार देर रात करीब एक बजकर पांच मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियों को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया।

दमकल कर्मियों ने आग को सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर काबू किया। उन्होंने बताया कि जब इमारत में आग लगी, उस समय उसमें 31 लोग फंसे हुए थे, जिनमें से पांच लोग स्वयं को बचाने के लिए छज्जों से कूद गए और शेष लोगों को दमलकर्मियों ने इमारत से बाहर निकाला। इस आगलगी में 10 लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल जैसे अस्पतालों और अन्य चिकित्सा सुविधाओं में ले जाया गया और इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। बचाव अभियान के दौरान सिंह को सांस लेने में दिक्कत हुई और उन्हें एक निकटवर्ती अस्पताल तत्काल ले जाया गया।

पुलिस ने इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे शकरपुर के गणेश नगर-2 में एक कार में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस का एक दल मौके पर पहुंचा और जांच से पता चला कि पांच मंजिला इमारत के पार्किंग स्थल और आठ फ्लैट में आग लग गई थी। इन फ्लैट में निकासी और प्रवेश के मार्ग एक ही हैं। आग इमारत के बाईं ओर लगी, जिसमें भूतल पर पार्किंग स्थल और चार फ्लैट हैं। आग पर काबू पाने के लिए कुल 17 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और केंद्रीयकृत दुर्घटना एवं आघात सेवाओं (कैट) की एंबुलेंस, एक बीएसईएस दल, एक अपराध और फोरेंसिक दल को भी सेवा में लगाया गया। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने कहा, एक दमकल कर्मी समेत सभी घायलों को एलबीएस, जीटीबी और हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि भूतल पर पार्किंग स्थल में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग पार्किंग क्षेत्र से शुरू हुई और इसने जल्द ही पहली मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। अत्यधिक गर्मी और धुएं के कारण ऊपर की मंजिलों के निवासियों को दिक्कत हुई। घायल हुए पांच पुरुषों और चार महिलाओं में से एक महिला अनीता की मौत हो गई।

## तीन साल के बच्चे को दूसरी मंजिल से फेंका

● पत्नी-बेटे संग खुद भी कूदा, तीन का आईसीयू में चल रहा है इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शकरपुर इलाके में आग लगने के बाद एक व्यक्ति ने दूसरी मंजिल से अपने तीन साल के बेटे को नीचे फेंक दिया और फिर बड़े बेटे और पत्नी के साथ खुद भी कूद गया। परिवार के सभी चार सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं, इनमें से तीन का आईसीयू में उपचार किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमल तिवारी ने अपने तीन साल के बच्चे को घर के प्रवेश द्वार पर लगी आग से बचाने के लिए कंबल में लपेटा और बालकनी से नीचे फेंक दिया। इसके तुरंत बाद, वह आग से बचने के लिए अपने 12 वर्षीय बेटे और पत्नी प्रियंका के साथ कूद गया। तिवारी के रिश्तेदार संजय गर्ग ने बताया कि घटना के समय परिवार सो रहा था तभी उन्हें फ्लैट के प्रवेश द्वार से धुआं उठता हुआ महसूस हुआ। जब तक उन्हें कुछ समझ आता तब तक इमारत में आग फैल चुकी थी। मकान का प्रवेश द्वार पूरी तरह से आग में घिरा हुआ था इसलिए वे बाहर नहीं निकल सके। गर्ग ने कहा, उनके पास कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने बताया कि प्रियंका ने बाथरूम से पानी लिया और घर में बाकी लोगों पर डाल दिया। आग को फैलने से रोकने के लिए उसने इसे कमरे में चारों ओर भी डाला। उसने आधे घंटे तक ऐसा किया। बाद में उनके बड़े बेटे ने सुझाव दिया कि उन्हें आग में मरने के बजाय बालकनी से कूद जाना चाहिए। चारों में से कमल आखिरी व्यक्ति था जिसने दूसरी मंजिल के फ्लैट से छलांग लगा दी। परिवार को पहले आरएमएल अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन पिता और बच्चों की हालत ठीक नहीं थी, इसलिए हमें उन्हें एक निजी अस्पताल में लाना पड़ा। हालत गंभीर होने पर पिता और दोनों बेटों को कड़कड़डूमा के कैलाश दीपक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राजधानी में अब होंगे 31 फैमिली कोर्ट

● उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने 10 और कोर्ट बनाने को मंजूरी दी




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

फैमिली कोर्ट की संख्या में बढ़ोतरी होने वाली है। उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दस नए फैमिली कोर्ट बनाने की मंजूरी दे दी है। जिसके बाद राजधानी में पारिवारिक कोर्ट कि संख्या 21 से बढ़कर 31 हो जाएगी।

इनके गठन से एक दशक से अधिक समय से लंबित मामलों पर फैसला लेने में मदद मिलेगी। अक्टूबर, 2019 में पहली बार प्रस्ताव लाए जाने के चार साल बाद राजधानी दिल्ली को 10 और फैमिली कोर्ट मिलेंगे। इस मंजूरी के साथ ही इन कोर्ट के प्रमुख के रूप में 10 जजों के पद समेत 71 अन्य पदों का भी सृजन होगा। जिनमें रीडर, स्टेनो, सीनियर पीए, स्टेनो, पीए, अहलमद, जेए, सहायक अहलमद, नायब नजीर, अर्दली और स्टाफ कार ड्राइवर आदि शामिल हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2019 में फुल कोर्ट द्वारा 5-10 वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों को देखते हुए कम से कम 10 और फैमिली कोर्ट की स्थापना की सिफारिश की गई थी, जिसे अब उपराज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। फैमिली कोर्ट, साकेत के प्रधान न्यायाधीश के पास सबसे कम 1321 मामले लंबित हैं, जबकि फैमिली कोर्ट, रोहिणी में सबसे अधिक 3654 मामले लंबित हैं। प्रतिदिन औसतन लगभग 150 मामले फैमिली कोर्ट में पंजीकृत होते हैं और इन कोर्ट में लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारी अन्य विभागों से भिन्न क्षमता पर काम कर रहे हैं।

## एलजी ने 18 डेंटल सर्जनों के नियमितीकरण को दी मंजूरी



*नई दिल्ली।* *उपराज्यपाल ने वर्ष 1998-2004 के दौरान तदर्थ आधार पर विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत 18 डेंटल सर्जनों के नियमितीकरण को मंजूरी दे दी है। डेंटल सर्जनों की कमी को देखते हुए इनके कार्यकाल को समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बाल एवं महिला विकास विभाग में अस्थायी आधार पर सृजित हुए ग्रुप सी के 9 पदों को स्थायी पदों में बदलने को भी मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार द्वारा तदर्थ आधार पर नियुक्त किए गए लोगों की सेवाओं को नियमित करने और कानून के अनुसार स्थायी आधार पर नियुक्तियां करने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने बार-बार कहा है कि अनुबंध के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति से न केवल कर्मचारियों का शोषण होता है, बल्कि इससे पक्षपात और कदाचार को भी बढ़ावा मिलता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने दिल्ली स्वास्थ्य सेवा नियम, 2022 के तहत इन 18 सिविल असिस्टेंट सर्जन (डेंटल) को लेवल 10 पे मैट्रिक्स (एक ग्रुप ए पद) पर 6 मई 2022 से नियमित करने की मांग की है। उपराज्यपाल द्वारा मार्च, 2023 में पदों के नियमितीकरण और संविदा के बजाय नियमित आधार पर नई नियुक्तियों को सुनिश्चित करने के लिए भर्ती नियमों में संशोधन करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद दिल्ली स्वास्थ्य योजना मई 2023 को डीएचएस नियम, 2022 को अधिसूचित किया था। तदनुसार, यूपीएससी ने नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए एक दशक से अधिक समय से तदर्थ आधार पर काम कर रहे इन डेंटल डॉक्टरों की उपयुक्तता का आकलन किया और उन्हें नियमितीकरण के लिए उपयुक्त पाया। इसी तरह उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ, किशोर न्याय अधिनियम, 2005 के कार्यान्वयन के लिए बाल एवं महिला विभाग में कार्यरत 9 स्टेनोग्राफर के पदों को भी स्थायी कर दिया गया है।*

# पटाखे पर बेतुके तर्क दे रही भाजपा: राय

● पर्यावरण मंत्री गोपाल ने कहा- प्रदूषण स्तर में अचानक बढ़ोतरी हुई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेता दीपावली के दौरान पटाखे जलाने के समर्थन में बेतुके तर्क दे रहे हैं।

पटाखे जलाए जाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण स्तर में अचानक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दिल्ली सरकार खतरनाक प्रदूषण स्तर वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त जल छिड़काव और एंटी-स्मॉग गन इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी सरकार पटाखे जलाने पर रोक लगाने में नाकाम रही, लेकिन दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भाजपा नियंत्रित पुलिस दीपावली के दौरान पटाखे जलाने की घटनाओं को रोकने में विफल रही, न कि दिल्ली सरकार। राय ने कहा, पटाखे जलाने को लेकर जब एक भाजपा नेता से सवाल किया गया तो उन्होंने इसके लिए दिल्ली में अप्रयुक्त पर्यावरण उपकर को जिम्मेदार ठहराया। क्या लोगों को पटाखे जलाने के लिए उकसाने की यही वजह है?

## 'हरियाणा और यूपी से डीजल वाहनों का आना जारी'

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि दिल्ली में हरियाणा और उत्तर प्रदेश से प्रतिबंधित डीजल वाहनों का आना जारी है। आनंद ग्रैप चार के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए सोमवार देर रात सिंघु बॉर्डर पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे।

ग्रैप-4 के नियम के तहत बीएस- 3 की पेट्रोल और बीएस-चार डीजल गाड़ियों पर प्रतिबंध है। निरीक्षण में पाया कि हरियाणा से डीजल वाहनों का दिल्ली में प्रवेश निरंतर जारी है। उन्होंने अधिकारियों से सख्ती से पालन करने का कहा।

# आतिशी ने मुख्य सचिव के खिलाफ शिकायत पर रिपोर्ट सौंपी

● बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्यमंत्री को 650 पन्नों को प्राथमिक रिपोर्ट दी



**पायनियर सामाचार सेवा।** नई दिल्ली

सतर्कता मंत्री आतिशी ने बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ शिकायत के संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 650 पन्नों की प्राथमिक रिपोर्ट सौंपी है।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति के रिश्तेदार ने नौकरी पर रखा था, जिसे एक सड़क परियोजना के लिए अधिगृहीत जमीन के लिए बढ़ा हुआ मुआवजा दिया गया था। सूत्र के अनुसार आतिशी ने इस मामले पर 650 पन्नों की रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में 850 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ कमाया गया। यह जमीन 2015 में द्वारका एक्सप्रेसवे के पास केवल 75 लाख रुपए में खरीदी गई थी। मुख्य सचिव की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। केजरीवाल ने आतिशी से शिकायत की जांच करने को कहा था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बामनोली में अधिगृहीत की जा रही 19 एकड़ भूमि का मूल मूल्य इस साल मई में तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट (दक्षिण पश्चिम) हेमंत कुमार द्वारा 41 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

बाद में, इस मामले में गृह मंत्रालय ने हेमंत कुमार को निलंबित कर दिया था। दिल्ली सरकार के मंडलायुक्त अश्विनी कुमार ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि मुख्य सचिव नरेश कुमार पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और गंदी राजनीति का हिस्सा हैं।

# प्रदूषण के चलते हवा-पानी में जहर घुला : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को छठ महापर्व से पहले आईटीओ के यमुना नदी स्थित छठ घाट का दौरा किया। उनके साथ छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष शिवा राम पांडे समेत बड़ी संख्या में मौजूद थे।

यमुना स्थित छठ घाट का दौरा करते हुए अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि दिल्ली की जनता प्रदूषण का डबल कहर झेल रही है, एक तरफ जहां हवा पूरी तरह दूषित हो रही है वहीं सरकार की नकामियों के कारण यमुना का पानी पूरी तरह विषैला हो गया है। विज्ञापन और बजट आंवटन के बावजूद सरकार ने तो राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कोई सकारात्मक योजना बना पाई और न ही यमुना के पानी में घुलते जहर पर कोई नियंत्रण कर पाई है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी और जनता के प्रति बेरुखी के कारण पूर्वांचल श्रद्धालु प्रदूषित पानी में छठ माता की अराधना करने को मजबूर है। इस अवसर पर छठ पूजा समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार पांडे, महासचिव आरके सिंह, गोस्वामी एसके पुरी, पूर्व विधायक नीरज बसौया, जितेन्द्र कुमार कोचर, अमित मलिक, जय करण चौधरी, अनुज आत्रेय, परमिन्दर शर्मा, राजीव शर्मा, अमनदीप सुदान सहित पूर्वांचल के लोग भी मौजूद थे।

# यमुना नदी में झाग से पूर्वांचली निराश : सचदेवा

**छठ पर्व की तैयारी**

● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पर्यावरण मंत्री का जमीनी प्रदर्शन शून्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार प्रदूषण के विरूद्ध काम के मामले में दिल्ली को निराश कर चुकी है और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय एक इवेंट मैनेजर से ज्यादा कुछ नहीं हैं। उनका एकमात्र योगदान यह है कि वह आए दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, नई घोषणा करते हैं लेकिन प्रदूषण के खिलाफ उनका जमीनी प्रदर्शन शून्य है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि आज तक हम वायु प्रदूषण को लेकर चिंतित हैं पर आज यमुना में फैले झागों ने छठ पर्व की तैयारी में लगे दिल्ली में बसे पूर्वांचली प्रवासियों को विचलित किया है।

सचदेवा ने कहा है कि प्रदूषण पर उनकी कारवाई पूछने वाले गोपाल राय से दिल्ली वाले जानना चाहते हैं कि दिल्ली एवं पंजाब ने प्रदूषण के मुख्य कारक पराली पर क्या संयुक्त कार्रवाई की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि एक असफल पर्यावरण मंत्री के रूप में राय की हताशा को देखकर आश्चर्य होता है क्योंकि मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा को प्रदूषण पर चुप रहने के लिए कहा है।

## पंजाब में पराली जलने की घटनाओं से बढ़ा प्रदूषण : बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया है कि राजधानी में प्रदूषण बढ़ने का कारण पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में फिर से बढ़ोतरी होना है। तमाम दावों के बाद भी पंजाब में पराली जलने की घटनाओं में फिर से तेजी आई है। यही नहीं, दिल्ली में कूड़ा आदि खुले में जलाने से पैदा हुई गैसों का भी प्रदूषण में हिस्सा काफी बढ़ गया है। यही वजह है कि दिल्ली में फिर से सांसों का संकट पैदा हो गया है। बिधूड़ी ने कहा कि पंजाब में रविवार को दीवाली के दिन 12 नवंबर को पराली जलाने की कुल 989 घटनाएं रिकॉर्ड हुई थीं। बारिश होने से दिल्ली को राहत की सांस मिली थी लेकिन सोमवार को फिर से पंजाब में पराली जलने की घटनाएं लगभग दुगुनी हो गई। सोमवार 13 नवंबर को पंजाब में 1624 जगह पर पराली जलाई गई। यही वजह है कि दिल्ली के प्रदूषण में पीएम 2.5 का हिस्सा भी रविवार के मुकाबले सोमवार को बहुत ज्यादा हो गया।

# एनडीएमसी ट्यूलिप पौधों को खुद करेगा विकसित

## परिषद ने लोधी गार्डन में अप्रैल 2023 में बनाया देश का पहला ट्यूलिप ग्रोथ कम स्टोरेज चैंबर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नीदरलैंड, स्विटजरलैंड समेत कई देशों में ट्यूलिप गार्डन की खूबसूरती देखने लायक होती है। देसी ट्यूलिप गार्डन की बात करें तो कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के ट्यूलिप भी अब लोकप्रिय हो रहे हैं। आप में कई लोग कश्मीर के ट्यूलिप गार्डन का रुख नहीं कर पाए है, तो अब सर्दियों में राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली इलाके का रुख कर सकते हैं। यहां नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने ट्यूलिप के स्वदेशी कन्दमूलों (बल्बों) के उपयोग को बढ़ावा देने और आयातित कन्दमूलों पर कम निर्भरता के मकसद से ट्यूलिप बल्बों का उत्पादन शुरू कर दिया है। एनडीएमसी ने अप्रैल 2023 में भारत में अपनी तरह की पहली एक इकाई ट्यूलिप ग्रोथ कम स्टोरेज चैंबर लोधी गार्डन में स्थापित किया है जिसमें 2-20 डिग्री सेल्सियस नियंत्रित तापमान में लगभग 50 हजार ताजा ट्यूलिप बल्ब स्टोर करने की क्षमता है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले साल सदियों में एनडीएमसी क्षेत्र में ट्यूलिप बागानों के दौरों के दौरान न केवल आयात लागत को कम करने के मकसद से ट्यूलिप पौधों की स्वदेशी बुआई और उत्पादन सुनिश्चित करने के तरीकों और साधनों की खोज पर जोर दिया था साथ ही उनकी उपलब्धता को बढ़ाना, बल्कि स्थानीय पुष्पकृषि उद्योग को भी बढ़ावा देने को रेखांकित किया था। एलजी की पहल पर एनडीएमसी ने अप्रैल 2023 में भारत में अपनी तरह का पहला ट्यूलिप ग्रोथ कम स्टोरेज चैंबर की स्थापना की है। सीएसआईआर, डीडीए, एनडीएमसी और एमसीडी के अधिकारियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों द्वारा चर्चा के बाद, ट्यूलिप के स्वदेशी कन्दमूलों (बल्बों) के उपयोग को बढ़ावा देने और आयातित कन्दमूलों पर कम निर्भरता के उद्देश्य से भारत में ही ट्यूलिप बल्बों के गुणन, उत्पादन के लिए अनुसंधान और परीक्षण शुरू करने का निर्णय लिया गया।

जिसका मकसद स्वदेशी कन्दमूलों के उपयोग को बढ़ावा देना और इसके बाद हर साल आयातित होने वाले आयातित बल्बों पर निर्भरता को कम करना है।

एनडीएमसी क्षेत्र में भविष्य में उपयोग के लिए परीक्षण के आधार पर ट्यूलिप सहित काटे गए बल्बों के संरक्षण और प्रसार के लिए उचित संरचना बनाने का निर्णय भी लिया गया, क्योंकि क्षेत्र में ट्यूलिप के उत्पादन के लिए स्थितियाँ, तापमान उपयुक्त नहीं हैं।

## लापता लड़के का पता लगाने को एसआईटी गठित करें : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस को वर्ष 2020 में 17 साल की उम्र में लापता हुए एक लड़के का पता लगाने और दो सप्ताह के अंदर उसे बरामद करने के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने लड़के के माता-पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस को लापता लड़के को शीघ्र मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता ने कहा कि नाबालिग बेटा अपने चचेरे भाई और छह अन्य दोस्तों के साथ एक नहर पर गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। एसीपी, डीसीपी, दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालयों के समक्ष कई शिकायतें दर्ज कराई गईं।

# संक्षिप्त समाचार


रोहिणी डायबीटिक सेंटर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मरीजों को मधुमेह से बचाव और इलाज के बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर आर. पी. पाराशर

### मधुमेह से पीड़ित गरीब रोगियों को मुफ्त इंसुलिन: एम्स




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली ने विश्व मधुमेह दिवस के मौके पर मंगलवार से मधुमेह से पीड़ित गरीब मरीजों को मुफ्त में इंसुलिन की शीशियां उपलब्ध कराने का फैसला किया है। एम्स के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने कहा कि एम्स के किसी भी बाह्य रोगी विभाग से इंसुलिन लिखवाने वाले मरीजों को मुफ्त इंसुलिन शीशियां प्रदान की जाएंगी। एम्स ने इसके लिए न्यू राज कुमारी अमृत कौर ओपीडी के सामने अमृत फार्मेसी में दो नए काउंटर खोले हैं। इन काउंटर पर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक इंसुलिन की शीशियां ली जा सकती हैं।

### ट्रांसपोर्टर्स यूनियन का विरोध प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने मंगलवार को बवाना में व्यवसायिक वाहनों पर पार्किंग कर लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले के विरोध में ट्रांसपोर्टरों और औद्योगिक इकाइयों के मालिकों के धरने में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शामिल होकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अगर बवाना में टोल बैरियर लगाने का कदम नहीं उठाया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रांसपोर्टर यूनियन और फैक्ट्री मालिकों, श्रमिकों और ड्राइवरों के साथ मिलकर रोड पार्किंग टैक्स के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

### डीयू कैंपस के आसपास हुक्का बार पर प्रतिबंध की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर के आसपास छात्रों को हुक्का बारों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। डेढ़ा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और छात्रों के कल्याण से संबंधित पांच मांगों को सूचीबद्ध करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए रियायती मेट्रो पास और उनकी यात्रा को सस्ता और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए यू-स्पेशल बस सेवाओं को फिर से शुरू करने की मांग की गई। इसमें छात्रों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय के पूर्वी परिसर की स्थापना की भी मांग की गई।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 15 नवंबर, 2023



# रोज बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर करें काम की शुरुआत : नवीन गोयल

### फिरोज गांधी कॉलोनी-1 में नवीन गोयल ने 36 बिरादरी के बुजुर्गों के साथ मनाई दिवाली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बुजुर्गों को सम्मानित कर आशीर्वाद लेते नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने फिरोज गांधी कालोनी-1 में 36 बिरादरी के बुजुर्गों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया। महिला एवं बाल सुरक्षा फाउंडेशन की ओर से 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। नवीन गोयल ने उनके चरणों में बैठकर आशीर्वाद लिया। दिवाली के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम हरकेश प्रधान की ओर से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक हरकेश प्रधान, कैप्टन जगदीश, आजाद वाल्मीकि, चमन सौदा, महेंद्र, खटाना, बिट्टू सारवान, अमित, महेंद्र सिंह, खेमचंद किराड़, ओमप्रकाश खरेश, रामकिशन किराड़, आजाद वाल्मीकि, बिल्लू भगत, चमन सौदा, मास्टर सुरेश, धुन राम, मदन वालगेहर, राजेंद्र बुज्जा, राजु बुज्जा, ईश्वर सिंह काकराण, बीर सिंह, मंगला, अमित बोहत, ईश्वर सिंह, बले मास्टर, बिन्दु सारवान, ब्रह्म प्रजापति, मेदाराम टांक, सुदेश शर्मा, रविंद्र बालगेहर, ओम परमार, देवा प्रधान, जयभगवान, राहुल, सुभाष खटाना, दौलत शर्मा, सुभाष खटाना, हरिकिशन प्रजापति समेत अनेक लोगों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी रही।

सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए नवीन गोयल ने कहा कि हमें बुजुर्गों के आशीर्वाद और युवाओं के जोश के साथ आगे बढ़ना है। सभी को बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत करनी चाहिए। बड़े दिल से बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के हमें देने के लिए वह अनुभव, आशीर्वाद और ज्ञान रूपी पूंजी होती है, जो बेशकीमत है। उसका कोई मोल नहीं होता। उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नवीन गोयल ने कहा कि सुबह से शाम तक कुछ समय हमें अपने घरों में, आस-पड़ोस में या समाज में कहीं पर भी बुजुर्गों के साथ बिताना चाहिए। उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। आज भले ही हम 21वीं सदी में जी रहे हों, लेकिन बुजुर्गों ने ऐसा दौर देखा है जब सुख-सुविधाएं नहीं थी। साधन नहीं थे। फिर भी उन्होंने अपने पुरुषार्थ से बहुत कुछ जुटाया। हमें अच्छी सुविधाएं देने के लिए जीतोड़ मेहनत की। हमारा आज संवारने के लिए अपना समय बुजुर्गों ने लगाया है। नवीन गोयल ने कहा कि बुजुर्ग उस पुराने पेड़ की तरह होते हैं, जो फल भले ही ही ना दे सके लेकिन गहरी छाया जरूर देता है। खुशकिस्मत होते हैं वे घर जहां पर बुजुर्गों का वास होता है। उन्होंने बुजुर्गों का सम्मान करे हुए कहा कि वे अपने बचे हुए कार्यों को युवाओं का मार्गदर्शन करके पूरे कराएं। युवाओं को अपने जीवन के अनुभवों से सीख दें।

नवीन गोयल ने कहा कि सामाजिक ताना-बाना मजबूत बना रहे, इसके लिए हमें बुजुर्गों का आशीर्वाद, मार्गदर्शन चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्व समाज के बुजुर्ग हमारे लिए सम्माननीय होने चाहिए। हर किसी से एक नया अनुभव हमें मिलेगा, जो जीवन में कभी ना कभी हमारे काम ही आएगी।

# तिरंगा लाइट्स से रोशन होंगी शहर की सड़कें: सुधीर सिंगला

### विधायक सुधीर सिंगला ने किया तिरंगा लाइट्स का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने तिरंगा लाइट्स का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में यह काम झाड़सा चौक पर पूर्ण किया गया है। इसके बाद शहर में तिरंगा लाइट्स लगाई जाएंगी।

इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, सूरज गोयल, अशोक गुप्ता, हरीश वर्मा, भगत कटारिया, वेद नागर, अजय जैन, वीरेंदर कौशिक, आशीष गुप्ता, दिनेश यादव, सुरेंद्र यादव, दलवीर सैनी, एडवोकेट करमवीर यादव, नितिन भारद्वाज, राघव शर्मा, जितु, भूमि शर्मा, दीपक सिंगला समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारी संस्कृति के हर त्योहार हमारे भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शहर में तिरंगा लाइट्स लगाने की जो शुरुआत की गई है, यह अच्छी है। शहर का सौंदर्यकरण भी होगा। रात में लोगों को सहूलियत भी होगी। सर्दियों में कोहरे के बीच राहगिरों के लिए भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के विकास और सौंदर्यकरण के लिए लगातार काम हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदारी नागरिक होने के नाते हमें इस पर भी नजर रखनी चाहिए कि अपने शहर के सौंदर्यकरण को कोई खराब ना करे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम हर तरह से बेहतर रहे, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने हैं। हम अपने शहर को स्वच्छ रखने में सभी नागरिक सहयोग दें।


गुरुग्राम में झाड़सा चौक पर तिरंगा लाइट्स का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल पब्लिक स्कूल वजीरपुर में मनाया दीवाली मिलन समारोह


रॉयल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा बनाई रंगोली का अवलोकन करते विद्यालय के अध्यक्ष व स्टाफ।

**गुरुग्राम।** रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर में दीवाली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जहां छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगी रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। रॉयल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष डॉक्टर विजय सिंह चौहान के अलावा रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉक्टर विजय सिंह चौहान ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्राओं की इस पहल की जमकर सराहना की। रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर आशीष चौहान, ठाकुर राम नारायण सिंह, जन सेवक समिति के सेक्रेटरी राजेश चौहान, करनाल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार यादव एवं लाटा पब्लिक स्कूल गढ़ी हरसरू के डायरेक्टर पारस कुमार लाटा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

### कहां गए पक्के फर्श पर झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाने वाले नेता



**गुरुग्राम।** हरियाणा बने करीब 57 साल हो गए हैं। आज तक हमने साइबर सिटी कहे जाने वाले गुरुग्राम में इतनी गंदगी पहले कभी नहीं देखी। गुरुग्राम में चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है। दीवाली का त्योहार गंदगी के ढेर पर मनाया गया। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कही। शहर में चरमराई सफाई व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने पूछा है कि कहां हैं चुनाव के समय पक्के फर्श पर खड़े होकर झाड़ू के साथ फोटो खिंचवाने वाले नेता। बीते कुछ महीने से सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उसके बाद से ही शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। यह सरकार सफाई कर्मियों की ना तो कोई मांग मान रही है और ना ही कोई सुनवाई कर रही है। सरकार में बैठे नेताओं को गुरुग्राम की सफाई व्यवस्थाओं से जैसे कोई लेना-देना ही नहीं है। हरियाणा प्रदेश का गुरुग्राम एक ऐसा शहर है जहां हर सप्ताह प्रदेश के सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्री यहां के केंद्रीय मंत्रियों का आवागमन रहता है। फिर भी सफाई व्यवस्था का समाधान निकालने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही।

### दिवाली की रात को पति ने महिला को चाकू मारकर किया घायल

**गुरुग्राम।** दिवाली की रात को यहां ओम नगर इलाके में आपसी झगड़े में एक पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत के चलते सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके पति के खिलाफ शिवाजी नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार ओम नगर में रहने वाली सुमित्रा ने शिवाजी नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के बलिया के मूल निवासी अरविंद प्रसाद उनके घर में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किरायेदार के रूप में रहते हैं। दिवाली की रात करीब नौ बजे अरविंद का बेटा उसके पास आया और बताया कि उसके पिता ने उसकी मां रुक्मणी को पीटा है। जब वह रुक्मणी के बेटे के साथ उसके घर पहुंचा तो देखा कि रुक्मणी की गर्दन पर चाकू मारा हुआ था। उसके गले से खून बह रहा था। रुक्मणी का पति अरविंद घटना के बाद फरार हो गया। अन्य किरायेदारों की मदद से रुक्मणी को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से महिला को दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में अरविंद प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। शिवाजी नगर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मधुमेह रोग से बचने के लिए खान-पान में सावधानी ही बड़ा उपचार



**सोहना।** मधुमेह का रोग खाना-पान सही न होने के कारण से होता है। यह रोग धीरे-धीरे शरीर की पूरी ताकत को खत्म कर देता है। इस रोग से बेचने के लिए स्वयं के खाना-पान और दिन चर्या में परिवर्तन लाना होगा। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल में एक कार्यक्रम किया। जिसमें एसएमओ डॉ. इन्द्रजीत सिंह, डॉ. राधा, डॉ. आशीष, डॉ. सुनीता समेत अन्य भी मौजूद थे। सभी डॉक्टरों ने बारी-बारी से मधुमेह रोग की जानकारी मौजूद रोगियों को दी गई। आखिर में डॉक्टर इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि मधुमेह रोग खान-पान में सावधानियां बरतने से नहीं होता है। बाजार में तली हुए पकवान से बचना चाहिए। बंद डिब्बा और पैकिट वाले खाद्य पदार्थो से बचना चाहिए। अपने घर की रसोई में पत्ते व हरी सब्जियों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। एसएमओ ने कहा कि मोटा अनाज का उपयोग खाने में अधिक करना चाहिए। सर्दी के मौसम में मक्का और बाजरे से बनी रोटियां का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। आलू का उपयोग कम करे। नागरिक अस्पताल के एसएमओ सुबह और शाम को पैदल चलना चाहिए। सर्दी का मौसम शुरु हो गया है। जिसमें सुबह और शाम की खुले में घूमना चाहिए। घूमना शरीर के लिए बहुत फायदें मंद होता है। मधुमेह वाला रोगी जितना व्यायाम करता है। उतनी ही वह शरीर के लिए फायदें मंद होता है। मेहनत करने से शरीर का पसीना बाहर निकलता है। जिससे भी मधुमेह का रोग शरीर में पनपता नहीं है।

# डायरेक्ट सेलिंग कंपनी AWPL ने थाईलैंड में मनाया स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**देश** की सबसे तेजी से बढ़ती हुई डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एडब्लूपीअल ने अपना 9वां स्थापना दिवस थाईलैंड में मनाया। कंपनी के 1500 से ज्यादा लोग स्थापना दिवस मनाने थाईलैंड पहुंचे। एडब्लूपीअल के डायरेक्टर संजीव कुमार ने बताया की नौ वर्ष पहले हमने देश से बेरोजगारी और बिमारी मिटाने के संकल्प के साथ इस कंपनी की शुरुआत की थी। आज मुझे खुशी हैं की 9 वर्ष पहले जो पौधा हमने लगाया था वो अब वट वृक्ष का रूप ले चुका है। हैं. आज देश के हजरों परिवार हमसे जुड़कर आत्मनिर्भर बने हैं और हजारों लोगों को हमने अपने प्रोडक्ट से गंभीर बीमारियों से बाहर निकाला है। संजीव ने कहा की नए भारत के निर्माण में डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। आज देश का युवा डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री से जुड़कर अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत कर रहा हैं। डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस इंडस्ट्री में लोगो के बढ़ते भरोसे का प्रतीक हैं।

# हृदय रोग से जूझ रहे समरा नकवी के बच्चे के लिए धन जुटाने का अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**एक** हार्दिक पहल में, नरजिस नकवी ने जन्मजात सायनोटिक हृदय रोग (Congenital Cyanotic Heart Disease) से जूझ रहे समरा नकवी के बच्चे का समर्थन करने के लिए ImpactGuru.com के साथ एक धन जुटाने का अभियान शुरू किया है। टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट और एक अनुपस्थित फुफ्फुसीय वाल्व से पीड़ित शिशु का वर्तमान में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत, नई दिल्ली में इलाज चल रहा है। सात जुलाई को जन्म के बाद से, बच्चे को गंभीर श्वसन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण अपोलो अस्पताल में एक सप्ताह तक भर्ती रहना पड़ा। पांच सितंबर को सांस लेने में तकलीफ बढ़ने के कारण समरा नकवी के बच्चे को मैक्स अस्पताल, साकेत ले जाया गया। उच्च जोखिम वाली ओपन-हार्ट सर्जरी के बाद, शिशु वर्तमान में वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर है, जो लगभग एक महीने तक बढ़ने का अनुमान है।

परिवार पहले ही इलाज पर लगभग सात लाख रुपये खर्च कर चुका है, जिससे उनके संसाधन खत्म हो गए हैं। अभियान के पीछे की प्रेरक शक्ति नरजिस नकवी कहते हैं, वेंटिलेटर अब उन माता-पिता के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने पिछले दो महीनों में अपने बच्चे को बचाने के लिए अपना हर संभव प्रयास किया है। अभियान का लक्ष्य चल रहे चिकित्सा खर्चों, वेंटिलेटर सहायता और बच्चे की रिकवरी के लिए महत्वपूर्ण विशेष देखभाल को कवर करने के लिए 20 लाख रुपये जुटाना है। प्रत्येक योगदान, राशि की परवाह किए बिना, एक जीवन रेखा है जो प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझ रहे परिवार के लिए आशा और राहत का वादा करती है।

अब तक की उदारता का विस्तार महत्वपूर्ण रहा है। शिशु को निरंतर सहायता की तत्काल आवश्यकता है, जो निरंतर योगदान और सामूहिक सद्भावना की शक्ति के महत्व को रेखांकित करता है।

# भारतीय गायिका मेघा भारद्वाज का नया गाना 'मोहब्बत माफ कर ना पायेगी' दिलों को छू रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**संगीत** एक रहस्योद्घाटन है जिसके लिए कोई भी आपको तैयार नहीं करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह आपको आश्चर्यचकित कर देता है; आप यह तय नहीं कर सकते कि संगीत का जादू आपको कब और कैसे पकड़ लेगा, केवल आपको आजाद कर देगा। यह एक धुन, एक स्वर, या एक आवाज़ हो सकती है जो आपके लिए यह काम करती है। भारतीय पार्श्व गायिका और लेखिका मेघा भारद्वाज कई लोगों की आवाज हैं। संगीत से उनका परिचय रेडियो के माध्यम से हुआ, समय-समय पर बेतरतीब गाने, जो हमारे दिलों को चुरा लेते थे। रेडियो ने उन्हें प्रेरित किया, आसपास के सभी लोगों ने उन्हें प्रेरित किया, जब वह 6 साल की थीं, तब तक उन्होंने आकाश वाणी में कविताएं सुनाना शुरू कर दिया था। और जब वह 8 वर्ष की थीं, तब तक उन्होंने भारत विकास परिषद में दर्शकों के एक छोटे से हिस्से को अपनी आवाज से प्यार कर लिया था, जहां वह वंदे मातरम गाती थीं, लेकिन यह सिर्फ एक शुरुआत थी।

संगीत उद्योग, मुंबई, यात्रा जैसे शब्द किसी भी 15 साल के बच्चे को डराना आसान है, लेकिन मेघा को नहीं। वह जानती थी कि वह बड़ी चीजों के लिए बनी है और उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित थी। जीवन में अपना उद्देश्य ढूंढना एक अद्भुत अनुभव है, जब वह 11 साल की थीं, तब उन्होंने भजन गाना शुरू कर दिया था और लगभग उसी समय उन्हें एहसास हुआ कि वह अपनी आवाज़ और अपने संगीत से दुनिया में अपनी पहचान बनाना चाहती थीं।

गोल्डन वॉयस ऑफ राजस्थान की विजेता और इंडियन आइडल सीजन चार की फाइनलिस्ट एक बार शुरू होने के बाद नहीं रुकीं। मेघा का अर्थ है बादल, और बादल की तरह ही, वह इस हद तक आश्रयदाता थी कि जब उसे सही अवसर मिला, तो सफलता और लोकप्रियता की बारिश होने लगी। जब उन्हें उदित नारायण और अनूप जलोटा जैसे भारत के कुछ शीर्ष संगीतकारों के साथ गाने का मौका मिला, तो उन्हें संगीत की दुनिया और इसकी सारी महिमा का बेहतर स्वाद मिला। संगीत सीमाएँ या बाधाएँ नहीं देखता; यह हवा की तरह लज्जित और अजेय होकर यात्रा करता है। संगीत के प्रति मेघा के प्रेम की कभी कोई सीमा नहीं रही। उन्होंने हिंदी गानों से शुरुआत की और जैज़, आर एंड बी और ईडीएम सहित संगीत की हर शैली में आगे बढ़ीं, छह साल की उस बच्ची की तरह अटूट ईमानदारी और जिज्ञासा के साथ, जो कभी आकाश वाणी में कविताएं पढ़कर संतुष्ट रहती थी।

# गाजियाबाद में नई शाखा के साथ स्टार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने एनसीआर के ग्रामीण क्षेत्रों में गृह ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने को उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**एनसीआर** ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित एचएफसी, स्टार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (स्टार एचएफएल) (बीएसई स्क्रिप कोड: 539017) गाजियाबाद, एनसीआर में अपनी नई शाखा का शुभारंभ करने के साथ उत्तर भारत के बाजार में प्रवेश करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है।

स्टार हाउसिंग फाइनेंस के लिए यह विस्तार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह एनसीआर में रहने वाले लोगों को गृह ऋण के बहुग्राही एवं सुलभ समाधान प्रदान करते हुए नए क्षेत्रों तक अपनी पहुंच को बढ़ाता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की विशेष प्रकार की आवश्यकताओं को पूरा करने की अपनी तटस्थ प्रतिबद्धता के साथ, स्टार एच.एफ.एल. का लक्ष्य विशेष तौर पर तैयार किए गए उत्पाद एवं व्यक्तिकृत सेवायें प्रदान करके गांवों के गृह ऋण में अंतर को दूर करना है। बी 12, पहली मंजिल, आरडीसी, विजय सेल्स के पास, गाजियाबाद - 201002 में स्थित गाजियाबाद शाखा एनसीआर के नागरिकों के लिए घर खरीदने का सपना सच करते हुए भविष्य में घर खरीदने वाले लोगों के लिए एक विशेष केंद्र के रूप में कार्य करेगी। यह कंपनी अपने ग्राहकों की बढ़ती हुई संख्या की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभिनवकारी और ग्राहकों पर आधारित अनेक प्रकार के आर्थिक समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्टार एचएफएल के क्षेत्रीय व्यवसाय प्रमुख - एनसीआर जय टेकवानी ने कहा, हमें खुशी हैं कि हम गाजियाबाद, एनसीआर में अपनी पहली शाखा को खोलने के साथ उत्तरी भारत में अपने काम-काज का विस्तार कर कर रहे हैं। स्टार एचएफएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्पेश दवे ने बताया, एनसीआर में अपनी सेवाओं का विस्तार करना संपूर्ण भारत में विकास और वृद्धि में योगदान करने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

# जादूगरियां से 'बिल्लो रानिये' तक : इन त्योहारों पर कबीर फैंस का दिल जीत रहे हैं अपने चुलबुले ट्रैक्स से

पायनियर समाचार सेवा। करनाल




**ब्लेंड** ऑफ ब्वॉय नैक्स्ट डोर लुक्स और आकर्षक स्क्रीन व्यक्तित्व एवं शानदार वोकल रेंज के साथ प्रतिभाशाली कबीर अपने फैंस का दिल जीतने के लिए अपना लेटेस्ट ट्रैक 'बिल्लो रानिये' लेकर आए हैं। अपनी अद्वितीय और आकर्षक आवाज के साथ यह गीत श्रोताओं को एक चुलबुला और प्यारभरा अनुभव प्रदान करता है। 'बिल्लो रानिये' संगीत की एक उत्तम रचना है, जिसमें दो प्रेमियों के बीच का मोहक समीकरण पेश किया गया है, जो श्रोताओं के दिलों में उतर जाएगा। कबीर ने हाल ही में अपना सिंगल 'जादूगरियां' रिलीज किया, जिसे रील्स में फैंस ने बहुत सराहा। यह इंस्टाग्राम पर तेजी से ट्रेंड होने लगा और कबीर के फैंस की संख्या बहुत बढ़ गई। 'जादूगरियां' के बाद 'बिल्लो रानिये' में मानवीय भावनाओं और संबंधों की बारीकियों को पेश किया गया है। इस गीत के बोल में नोंक-झोंक, चुटकुले, और रहस्यों का खुलासा है, जिसके कारण यह प्रेम का सच्चा सार प्रस्तुत करता है। कबीर ने गीत के बोलों में भावनाओं की गहराई जोड़ दी है, जिससे इन त्योहारों पर इस चुलबुले गीत का निर्माण हुआ है। अर्थपूर्ण बोल एवं पंजाबी पॉप के मिश्रण के साथ 'बिल्लो रानिये' पूरी दुनिया के दर्शकों की पसंद के अनुरूप है, इसलिए यह संगीत के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में काफी सफल हो रहा है। इस गीत के बारे में कबीर ने कहा, 'मेरा मानना है कि बिल्लो रानिये प्यार की चुलबुली और मोहक दुनिया का सफर है। इस गीत के बोलों और मधुर धुन के माध्यम से मैंने संगीत के ऐसे अनुभव का निर्माण करने की कोशिश की है, जो श्रोताओं के दिलों में उतर जाए, उनके चेहरों पर मुस्कान ला दे, और उन्हें केवल खुशी प्रदान करे, साथ ही पंजाब की मौलिकता से भी जुड़ा रहे। मुझे उम्मीद है कि श्रोता 'बिल्लो रानिये' के साथ इस खुशनुमा अनुभव का उतना ही आनंद लेंगे, जितना मुझे इसे बनाने में मिला है।'

कबीर का बिल्लो रानिये सुनें : https://SMI.lnk.to/BilloRaaniye

# आनंद का प्रवेश द्वार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**आनंद** हमारी झोली में अपने आप नहीं आ गिरती। जिस प्रकार शारीरिक स्वास्थ्य के लिए प्रयास की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन को भी प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। अप्रशिक्षित मन, आसान मार्ग यानी जो प्रतिरोध रहित हो, उसको चुनने के तत्पर और आदी होता है। यह आसानी से थोड़ी सी असुविधा को भी कष्ट दायक विचारों में बदल देता है। समस्याओं के सामने लोग आसानी से निराश हो जाते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है?

ऐसे प्रश्नों के लिए, स्वामी मुकुंदानंद ज्ञान के कई रत्न साझा करते हैं जिन्हें व्यावहारिक रूप से जीवन के सभी क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है। स्वामी मुकुंदानंद आईआईटी-आईआईएम के एक पूर्व छात्र, राष्ट्रीय बेस्ट सेलिंग लेखक और आध्यात्मिकता, योग और ध्यान के विश्व-प्रसिद्ध शिक्षक हैं। वह JK Yog India के संस्थापक हैं, जो एक धर्मार्थ, स्वयं सेवकों से संचालित, लाभ-निरपेक्ष संगठन है।

स्वामी जी भारत के कई शहरों में हिंदी और अंग्रेजी में प्रवचन देंगें। 17, 18 और 19 नवंबर को गुड़गांव और दिल्ली में लोगों को स्वामी जी से व्यक्तिगत रूप से मिलने का और बातचीत करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस सुनहरे अवसर का नि:शुल्क लाभ उठाएं और स्वामी जी की नवीनतम पुस्तकें क्वेश्चन यू ऑल वेज वांटेड टू आस्क और द आर्ट एंड साइंस ऑफ हैप्पीनेस पर उनके हस्ताक्षर प्राप्त करें।

# पारस घी के नए कैम्पेन 'असली भरोसा असली घी' के साथ मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी ने अपना अटूट विश्वास दिखाया

पायनियर समाचार सेवा। मुरादाबाद




**पारस** डेयरीफूड सेक्टर में छह दशकों से शुद्धता और भरोसे के लिए जाना-माना नाम है। 1960 में कारोबार शुरू किया और तब से ही पारस ने ग्राहकों पर अपना विश्वास बनाये रखा हैं। घर-घर में पारस के ताजा डेयरीप्रोडक्ट दिखते हैं। पारस का 'असली भरोसा असली घी' कैम्पेन ईमानदारी और शुद्धता जैसे मूल्यों पर बल देता है, जबकि अक्सर इन मूल्यों को आज के ज़माने में हम नजरअंदाज कर देते है। पारस घी आपकी पसंदीदा डिश को स्वादिष्ट बनाने के साथ साथ सेहत से भी भरपूर रखता है। इसमें आपकी त्वचा, बालों और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व हैं। यह युवाओं का शक्तिवर्धन और बुजुर्गों का स्वस्थ आयुवर्धन भी करता है। इसीलिए इसे पोषण का पावरहाउस माना गया हैं। 'असली भरोसा असली घी' सिर्फ मार्केटिंग का जरिया नहीं है; यह हर उम्र के लोगों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने का वादा है।

फाइन डाईनिंग के मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी कहते हैं कि वे असली और शुद्ध जैसे अनोखे गुणों को लेकर ही पारस से जुड़े हैं। इन गुणों को लेकर उनका रेस्टोरेंट 'कारीगारी हैं डक्राफ्टेडबिस्ट्रो' पुरस्कृत रहा है। यहां खान-पान के इनोवेशन में उनका जुनून दिखता है। वे खाने में घी की शुद्धता को बहुत अहम समझते हैं इसलिए उन्होंने पारस को चुना, जो ईमानदारी और विश्वास का प्रतीक है। पारस से जुड़ने का अपना अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा, यह कोई आम घी नहीं है, बल्कि असली घी है, जिसका मैं कई वर्षों से उपयोग कर रहा हूं और मेरे डिश में असली स्वाद देने के लिए इसी पर भरोसा करता हूं। यह ब्रांड हर मां की पहली पसंद है। इससे जुड़ना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है।

पारस डेयरी के सीएमओवीपीएस मलिक ने बड़े उत्साह से बताया, शेफहरपाल सिंह सोखी ने पारस को चुना और इस पर भरोसा किया। इसको इसकी बेहद खुशी है। डेयरी की दुनिया में पारस की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के चलते ही मशहूर शेफ सोखी जी ने हमें चुना है। हरपाल सिंह सोखी बहुत गुणी और अनुभवी शेफ हैं। हम उनके साथ मिल कर सभी के खाने को अधिक स्वादिष्ट बनाने की उम्मीद रखते हैं।

# छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा बनेगी कांग्रेस सरकार : मनोज अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ की बेलतरा विधानसभा सीट के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मनोज अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस महासचिव और छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी ने कम से कम 75 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

यह कुमारी सैलजा के अनुभव और चुनावी प्रबंधन का परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ में हर तरफ कांग्रेस की जीत के नारे गूंज रहे हैं। मनोज अग्रवाल ने कहा कि कुमारी सैलजा के निर्देशों के अनुसार उन्होंने बेलतरा विधानसभा सीट पर पार्टी के पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन संवाद कर चुनावी जीत का रोड मैप बनाने का काम किया है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ की एक बूथ स्तर की टीम पिछले एक महीने से बेलतरा विधानसभा में लगातार जनसंपर्क करने का काम कर रही है, जिसकी प्रशंसा खुद कांग्रेस प्रत्याशी अपने चुनावी संबोधन में कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के हुए मतदान के रुझान से कांग्रेस प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। मनोज अग्रवाल ने बताया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े, कुमारी सैलजा एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनसभाओं में उमड़ती भारी भीड़ व अपार जन समर्थन से ये साफ हो चुका है कि कुमारी सैलजा के मार्गदर्शन से एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसका सारा श्रेय कुमारी सैलजा के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। कांग्रेस सरकार द्वारा बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ की जनता के हितों के लिए गए फैसलों से जनता बहुत खुश है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों से यहां का विपक्ष मुद्दा विहीन है। यहां की जनता एक बार फिर छत्तीसगढ़ में पुन: कांग्रेस सरकार बनाने की तैयारी में है और निश्चित ही 75 से अधिक सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजय हासिल कर पुन: छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

## कांग्रेस महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा के साथ रायपुर रवाना हुए मनोज अग्रवाल



कांग्रेस के संगठन की मजबूती और सरकार के जनकल्याण कार्यों का मुकाबला करने में विपक्ष पूरी तरह नाकामयाब है। इस चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनाएं ही कांग्रेस सरकार की ब्रह्मास्त्र हैं। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिये कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही है, जिसके कारण वह जनता से और दूर होती जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़तर गया। पांच उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

# दिवाली पर विस्फोटक धमाके से हाथ के उड़े चिथड़े

## युवक ने पाइप में पोटेशियम भरकर फोड़ा था, दिवाली पर करीब 40 लोग पटाखों से झुलसे



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** स्थित आर्य नगर में लोहे के पाइप में पोटेशियम भरकर फोड़ते समय पाइप के फटने से एक युवक का हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसे बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। युवक के हथेली का पूरा मांस ही विस्फोटक धमाके से फट गया है। हाथ केवल मांस का लोथड़ा भर रह गया।

आर्य नगर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसका बेटा उपेंद्र 17 साल का है। उपेंद्र अपने दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ने के लिए घर से बाहर गया था। उन्हें नहीं पता था कि वह पाइप में पोटेशियम भर कर फोड़ रहा है। पोटेशियम में ब्लास्ट के साथ ही पाइप फट गया और उपेंद्र के हाथ के भी चिथड़े उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही वे उसे तुरंत बादशाह खान सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने अस्पताल में इलाज संभव न होने की बात कह कर उसे किसी बड़े हायर सेंटर में इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद उसे फरीदाबाद के सेक्टर-21 एक निजी अस्पताल में इलाज की भर्ती कराया है। बादशाह खान सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर रितु शर्मा ने बताया कि घायल किशोर का हाथ पाइप में पोटेशियम भरकर फोड़ने के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उसकी सर्जरी होनी तत्काल प्रभाव से जरूरी थी। वह इमरजेंसी में इस समय नहीं हो सकती थी। घायल किशोर को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

वहीं दूसरी तरफ दिवाली पर जिले में करीब 40 लोग पटाखे जलाने के दौरान झुलसे हैं। जिला सीविल अस्पताल में रविवार दोपहर 12 से शाम चार बजे तक मात्र सात झुलसे हुए पहुंचे थे। जिन्हें उपचार देकर घर वापस भेज दिया गया। हर वर्ष प्रतिबंध के बावजूद औद्योगिक जिले में पटाखे चलते हैं और इस दौरान कई लोग गंभीर रूप से झुलस जाते हैं। उन्हें अस्पताल भर्ती भी करना पड़ता है।

इस बार भी पटाखों पर प्रतिबंध था। इसके बाद पिछले वर्षों की तुलना में इस बार सबसे अधिक चले और लोग झुलसे भी हैं। एनआईटी पांच स्थित एक निजी अस्पताल में भी मात्र 10 लोग झुलसे हुए उपचार के लिए पहुंचे। मामूली रूप से झुलसे होने के कारण सभी को उपचार देकर घर भेज दिया गया। किसी को भी भर्ती करने की आवश्यकता नहीं हुई। इस संबंध में प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव ने बताया कि नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी सात झुलसे लोग उपचार के लिए आए थे। उन्हें उपचार देकर घर भेज दिया गया। बल्लभगढ़ की एम्स शाखा में दिवाली के अवसर पर 12 से अधिक मरीज बर्न के आए। जिनको इमरजेंसी में उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया। दो मरीजों को बीके अस्पताल रेफर किया गया। इसके अलावा बल्लभगढ़ में 20 से अधिक छोटे-बड़े निजी अस्पताल में भी बर्न के 20 से अधिक मरीज उपचार के लिए आए। इसमें सबसे ज्यादा मरीज पटाखों की वजह से बर्न हुए पाए गए। जिसमें 15 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे अधिक थे।

# सेक्टर-21 में नहीं हो रहा कूड़े का उठान, लोग परेशान

**फरीदाबाद।** दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय निवासी, दुकानदार, व्यापारी आदि सभी अपने निवास व कार्यस्थल के आसपास साफ सफाई को प्राथमिकता देते हैं। जिससे सकारात्मकता एवं वातावरण में स्वच्छता बनी रहती है एवं लक्ष्मी के आगमन का शुभ संकेत बनता है। लेकिन देखने में आया है कि शहर के पॉश सेक्टर 21-ए में मैत्री ब्लॉक/महिमा लेन के पास कई जगह पर कूड़ा फैले रहने एवं गंदगी रहने से नकारात्मकता बनी हुई है। नगर निगम द्वारा सेक्टर 21-ए के लिए नियुक्त सफाई कर्मियों द्वारा सफाई नहीं की जा रही है। ईको ग्रीन कंपनी द्वारा भी लापरवाही बरती जा रही है। पदाधिकारियों की उदासीनता से भी निवासियों में रोष व्याप्त है। युगल किशोर शर्मा ने कहा कि जहां गंदगी बनी रहती है, वहां नकारात्मकता दिखती है। इसलिए संबंधित पक्षों से उम्मीद की जाती है कि वह अपने कर्तव्यों से मुंह न मोड़ें।



# स्वस्थ जीवनशैली के लिए आयुर्वेद अपने अपनाना चाहिए : दीपक मंगला



## चिकित्सीय परामर्श देकर 196 लोगों को वितरित की दवा

**पलवल।** जवाहर नगर कैंप स्थित पंजाबी धर्मशाला में जिला में आठवां राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। आठवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का थीम हर दिन-हर किसी के लिए आयुर्वेद रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दीपक मंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर भगवान धनवंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके किया। विधायक ने कहा कि सभी लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए आयुर्वेद व योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। आज के व्यस्त, भागदौड़ व तनाव भरे जीवन में यह सभी के लिए लाभकारी है। कोरोना काल में आयुर्वेद का प्रयोग सभी के लिए वरदान साबित हुआ है। विश्वभर के लोग मोटे अनाज एवं जैविक कृषि उत्पादों को अपनी जीवनशैली में शामिल कर रहे हैं।

योग सहायिका वर्षा, नेहा ने धनवंतरि वंदना की। डॉ. रविंदर, डॉ. प्रशांत वशिष्ठ, योगाचार्य डॉ. रामजीत, डॉ. गुलफाम, डॉ. वंदना, डॉ. सुमाइला, डॉ. सुनील सवाना ने चिकित्सीय परामर्श दिया। योग सहायक राहुल, वीना, वर्षा, सुखवीर ने योग प्रदर्शित किया। डॉ. सतीश शर्मा ने आयुर्वेदिक दिनचर्या एवं आयुर्वेद दिवस पर अपने व्याख्यान दिए। डॉ. आशु ने औषधि का प्रदर्शन किया। डॉ. रुचि दूबे ने प्राकृतिक आहार विहार में मौसमी फल, सब्जियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कुलदीप प्रसाद ने किया। कैंप में 196 लोगों को दवा वितरण की गई। कृष्ण कुमार, रविशंकर, आसिफ अली, अकबर अली, विनोद, ओमपाल ने दवा वितरण में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में पार्षद संजय छाबड़ा, सुनील कुमार बांगा, ओपी गाबा, सचिन वर्मा, संयोजक डॉ. सतीश कुमार शर्मा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. प्रवीण गोयल, डॉ. प्रवेश अग्रवाल, डॉ. उर्वशी, डीपीएम डॉ. प्रियंका उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर नाबालिग से किया दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**घर** में घुस कर सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान नाबालिगा ने शोर मचाया तो परिवार वालों ने आरोपी को पकड़ लिया।

आरोपी की पहचान आयुर खान के रूप में हुई है। वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद गौरक्षा दल बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे। जहां पर उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बिट्टू बजरंगी ने बताया कि आरोपी रात में नाबालिग लड़की के घर में घुसा। नाबालिग लड़की को डरा धमका कर उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। लड़की के शोर मचाने पर उसके साथ सो रही उसकी बहन जाग गई। जिसने शोर मचा दिया। जिसके बाद उसके माता पिता जाग गए और आरोपी युवक आयुर को पकड़ लिया।

इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है। मेडिकल की रिपोर्ट आने के बाद आरोपी युवक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब से मौत मामले में जिम्मेदार अनिल विज तुरंत दें इस्तीफा : भड़ाना

## धर्मवीर भड़ाना ने कहा आप पार्टी दिखाती रहेगी आइना



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के यमुनानगर और अंबाला में जहरीली शराब पीने से मृतकों की संख्या 24 हो गई है। इसके बाद से विपक्ष लगातार भाजपा-जेजेपी सरकार पर हमला कर रहा है। आम आदमी पार्टी लगातार हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज का इस्तीफा मांग रही है। फरीदाबाद में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि सत्ताधारी नेताओं की मिलीभगत से ही हरियाणा में नकली शराब का खेल चल रहा है, इसलिए, गृहमंत्री अनिल विज को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अनिल विज खुद को गब्बर कहते हैं, लेकिन काम गोबर का करते हैं। उनका नाम गब्बर सिंह नहीं, गोबर सिंह होना चाहिए। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान पिछले साल 2022 में सोनीपत में 31 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद भी शराब माफिया पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई और उसका नतीजा है कि यमुनानगर में 24 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों की मिली भगत के कारण पूरे हरियाणा में नकली शराब का खेल चल रहा है। मोटा पैसा कमाने के लिए भाजपा नेता जहर बेचने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिले में भी हाल में मिलावटी शराब का मामला पूरे देश में सुर्खियों में आया था। फरीदाबाद के शराब माफिया 600 की शराब 6000 की बोतल में भरकर बेचते थे और यहां भी सत्ताधारियों का इन पर हाथ था। कोई अधिकारी अगर इन शराब माफिया पर हाथ डालता है तो भाजपा और जेजेपी के नेता उसका तबादला करवा देते हैं। सत्ताधारी फरीदाबाद में भी तमाम लोगों की मौत का इंतजार कर रहे हैं। फरीदाबाद में भी सोनीपत और यमुनानगर, अंबाला की तरह बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अनिल विज ने जल्द इस्तीफा नहीं दिया तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरेगी। इस मौके पर जिला सचिव मेहरचंद हरसाना ने कहा कि कोरोना काल में हरियाणा में शराब घोटाला हुआ, लेकिन भाजपा नेताओं ने सभी घोटालेबाजों को बचा लिया। आम आदमी पार्टी अब भाजपा नेताओं को आइना दिखाती रहेगी।

# पार्क में लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं होंगी उपलब्ध : मूलचंद शर्मा

## मंत्री ने सरदार गुरनाम सिंह मेमोरियल पार्क का किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वर्गीय** श्री गुरनाम सिंह जुनेजा के जन्मदिवस पर उनकी याद में सेक्टर-24 के सामने पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन करने केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा पहुंचे। इस कार्यक्रम का आयोजन जुनेजा फाउंडेशन की ओर से किया गया था।

सरदार गुरनाम सिंह मेमोरियल पार्क के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन उनकी माता सरदारनी मोहन कौर द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस मौके पर स्वर्गीय गुरनाम सिंह जुनेजा की पत्नी रोबिंदर कौर, बेटा इशप्रीत सिंह जुनेजा, माता सरदारनी मोहन कौर, छोटे भाई ब्राइट स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी अजय जुनेजा, उनकी पत्नी ज्योति जुनेजा, बेटे जसप्रीत सिंह जुनेजा इस उद्घाटन अवसर पर पहुंचे। उन्होंने मूलचंद शर्मा का स्वागत किया और सेक्टर-24 इंडस्ट्रियल टाउन के पास करीब पांच एकड़ में बने पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर अजय जुनेजा ने उपस्थित गणमान्य लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि उनके बड़े भाई स्वर्गीय श्री गुरनाम सिंह जुनेजा का जन्मदिवस है। गुरनाम सिंह फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ग्रीन फरीदाबाद-क्लीन फरीदाबाद विंग के चेयरमैन थे और उन्हें पर्यावरण से काफी लगाव था। उनकी याद में इस पांच एकड़ में फैले पार्क को जुनेजा फाउंडेशन की ओर से गोद लिया जा रहा है और इसके रख-रखाव का सारा काम जुनेजा फाउंडेशन देखेगी। अजय जोनेजा ने बताया कि फरीदाबाद नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास को पत्र लिखकर इस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए निवेदन किया गया था, जिसे उन्होंने मान लिया है। वहीं अभी जुनेजा फाउंडेशन की ओर से इस पार्क की चारदीवारी का काम पूरा हो चुका है। वहीं खुदाई का काम शुरू हो चुका है। अब इसमें पौधे, घास, बैठने के बेंच, फुटपाथ बनाने और फाउंटेन लगाने का काम बाकी है। पार्क बनने के बाद जुनेजा फाउंडेशन की ओर से इसकी देखभाल की जाएगी।

इस मौके पर केबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय गुरनाम सिंह जुनेजा उनके क्लास मेट थे और उनके घनिष्ठ मित्रों में आते थे। हम सभी आज उनको बड़ा ही मिस करते है। हम सभी उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। जुनेजा परिवार ने इस पार्क के सौंदर्यीकरण की जो जिम्मेदारी ली है, वह काफी सराहनीय कदम है। पार्क बनने के बाद और इसके रखरखाव होने से पार्क खुबसूरत बना रहेगा। वहीं आसपास की कई कंपनियों के कर्मचारियों और स्टाफ के लोगों को बैठने और घूमने के लिए एक आरामदायक स्थान मिलेगा और पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा। मूलचंद शर्मा ने कहा की पार्क में खुदाई का काम शुरू हो चुका है और बाकी काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। पार्क के उद्घाटन अवसर पर विक्टोरा ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी एचएस बांगा, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान राज भाटिया, हरियाणा राज्य उत्पादकता परिषद के प्रेजिडेंट एचएल भूटानी, फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव दीपक प्रसाद, ऋषि अग्रवाल, सेक्टर-15 गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की प्रधान सरदारनी राणा कौर भट्टी, अर्जित सिंह चावला, जेबी सिंह, इंद्रजीत सिंह, शिवराज दलाल, विष्णु गोयल, बीके गुप्ता सहित काफी संख्या में उद्योगपति और सामजसेवी उपस्थित रहे।

# सीओपीडी फेफड़ों की गंभीर बीमारी, बचाव के लिए सावधानी जरूरी

## विश्व सीओपीडी दिवस दिवस पर डॉक्टर ने किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मैरिंगो** एशिया अस्पताल फरीदाबाद से पल्मोनोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी डॉ. विद्या नायर ने विश्व सीओपीडी दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज फेफड़ों का एक ऐसा रोग है, जिसमें फेफड़ों की सांस की नलियों में सूजन, रूकावट आने लगती है और फेफड़ों की कोशिकाओं में खराबी आ जाती है।

धूम्रपान व प्रदूषण सीओपीडी रोग का सबसे बड़े कारण हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में जिन घरों में आज भी चूल्हे पर लकड़ी जलाकर खाना पकाया जाता है, वहां की ज्यादातर महिलाएं सीओपीडी की शिकार हो सकती हैं। मौसम में बदलाव और बढ़ते प्रदूषण के कारण वायु में पार्टिकुलेट मैटर काफी बढ़ जाता है, जिससे वायु की गुणवत्ता बहुत कम हो जाती है और प्रदूषित गैस जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है, जो सांस की नली के लिए बहुत ज्यादा खराब होता है। इससे सांस की नली के अंदर सूजन ज्यादा आती है, बलगम ज्यादा बनती है और ज्यादा रूकावट आती है। जिसकी वजह से पहले से सांस के रोगी या जिनके फेफड़े कमजोर होते हैं, उनमें सांस का अटैक आ जाता है। फिर मरीजों की दवाइयां और बढ़ानी पड़ती हैं। कोरोना से ठीक हुए सीओपीडी के मरीजों के फेफड़ों की कार्यक्षमता कुछ समय तक थोड़ी कमजोर होती है, जिसके कारण ऐसे मरीजों के फेफड़ों पर ज्यादा दबाव होता है। इस कारण ऐसे मरीजों को सर्दी और प्रदूषण की वजह से ज्यादा परेशानी हो सकती है। सीओपीडी के गंभीर मरीजों में ऑक्सीजन की कमी होती है, जिससे उन्हें सर्दी और प्रदूषण से और ज्यादा खतरा हो सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## जरूरतमंदों की रक्षा का दिवस है गोवर्धन पूजा : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम एवं श्री लक्ष्मी नारायण दिव्य धाम में गोवर्धन पूजा सविधि संपन्न हुई। इस अवसर पर जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने भगवान के गोवर्धन स्वरूप का पूजन किया। जहां गौधन से विशाल गोवर्धन भगवान बनाये गए। स्वामीजी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोपजनों की रक्षा की। इस लीला से हमें जरूरतमंदों की रक्षा का संदेश भी प्राप्त होता है। हमें अपनी क्षमता के अनुसार सेवा अवश्य ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की हर लीला हमारे लिए संदेश है। हमें भगवान की लीलाओं को कहानी के रूप में न लेकर जीवन उद्देश्यों के निर्माण के रूप में स्वीकार करना चाहिए। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने सभी से गोधन की रक्षा करने और जीवन में गोव्यों के प्रयोग की बात भी कही। इस अवसर पर गुरुजी ने सभी को आशीर्वाद एवं प्रसाद प्रदान किया। सभी ने भगवान के स्वरूप की परिक्रमा लगाई और सुख समृद्धि की कामना की।

## सराय ख्वाजा जेआरसी और ब्रिगेड ने मनाया गोवर्धन पर्व



**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में गोवर्धन पूजा पर्व मनाया। विद्यालय की सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि दीपावली के पश्चात गोवर्धन पूजा की जाती है। इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार का भारतीय लोकजीवन में बहुत महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध दिखाई देता है। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है, जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती है, उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में अनाज उगाता है। गौ संपूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोवर्धन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा के संबंध में एक लोकगाथा प्रचलित है। कथा यह है कि देवराज इंद्र को अभिमान हो गया था। भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि हमें तो गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए, क्योंकि हमारी गाएं वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोवर्धन पर्वत ही पूजनीय है और इंद्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अत: ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रंगोली भी सजाई तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए गोवर्धन पूजा पर्व पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदिन का आज अंतिम दिन



**फरीदाबाद।** डीसी नेहा सिंह ने बताया कि गांव रसूलपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए, कक्षा नौवीं व 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि सात नवंबर से अब बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी गई है। प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 10 फरवरी 2024 को किया जाएगा। जिला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान जिला में स्थित सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से अध्ययनार्थ होना चाहिए। कक्षा नौवीं में एडमिशन के लिए विद्यार्थी कक्षा आठ में तथा कक्षा 11वीं में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी कक्षा 10वीं में अध्ययन कर रहे हों। कक्षा नौवीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक जून 2007 से 31 जुलाई 2009 के मध्य होना जरूरी है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## इधर बिजली की कमी, उधर दिन जलती हैं मरकरी लाइट



**फरीदाबाद।** बिजली की कमी के चलते अक्सर बिजली कट लगता रहता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री भी आम जनता से बिजली की बचत करने का अक्सर आह्वान करते रहते हैं, लेकिन बिजली व नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों की वजह से बिजली का दुरुपयोग हो रहा है। कहीं रात के अंधेरे में स्ट्रीट लाइट जलती नहीं है तो कहीं दिन के उजाले में भी स्ट्रीट लाइट जलती रहती हैं। कई जगह तो देखा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर चौराहे पर व मार्केट में जो एक लंबे पोल पर 5-6 बड़ी मरकरी हाई वोल्टेज लाइट लगी रहती हैं, वे पूरे दिन जलती रहती हैं। प्रमुख समाजसेवी व मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कहा है कि सेक्टर-7 हुडा मार्केट पोस्ट ऑफिस के सामने, सेक्टर 7-10 की मार्केट, सूर पार्क, सेक्टर-11 की मार्केट में लगी मरकरी हाई वोल्टेज लाइटें अक्सर दिन में जलती रहती हैं। वे कई बार जलती हुई इन लाइटों का वीडियो फोटो बनाकर नगर निगम व बिजली विभाग के अधिकारियों को भेज चुके हैं, लेकिन कोई भी उचित कार्रवाई नहीं होती है। आज जब दोपहर वे सेक्टर-7 पोस्ट ऑफिस गए, तब भी छह मरकरी लाइटें जल रही थीं। जिनका वीडियो बनाकर उन्होंने मंडल कमिश्नर, नगर निगम आयुक्त, उपायुक्त फरीदाबाद को उनके मेल पर भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है। कैलाश शर्मा ने आम जनता से भी अपील की है कि उनको दिन में जब भी सार्वजनिक स्ट्रीट लाइटें जलती दिखाई दें तो उनको बंद कराने की कोशिश करें।

## दिवाली व प्रकृति व शहीदों के नाम जलाए दीप



**पलवल।** दीपोत्सव दीपावली पर्व पर एक दीया अमर जवान बलिदानियों के नाम एवं एक दीया प्रकृति के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा मास्टर मानिकचंद व मास्टर थानसिंह की अध्यक्षता में शहीदों तथा प्रकृति के नाम दिए जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदानियों को शहीद स्मारक पर पुष्पार्पण व दीपक जलाकर नमन किया, तत्पश्चात ताऊ देवीलाल पार्क में प्रकृति के नाम एक दीपक कार्यक्रम किया गया। संस्था संयोजक डॉ. ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने लोगों को जागरूक किया।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 15 नवंबर, 2023



# प्रदूषण में वृद्धि

## आतिशबाजी का असर

**दीपावली के बाद** दिल्ली-एनसीआर में स्मोग वापस लौट आया है, जबकि पहले बरसात से इसमें भारी कमी आई थी। इसका कारण अवैध रूप से की जाने वाली आतिशबाजी है। साल-दर-साल यही कहानी दुहराई जाती है। हालांकि, दीपावली के त्योहार पर जोश और आनन्द पूरी तरह समझ में आने वाला और स्वीकार्य है, पर इसके कारण 'सांसों पर संकट' की काली छाया खासकर दिल्ली-एनसीआर व हिंदी पट्टी में मंडराने लगती है। राजधानी क्षेत्र परंपरागत रूप से की जाने वाली आतिशबाजी के कारण वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर का सामना कर रहा है। यह परंपरा गहराई से दीपावली आयोजनों के साथ जुड़ गई है, पर इसके कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। त्योहार के अगले दिन सवेरे दिल्ली में स्मोग की मोटी पर्त दिखाई पड़ी और वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई अनेक क्षेत्रों में आश्चर्यजनक रूप से बहुत उच्च स्तर तक पहुंच गया। सोमवार को शहर का एक्यूआई असाधारण रूप से 434 पहुंच गया। वायु गुणवत्ता का मापन करने वाले विशेषज्ञ स्विस समूह 'आईक्यू एयर' के अनुसार इससे दिल्ली दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर बन गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इतने प्रदूषण का असर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके कारण श्वसन समस्यायें, एलर्जी व अन्य स्वास्थ्य समस्यायें बढ़ रही हैं। दीपावली उत्सव मनाने का समय है, पर अब हमें सामूहिक रूप से सोचना होगा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व पर्यावरण पर आतिशबाजी का कितना दुष्प्रभाव पड़ सकता है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकारण ने 2020 में एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखों के भंडारण, बिक्री व प्रयोग पर प्रतिबंध लगा



दिया था, पर यह प्रतिबंध विरले ही काम करता है। लोगों को विकल्प चाहिए, इसलिए 'हरित पटाखों' को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि परंपरागत पटाखों की तुलना में वे कम प्रदूषणकारी कच्चे माल का प्रयोग करते हैं। उनसे पार्टीकुलेट मैटर-पीएम उत्सर्जन कम होता है तथा वे 30 प्रतिशत कम आवाज करते हैं। 'हरित पटाखों' को सीएसआईआर- राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग शोध संस्थान ने प्रमाणित किया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि दीपावली त्योहार मनाने के मामले में हमें अपने वर्तमान व्यवहार में परिवर्तन की जरूरत है। इस संबंध में संभवत: महाराष्ट्र या पश्चिम बंगाल ने हमारे सामने उदाहरण पेश किए हैं। वहां गणेश चतुर्थी व दुर्गा पूजा जैसे त्योहार पर्यावरण-हितैषी तरीके से मनाए जाने लगे हैं। वहां मूर्तियां बनाने में आर्गेनिक रंगों व मिट्टी का प्रयोग शुरू हुआ है तथा उनको विसर्जित करने के लिए विशेष तालाब बनाए जाते हैं ताकि पर्यावरण प्रदूषित न हो। उल्लेखनीय रूप से बीजों वाली एक गणेश मूर्ति विकसित की गई है जिसे बीज के रूप में लगाने पर भगवान गणेश थोड़े ही समय में एक पौधे के रूप में हमारे सामने प्रकट हो जाते हैं। दिल्ली को भी ऐसे खोजी उपाय करने की आवश्यकता है। दिल्ली में वायु की गुणवत्ता में हालिया गिरावट को देखते हुए हमें आतिशबाजी के प्रयोग पर पुनर्विचार करना चाहिए। अपनी परंपराओं को बनाए रखते हुए हम टिकाऊ व पर्यावरण-हितैषी तरीकों से त्योहार मना सकते हैं। आकर्षक ढंग से प्रकाश करने व सांस्कृतिक आयोजनों के साथ दीपावली मनाने के अनेक नए तरीके विकसित हो सकते हैं जिनसे पर्यावरण नुकसान का कोई खतरा न हो। पटाखों पर प्रतिबंध को धार्मिक स्वतंत्रता पर हमले की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। इस संबंध में नौकरशाही आदेशों के बजाय जनता से व्यापकतम स्तर पर विचार-विमर्श करने तथा जन-जागरूकता की आवश्यकता है।

# ड्रोनों की शक्ति का उपयोग

भारत ड्रोन तकनीक में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए विनिर्माण ढांचे तथा सहायक इकोसिस्टम बनाने में इनकी उपयोगिता खोज रहा है।

**साई पट्टाभिराम**
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)





खोज एवं उद्योग के सम्मिश्रण में ड्रोन ने प्रमुख भूमिका निभानी शुरू कर दी है। इससे भारत में तकनीकी शक्ति व विनिर्माण क्षमता में नए युग की शुरुआत हो रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' आत्मनिर्भरता की दिशा में दूरगामी पहल है। इसमें ड्रोन उद्योग महत्वपूर्ण सहयोगी है जो वैश्विक विनिर्माण नेतृत्व की दिशा में परिवर्तनकारी यात्रा का आधार बन रहा है। इस लेख में ड्रोनों तथा भारत के विनिर्माण क्षेत्र के संबंधों को रेखांकित करते हुए यह बताने का प्रयास किया गया है कि ये हवाई खोजी न केवल सुविधाजनक, बल्कि रणनीतिक महत्व वाले हैं। इससे भारत नये युग की उभरती तकनीकों में वैश्विक विनिर्माण केन्द्र के नए युग में प्रवेश कर रहा है। ड्रोन तकनीकों में आत्म-निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण रणनीतिक आवश्यकता है जिसकी शक्ति हालिया रूस-यूक्रेन तथा इज़राइल-हमास युद्धों में दिखाई पड़ी है।

भारत के ड्रोन उद्योग में परिवर्तन रणनीतिक खोज एवं तकनीकी दूरदर्शिता में एक विमर्श है। सैनिक लाभों के साथ ही ड्रोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना महत्व प्रदर्शित किया है। इनमें सटीक खेती तथा लाजिस्टिक्स व आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण ढांचागत निगरानी शामिल हैं। इसकी बहुआयामी उपयोगिता ने एक विनिर्माण क्रांति का सृजन किया है जिसमें सटीक क्रियान्वयन तथा खोज शामिल हैं। ड्रोन उद्योग में भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाने की क्षमता मौजूद है क्योंकि इससे हालिया समय में पैदा भू-राजनीतिक विभाजनों और परिवर्तनों का लाभ उठाया जा सकता है। नाटो-रूसी विभाजन के दोनों पक्षों में मौजूद विभिन्न देशों की भारत के साथ एकजुटता से भारत वैश्विक दक्षिण में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। चीन के अलावा भारत क पास इस समय बहुत बड़ा अवसर है कि वह ड्रोनों तथा अन्य पांचवीं पीढ़ी की तकनीकों में वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बन सकता है।

भारत का विनिर्माण क्षेत्र महत्वपूर्ण परिवर्तनों के मोड़ पर है जिसमें खोज केन्द्रीय शक्तिशाली भूमिका निभा रही है। एडवांस मदरबोर्ड व कंप्यूटिंग ढांचों का निर्माण पांचवीं-पीढ़ी के उपकरणों के लिए न केवल तकनीकी, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। इसके लिए डिजाइनों में विश्वास न केवल सुंदरता के दृष्टिकोण से, बल्कि कार्यशीलता तथा बिना किसी गड़बड़ी के शानदार कामकाज के लिए भी महत्वपूर्ण है। तकनीक के इस 'एंड टु एंड' नियंत्रण में अवधारणा से डिलीवरी तक उत्पाद की उत्कृष्टता और उसकी विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। गेम-चेंजिंग कंप्यूटिंग ढांचे में आत्मनिर्भरता के लिए 'रियल टाइम' कंप्यूटिंग पर समानान्तर नियंत्रण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे भविष्य के लिए तैयार उपकरणों के विकास का जीवन्त आधार तैयार होता है। कंप्यूटिंग ढांचे के लिए यह खोजी दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि भारत का ड्रोन उद्योग न केवल वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ तालमेल बनाए रखेगा, बल्कि यह तकनीकी उत्कृष्टता में नए मानक भी स्थापित करेगा। वैश्विक ड्रोन विनिर्माण केन्द्र के रूप में उभरने की देश की महत्वाकांक्षा को देखते हुए कठोरतक गुणवत्ता मानकों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रक्रिया मानकों तथा स्वचालित उद्योग मानकों पर दृढ़ता से अमल करते हुए विश्वसनीयता, सुरक्षा एवं प्रभावशीलता के प्रति प्रतिबद्धता बहुत जरूरी है। गुणवत्ता के प्रति यह अडिग प्रतिबद्धता न केवल ड्रोनों के प्रदर्शन को आगे बढ़ाती है, बल्कि विश्व मंच पर भारतीय विनिर्माण उद्योग का सम्मान भी मजबूत करती है। अंतरराष्ट्रीय मानकों, जैसे एएस91000डी एयरोस्पेस प्रोसेस मानकों तथा वेहिकिल ट्रैकिंग व लोकेटिंग उपकरणों के कठोर एआईएस 140 मानकों के प्रति प्रतिबद्धता गुणवत्ता व सुरक्षा के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता प्रकट करती है। ये मानक न केवल नियामक जांच से संबंधित हैं, बल्कि इनका संबंध रणनीतिक निवेशों से भी है जिनके आधार पर दृढ़ व प्रतियोगी विनिर्माण क्षेत्र को तैयार किया जा सकता है।

'आत्मनिर्भर भारत' केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक नीति है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर सशक्तीकरण तथा औद्योगिक आत्मनिर्भरता है। ड्रोन उद्योग में खोज एवं विकास की अग्रणी शक्ति बनने की क्षमता मौजूद है जो इस दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है। खोज एवं विकास के लिए पोषक इकोसिस्टम को मजबूत कर भारत एक दृढ़ व आत्मनिर्भर औद्योगिक भविष्य की नीव रख रहा है। यह स्थानीय विनिर्माण क्रांति एक रणनीतिक कदम है। इसके अंतर्गत खोज का विकेन्द्रीकरण कर इसे जमीनी स्तर के निकट लाया जाता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि तकनीकी प्रगति के लाभ व्यापक व समावेशी हों। भारत सरकार ने अपनी दूरदर्शिता के चलते ड्रोनों की परिवर्तनकारी भूमिका की पहचान की है। इनमें वह शक्ति है जिसके क्रियान्वयन से जीवन्त पहलों व सहायक व्यवस्थाओं का सृजन किया जा सकता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत 'टिफैक-सिड्बी सृजन फंड' व 'मोड्स आईडेक्स ग्रांट' ने सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित की है कि वह ड्रोन उद्योग को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है। इन पहलों से महत्वपूर्ण फंडिंग व सहायता, खोज को उत्प्रेरित करने तथा इस क्षेत्र में विनिर्माण श्रेष्ठता को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है। खोज के क्षेत्र में 'बौद्धिक संपदा' का संरक्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे न केवल खोज की संस्कृति विकसित होती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि भारत ड्रोन तकनीक में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

भारत सरकार ने इस दिशा में अनेक उल्लेखनीय पहलें की हैं। 'मेड इन इंडिया' पहल में 'पेटेंट' के प्रयोग तथा ड्रोनों में कृत्रिम बुद्धि या आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई तकनीक के प्रयोग की अनुमति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत सरकार ड्रोनों के क्षेत्र में दूरगामी दृष्टिकोण व पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

वर्तमान समय में भारत में हर क्षेत्र में ड्रोनों का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है, खासकर कृषि क्षेत्र में ड्रोनों का प्रयोग न केवल किसानों में लोकप्रिय हो रहा है, बल्कि इसके उपयोग से कृषि क्षेत्र में आमूल परिवर्तन आ सकता है। इसके साथ ही विभिन्न विनिर्माण व निर्माण परियोजनाओं की केन्द्रीय निगरानी तथा आपदा प्रबंधन में ड्रोन तकनीक ने अपनी उपयोगिता एवं श्रेष्ठता सिद्ध कर दी है। भारत में ड्रोन उद्योग आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और वह देश की विनिर्माण क्षमतायें बढ़ाने में परिवर्तनकारी भूमिका अदा कर सकता है। खोज को विनिर्माण के ढांचे में समाहित करने से गुणवत्ता के उच्चतम मानक सुनिश्चित किए जा सकते हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था के विकास के लिए एक सहायक इकोसिस्टम बनाया जा सकता है। भारत ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकारी स्थिति की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'आत्मनिर्भर भारत' पहल ने अनेक क्षेत्रों में आमूल परिवर्तन किए हैं। इस पहल के कारण भारत विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के साथ उनके आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचा रहा है।

'आत्मनिर्भर भारत' पहल ने एक प्रकार से दिशानिर्देशक प्रोत्साहन प्रदान किया है। इससे देश भविष्य में ऐसे लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है जो आत्मनिर्भरता तथा विनिर्माण में उत्कृष्टता से परिभाषित होगा। इस प्रकार तकनीकी निर्भरता के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक एक मुख्य पक्ष के रूप में उभरी है। ड्रोन तकनीक व ड्रोन निर्माण उद्योग के विकास से भारत की खोजी भावना तथा विनिर्माण शक्ति प्रदर्शित होती है।

ड्रोनों की शक्ति का पूरी तरह प्रयोग करके आज भारत भविष्य में आत्मनिर्भरता व समृद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ड्रोन तकनीक व ड्रोन निर्माण उद्योग भारत को विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों में आगे बढ़ाने तथा तकनीक के प्रयोग से आपदा प्रबंधन व कृषि जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रबंधन में सहायक बन रहे हैं।

# निरंतर बढ़ते प्रदूषण का कारण

**साक्षी आर. सेठी**
(लेखिका, शिक्षक हैं)



हम सभी बढ़ते प्रदूषण का कारण हैं। अपने व्यवहार में परिवर्तन कर हम सभी स्मोग घटाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। यदि धरती को एक मनुष्य मान लिया जाए तो वह अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में भर्ती है। हम ऐसे ग्रह पर रह रहे हैं जो न केवल हमारी वर्तमान आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे ग्रह को स्वस्थ, टिकाऊ व भावी पीढ़ियों के रहने योग्य बनाए रखना जरूरी है। भावी पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। लेकिन प्रमुख सवाल यह है कि क्या हम इस दिशा में काम कर रहे हैं? शानदार जीवनशैली के लालच में मनुष्य जलवायु संकट तथा अन्य संकटों का कारण बन रहे हैं।

हमारी वर्तमान जीवनशैली और अन्य विनाशकारी गतिविधियों से जलवायु संकट गंभीर होता जा रहा है। अभी जाड़े की शुरुआत ही हुई है और भारत का उत्तरी भाग वायु की खराब गुणवत्ता का अनुभव करने लगा है तथा स्मोग लगातार बढ़ रहा है। स्मोग को 'स्मोक फॉग' के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह एक प्रकार का गंभीर वायु प्रदूषण है जिसमें दृश्यता बहुत कम हो जाती है। भारत इस ग्रह पर दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित देश है और राजधानी दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। भारत सरकार के अध्ययन के अनुसार, दिल्ली में जाड़े में कुहरे या स्मोग में अनेक प्रकार के हानिकारक प्रदूषक शामिल हैं। हर साल दिल्ली और उसके निकट के शहर भयानक विभीषिका का सामना करते हैं। दीपावली के कुछ सप्ताह पहले ही यह स्थिति शुरू हो जाती है और प्रकाश पर्व दीपावली समाप्त होने के लगभग एक महीने बाद तक सही स्थिति बनी रहती है। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता खराब होते जाने के अनेक कारण हैं। इनमें पहला कारण फासिल ईंधनों पर अत्यधिक निर्भरता है।

पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान किसानों द्वारा फसल के अवशेष या पराली जलाने के कारण उत्तर भारत की हवा सांस लेने योग्य नहीं रह जाती है। इसका कारण वातावरण में



हानिकारक गैसों का उत्सर्जन है जो वातावरण में पीएम-10 व पीएम-2.5 कणों में 56 प्रतिशत वृद्धि का कारण बनता है। इसके साथ ही व्यापक निर्माण गतिविधियों के कारण धूल की मात्रा भी बढ़ती है। ट्रकों व लारियों जैसे वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन भी प्रदूषण का कारण बनता है जिससे उत्तर भारत में हवा जोखिम तथा अनेक बीमारियों का कारण बनती है। इससे सड़कों पर दृश्यता भी कम हो जाती है जिसका परिणाम अनेक सड़क दुर्घटनाओं तथा उड़ानें रद्द होने के रूप में हमारे सामने आता है।

स्मोग के कारण आंखों और गले में जलन होने लगती है जिससे एलर्जी पैदा होने के साथ ही आखों, कानों और फेफड़ों को नुकसान होता है। प्रदूषित हवा में सांस लेने के कारण बच्चों में संक्रमण से लड़ने की शक्ति कम होती है। इसके कारण बच्चों में अक्सर दमे के दौरे पड़ सकते हैं तथा वे अनेक श्वसन तंत्र बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। इसके साथ ही स्मोग के कारण वृद्धों को भी खतरे का सामना करना पड़ता है क्योंकि उनके शरीर पर्यावरण विभीषिकाओं के प्रभावों से निपटने के लिए युवावस्था जितने प्रभावी नहीं रह जाते हैं। वायु प्रदूषण की स्थितियों में सभी आयुवर्ग के लोगों को ज्यादा शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए या उनमें यथासंभव कमी करनी चाहिए। खासकर प्रदूषण की स्थितियों में बाहर निकल कर व्यायाम करने के बजाय घर के भीतर ही हल्के व्यायाम ज्यादा अच्छे होंगे।

अनेक शोधों से पता चलता है कि हमारे आसपास के परिवेश में ज्यादा हरित स्पेस होने का हमारे मस्तिष्कों व तंत्रिका तंत्रों के कामकाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और वे ज्यादा आसानी से व प्रभावी रूप से काम कर पाते हैं। स्मोग और वायु प्रदूषण वाली दुनिया में हमें यथासंभव अधिकाधिक हरित स्पेस तैयार करने और उनमें रहने का प्रयास करना चाहिए। हम में से सभी लोग अपने कुछ व्यवहारों में परिवर्तन कर या नये व्यवहार अपना कर स्मोग को कम कर सकते हैं। इनमें व्यक्तिगत कारों का उपयोग घटाना तथा सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग महत्वपूर्ण है। यथासंभव कारपूलिंग का प्रयोग करना, इंजनों की नियमित रूप से ट्यूनिंग कराना, उचित समय पर तेल बदलना जरूरी है। इससे वाहनों का माइलेज सुधरेगा तथा उनसे उत्सर्जन कम होगा। इसके साथ ही वोलेटाइल आर्गेनिक कंपाउंड-वीओसी अधिक मात्रा में छोड़ने वाले उत्पादों के प्रयोग से बचना, पेट्रोल-संचालित लॉन उपकरणों के बजाय बिजली-संचालित उपकरणों का प्रयोग, लकड़ी वाले फायरप्लेस का प्रयोग बंद करना या उसे घटाना तथा ऐसे ही अनेक उपाय शामिल हैं। जमीनी स्तर पर परिवहन साधनों का विद्युतीकरण तथा वाहन बेड़ों का आधुनिकीकरण आदि प्रभावी विधियां भारतीय शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने में सहायक हो सकती हैं। आउटडोर गतिविधियों को सीमित करने से भी हवा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था, 'जो व्यक्ति यह जानते हुए भी पेड़ लगाता है कि वह उनकी छाया में कभी बैठ नहीं सकेगा, कम से कम उसने जीवन का अर्थ समझना शुरू कर दिया है।' याद रखें कि जलवायु संरक्षण तथा जलवायु की बेहतरी के लिए काम करना भावी पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति ने हमें सारी चीजें बहुत बड़ी मात्रा में दी हैं। ऐसे में हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इस पृथ्वी ग्रह को सबके लिए स्वस्थ व जीवन जीने योग्य बनाए रखें।

## आप की बात

### महिलाओं का अपमान

**भारत** में नारी शक्ति का सम्मान व उसके प्रति आदर भाव रखा जाता है, पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अशोभनीय व अमर्यादित बयान देकर बिहार सहित पूरे देश की महिलाओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। आखिरकार एक महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति के मुँह से ऐसे शर्मनाक शब्द कैसे निकले। क्या उन्होंने यह नहीं सोचा कि इसका समाज व राष्ट्र में क्या संदेश जायेगा? नीतीश के इस बयान को जबान फिसलना नहीं कहा जा सकता है क्योंकि विधानसभा में ऐसा बयान देने के कुछ समय बाद उन्होंने इसे विधान परिषद में भी दुहराया। हालांकि, नीतीश ने बाद में बयान पर माफी मांगी, लेकिन ऐसा करते हुए भी अपने विरोध को भाजपा-निर्देशित बता दिया। सवाल है कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग होगा तो आम लोगों से क्या अपेक्षा की जाए? कहीं ऐसे बयान का उद्देश्य उन बेपढ़े व असभ्य लोगों को संतुष्ट करना तो नहीं था जो अपने दैनिक जीवन में गाली-गलौज के साथ महिलाओं का अपमान करते रहते हैं? इस बयान से नीतीश कुमार ने महिलाओं के हित में अपने द्वारा किए अच्छे कामों पर भी पानी फेर दिया है तथा देश-विदेश में बिहार की छवि खराब की है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### धार्मिक पर्यटन

**गत पांच-सात वर्षों से** तीर्थ स्थलों पर दर्शकों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह कोरोना के पूर्व से ही बढ़ना शुरू हो गई थी और कोरोना के बाद तो इसमें सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। बनारस, काशी विश्वनाथ, उज्जैन का महाकाल मंदिर और इसी तर्ज पर वृंदावन व अयोध्या में भव्य व सर्वसुविधा युक्त निर्माण हुए हैं। आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं के साथ-साथ इन धार्मिक स्थलों को अप्रतिम विशेषताओ से परिपूर्ण बनाया गया है। बनारस में 15 करोड़ दर्शनार्थियों का पहुंचना दर्शाता है कि सरकार ने व्यवस्था में सुधार और आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर इन स्थलों को बेहद आकर्षक बना दिया है। इसी वजह से लोग यहां आते हैं। यहां देव दर्शन के साथ-साथ पर्यटन का भरपूर लाभ मिलता है। अन्य सभी बड़े पर्यटन स्थलों पर महंगे होटलों में ठहरना पड़ता है, जबकि धार्मिक स्थलों पर आम भक्तजनों को विभिन्न आश्रमों-मठों, आदि में कम खर्च में या मुफ्त ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था हो जाती है। अनेक राज्य सरकारें धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही हैं। इससे भारत की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध होने के साथ अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रसारण विनियमन

**सूचना एवं प्रसारण** मंत्रालय ने हाल ही में प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक, 2023 का मसौदा जारी किया। सरकार के अनुसार, इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए एक नया नियामक ढांचा बनाना है। यह विधेयक मौजूदा केबल टेलीविजन नेटवर्क कानून, 1995 का स्थान लेगा। इसकी प्रमुख विशेषताओं को सूचीबद्ध करते हुए मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसमें न केवल ओटीटी सामग्री, डिजिटल समाचार और वर्तमान मामलों को शामिल करने के लिए नियामक दायरे के विस्तार का प्रावधान है, बल्कि इसमें भविष्य में विकसित होने वाले किसी भी नए प्लेटफॉर्म को शामिल करने का विकल्प भी खुला रखा गया है। इस विधेयक पर व्यापक विचार-विमर्श करने की जरूरत है। आलोचकों का कहना है कि इससे सोशल मीडिया पर निडर होकर लिखने वालों पर शिकंजा कसा जा सकता है। इससे विदेशी प्रसारण माध्यमों के प्रसार पर भी लगाम लगाई जा सकेगी जो अपने निहित स्वार्थों के लिए खास दृष्टिकोण अपनाते हैं। इस मसौदे पर मीडिया संगठनों व आम जनता की राय महत्वपूर्ण होगी।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### निराश नीतीश

**विपक्षी एकता** के सबसे बड़े पैरोकार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विवादों में घिर गए हैं। विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने महिलाओं के प्रति अमर्यादित बात कही। लगता है कि नीतीश कुमार के मन में घोर निराशा है कि उनको इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया। पिछले दिनों कांग्रेस के खिलाफ टिप्पणी इसी का परिणाम है। नीतीश की महिला-विरोधी टिप्पणी गठबंधन के लिए भी भारी पड़ती दिखाई दे रही है। गठबंधन की चुप्पी इस बात का संकेत है कि घटक दलों को कदम फूंक-फूंक कर रखना होगा। एनडीए के घटक दलों ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। वर्तमान विधानसभा चुनावों में यह मुद्दा गरमाया रहेगा। भाजपा इसे भुनाने की पूरी कोशिश करेगी जिसका खामियाजा कांग्रेस को भी उठाना पड़ सकता है। नीतीश कुमार का विधानसभा में व्यवहार गरिमा पूर्ण नहीं है। महिला-विरोधी टिप्पणी के बाद उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के प्रति निन्दनीय टिप्पणी की जिसके विरोध में मांझी अनशन पर बैठ गए। नीतीश को संतुलन व संयम बरतना चाहिए।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# बाल दिवस पर बच्चों से मिले सीएम उज्ज्वल भविष्य का दिया आशीर्वाद

● गोरखनाथ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री को नन्हे योद्धाओं ने गिफ्ट किया गुलाब



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**अपने** बाल प्रेम के लिए विख्यात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाल दिवस के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में उनसे मिलने आए नन्हे योद्धाओं (ताइक्वांडो प्रशिक्षु बच्चों) को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। ताइक्कांडो सीखने वाले इन बच्चों ने सीएम योगी को गुलाब गिफ्ट किया तो मुख्यमंत्री वात्सल्य भाव से मुस्कुराने लगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह दिग्विजयनाथ ताइक्कांडो ट्रेनिंग सेंटर के बच्चे उनसे मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर बच्चों ने एक-एक कर सीएम योगी को गुलाब का फूल भेंट किया। इस पर मुख्यमंत्री मुस्कुरा उठे। उन्होंने बच्चों से उनके ताइक्वांडो प्रशिक्षण और पढ़ाई को लेकर बातचीत की और खूब सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद भी दिया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। बाल दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक संदेश पोस्ट कर बाल हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, श्राष्ट्र की आशा, आकांक्षा और उन्नति के आधार, सभी प्रिय बच्चों को 'बाल दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं! हमारी सरकार बच्चों को संस्कारित शिक्षा, सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनके समग्र विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सरकार अलर्ट मोड पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 2023-24 में किसानों को वितरित किए गए 4 हजार से ज्यादा एकल कृषि यंत्र

●17 लाख बायोडीकंपोजर वितरित करने का सरकार का लक्ष्य

**सर्दियों** में पराली जलाने के कारण होने वाले पॉल्यूशन को लेकर योगी सरकार सजग है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार की ओर से शुरू से तैयारी की गई है। किसी भी सूरत में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जागरूकता अभियान के साथ सरकार ने किसानों में निशुल्क बायोडीकम्पोजर का वितरण किया है तो वहीं फ्सल अवशेष प्रबंधन के लिए अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्र वितरित किए जा रहे हैं।

मुख्य सचिव के समक्ष पराली प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि एकल कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। अब तक 44363 एकल कृषि यंत्र वितरित किए जा चुके हैं। 2023-24 में 4439 एकल कृषि यंत्र की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वहीं एफपीओ सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत मद में अब तक कुल 7621 फार्म वितरित किए जा चुके हैं। 2023-24 में 296 को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। गत वर्ष 1322250 बायोडीकम्पोजर वितरित किए गए हैं जबकि 2023.24 में 17 लाख बायोडीकम्पोजर वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। 2023-24 में अब तक 166600 बायोडीकम्पोजर पूर्ति प्रक्रिया में है। इसके अलावा जनपद स्तर पर गन्ना, बेसिक शिक्षा, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, स्थानीय निकाय, पुलिस एवं परिवहन, कृषि जैसे विभाग के अधिकारियों में समन्वय करके प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

जनपद में या निकटवर्ती जनपद में स्थापित फसल अवशेष आधारित इकाइयों का प्रचार-प्रसार करके उनमें पराली की आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम, न्याय पंचायत, विकास खंड, तहसील, जनपद स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है।

## धनतेरस से लेकर दीपावली तक पूरे प्रदेश को दी गई कटौती मुक्त बिजली: गोयल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि धनतेरस से लेकर दीपावली तक संपूर्ण प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र को दी गई कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया की विद्युत मांग के अनुरूप कॉर्पोरेशन ने पहले ही अनुमान करके विद्युत की प्रयाप्त व्यवस्था कर रखी थी इसलिए कहीं भी किसी भी स्तर पर विद्युत की कोई कमी नहीं हुई और सभी क्षेत्रों को 9 तारीख की शाम से 13 तारीख की सुबह तक अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। सम्पूर्ण प्रदेश में कंट्रोल रूम के माध्यम से तथा 1912 पर आने वाली सूचनाओं को तुरंत संज्ञान में लेकर विद्युत आपूर्ति की बाधाओं को भी तत्काल दूर कर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। अध्यक्ष स्वयं तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विद्युत आपूर्ति पर नजर रखें हुए थे। अध्यक्ष ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए कॉरपोरेशन और वितरण निगम के अधिकारियों और कार्मिकों को बधाई दी है।

# बिना देरी निकालें जनता की समस्याओं का समाधान: मुख्यमंत्री

● जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**गोरखपुर** प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन मंगलवार को लोगों से मुलाकात और उनकी समस्या के समाधान का सिलसिला जारी रखा। सीएम योगी ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति की समस्या के समाधान में कतई विलंब नही होना चाहिए। जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने इन सभी लोगों को कुर्सियों पर बैठाया गया था। मुख्यमंत्री खुद चलकर सभी लोगों के पास पहुंचे। उनकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह निस्तारण अवश्य कराया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सामंजस्य के आधार पर करने का प्रयास करने को कहा।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को खूब प्यार-दुलार किया। उन्हें चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया।

## अखिलेश यादव सनातनी होने का ढोंग करते हैं: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता आलोक कुमार अवस्थी ने ट्वीट् कर सपा मुखिया पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश का यह कैसा दोहरा चरित्र है कि एक तरफ़ सनातनी होने का ढोंग करते हैं, दूसरी तरफ़ लगातार सनातन पर प्रहार करवा रहे हैं। आलोक कुमार ने कहा कि सपा को राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या माता लक्ष्मी और गणेश जी के अस्तित्व पर कैसे सवाल खड़ा कर रहा है। बद्रीनाथ धाम जैसे हिंदुओं के सबसे बड़े आस्था के केंद्र को कैसे बौद्ध मठ बताता है।

रामचरितमानस पर कैसे सवाल खड़ा करता है। साथ ही सनातन धर्म पर कैसे सवाल खड़ा करता है। भापजा प्रवक्ता ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के पद पर रहते हुए उसके विचार हर बार व्यक्तिगत कैसे हो सकते हैं। यह अखिलेश का सोचा समझा एजेंडा है।

उन्होंने कहा कि सपा मुखिया ने आपने तुष्टिकरण को पुष्ट करने के लिए सनातनी हिंदुओं के खिलाफ जहर उगल कर अपमानित करवाने का जो एजेंडा चलवा रखा है, उसे देश आपको कभी माफ नहीं करेगा।

# आज से प्रदेश में शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● नगर विकास विभाग पूरे प्रदेश में वंचितों, गरीबों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का करेगा प्रयास

**उत्तर** प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने अनेक स्तर पर प्रयास किए हैं। इसी क्रम में अब पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप एवं सीएम योगी के निर्देश पर 15 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक पूरे प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से न सिर्फ नगरीय निकायों में सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा बल्कि पात्र एवं संभावित लोगों के नामांकन की प्रक्रिया को ऑन द स्पॉट पूर्ण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सचिव आवासन एवं शहरी मंत्रालय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यान्वयन एवं जनभागीदारी को सुनिश्चित किए जाने के संबंध में सभी प्रदेश सरकारों को पत्र लिखा था। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग ने सभी नगर आयुक्तों एवं नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को यात्रा हेतु निर्देशित किया है। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के नगरीय निकायों में सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से जन सुविधाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे कमजोर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 15 नवंबर 2023 से 26 जनवरीए 2024 तक किया जाना सुनिश्चित किया गया है। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र को संज्ञान मे लेते हुए सभी नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल कार्यान्वयन एवं व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद नगरीय निकायों में यात्रा के संचालन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारिया शुरू हो गई हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के नगरीय निकायों में संचालित नगर विकास विभाग की योजनाओं का लाभ जन जागरूकता के माध्यम से वंचितोंए कमजोरों एवं पात्र लोगों तक पहुंचाना हैए जो पात्र होते हुए भी लाभ से वंचित है। इसके माध्यम से प्रदेश के नगरीय निकायों में संचालित नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन जागरूकता लानाए सरकारी योजनाओं के संबंध में लाभार्थियों से बातचीत एवं व्यक्तिगत कहानियों और अनुभवों को साझा करना और नगर विकास विभाग की योजनाओं के पात्र और संभावित लाभार्थियों का यात्रा के दौरान ही नामांकन किया जाना सुनिश्चित करना होगा।

# सपा प्रमुख ने डायल 112 की संघर्षरत महिला कर्मियों के साथ मनाई दीपावली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## किया आश्वस्त, समाजवादी पार्टी डायल 112 की बहनों के संघर्ष की आवाज बनेगी



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस बार अपने निवास स्थान पर डायल 112 की संघर्षरत महिला कर्मियों के साथ, एक परिवार की तरह दीपावली मनाई और उन्हें आश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी डायल 112 की बहनों के संघर्ष की आवाज बनेगी। साथ ही इस संवेदनात्मक संकल्प के दीप भी जलाए कि उनके साथ, बिना किसी दुर्भावना के सच्चा न्याय सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि यह संवेदना समाजवादी मूल्यों की भावनात्मक कोख होती है, जिससे समाज के शोषित, वंचितों के लिए सद्भावना जन्म लेती है। उन्होंने कहा कि कैसी विडम्बना है कि दीपपर्व पर जब हर घर में लक्ष्मी जी का आव्हान किया जाता है भाजपा ने हमारी बहन, बेटी स्वरूपा लक्ष्मी को घरो से बाहर वारिश और ठण्ड में बैठने के लिए मजबूर कर दिया था। भाजपा सरकार ने अपनी ह्रदयहीनता का यह क्रूर प्रदर्शन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए 1090 योजना शुरू की थी। डायल 100 सबसे बेहतर पुलिस रिस्पांस सिस्टम बना। पढ़ने वाले बच्चों को लैपटाप दिए गए थे।

### कांग्रेस नहीं चाहती हम उनके सहयोगी दल बनें: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस ने कभी सामाजिक न्याय की बात नहीं की। मंडल कमीशन की रिपोर्ट कांग्रेस ने रोकी थी। अब तो भाजपा भी इसकी बात करने लगी है। पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक अब अपने हक और सम्मान की मांग कर रहे हैं आने वाले समय में जो गठबन्धन होगा उससे पीडीए से ही मजबूती आएगी। जब एक्सरे की जरूरत थी तब कांग्रेस ने एक्सरे नहीं किया आज तो एमआरआई की जरूरत है उन्होंने कहा कांग्रेस नहीं चाहती कि हम उसके सहयोगी दल बने। मौका था कि छोटे दलों को साथ लेकर गठबन्धन का संदेश दिया जाता लेकिन वे तो सोचते है कि जनता उनके साथ है। पीडीए उन्हें इसका करारा जवाब देगी समाजवादी प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताकर। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कांग्रेस भाजपा की बी टीम होने का काम करती है। उत्तर प्रदेश का 2022 का रिजल्ट लें या मध्य प्रदेश के चुनाव नतीजों का कांग्रेस जो भाषा समाजवादी पार्टी के बारे में बोलती है वह भाषा समाजवादी पार्टी को क्या नहीं बोलनी चाहिए, मध्य प्रदेश में जब कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए मदद चाहिए थी बिना शर्त सपा ने उन्हे समर्थन दिया था। हमारे विधायक को मंत्री बनाया लेकिन कांग्रेस विधायक बिक गए, उनकी सरकार गिर गई।

# कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं ने पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर ज्ञापित की कृतज्ञता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयन्ती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसजनों ने बच्चों के प्रिय रहे भारत रत्न चाचा नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर आजादी की लड़ाई में उनके अतुलनीय योगदान के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडेय ने बताया कि प्रदेश मुख्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में अनेक नेताओं एवं कांग्रेसजनों ने चाचा नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने विचार रखे। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ला, पूर्व मंत्री नकुल दूबे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डे, पूर्व मंत्री मसूद अहमद, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शहनवाज आलम, लखनऊ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, अनीस अंसारी, संजय शर्मा, पूर्व प्रत्याशी रुद्र दमन सिंह बबलू, शहाना सिद्दीकी, अर्चना राठौर, शीला मिश्रा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन बिजेन्द्र सिंह ने किया।

प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार प्रदेश भर में कांग्रेस जनों ने दलित बस्तियों में बच्चों को स्टेशनरी, कापी आदि वितरित किया। लखनऊ में पूर्व मंत्री नकुल दूबे ने मेडिकल कॉलेज एवं सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया।

डॉ पाण्डेय ने बताया कि विचार गोष्ठी में राजेश सिंह काली, सिद्धिश्री, सुधा मिश्रा, सुशीला, डॉ. पूर्णिमा तिवारी आदि शामिल रहे।

## गरीबों को आशियाने की सौगात देगी प्रदेश सरकार

**लखनऊ/ प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में हर गरीब को उसकी अपनी छत दिलाने का जो संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया था उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। कुंभ नगरी प्रयागराज में इसी के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों के लिए एक तरफ जहां फ्लैट्स बनाए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ निर्मित हो चुके फ्लैट्स को गरीबों को कब्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रयागराज में आवासहीन गरीब परिवार लोगों के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1000 फ्लैट्स का निर्माण कराया जाएगा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि ऐसे गरीब परिवार जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट दिए जाएंगे। इन फ्लैट्स का निर्माण जमीन उपलब्ध होने के बाद शुरू कर दिया जाएगा। इनके लिए जमीन की तलाश पीडीए की तरफ से शुरू कर दी गई है।

# अयोध्या को मिलने जा रही एक और फोर लेन की सौगात

● दो सौ करोड़ की लागत से बनेगा 12 किमी लंबा लक्ष्मण पथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**प्रदेश** सरकार अयोध्या को सबसे सुंदर नगरी के रूप में स्थापित करने में जी जान से जुटी हुई है। लगातार अयोध्या को एक नई ऊंचाई और उसकी बिसरी पहचान को वापस दिलाने का काम किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। जनवरी में रामलला अपने मंदिर में विराजमान भी हो जाएंगे। इन सब के बीच अयोध्या की कनेक्टिविटी को भी लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। श्रीराम की नगरी में अलग अलग पथों के जरिए फोर लेन कनेक्टिवी प्रदान की जा रही है। इसमें अब एक नया नाम लक्ष्मण पथ का जुड़ने जा रहा है।

दरअसल अयोध्या में राम पथ का निर्माण तेजी से हो रहा है, जो नयाघाट से सहादतगंज तक 13 किमी लंबा मार्ग है। इसके बाद जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, धर्मपथ के बाद अब लक्ष्मण पथ का निर्माण भी योगी सरकार कराने की तैयारी में जुट गई है। भगवान श्रीराम के छोटे भाई और शेषावतार लक्ष्मण के नाम पर बनने वाले इस नये वैकल्पिक मार्ग निर्माण की भी पूरी कार्ययोजना तैयार है। डीएम नीतीश कुमार के अनुसार लक्ष्मण पथ गुप्तारघाट से राजघाट तक बनाया जाएगा।

यह पथ फोरलेन होगा। इस पथ के निर्माण के लिए नामित कार्यदाई संस्था प्रांतीय खंड लोनिवि की निर्माण ईकाई द्वितीय के अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि करीब 12 किलोमीटर लंबा यह पथ उदया हरिश्चंद्र घाट तटबंध के समानांतर प्रस्तावित है। तटबंध की चौड़ाई पहले छह मीटर थी जिसे एक मीटर बढ़ाकर सात मीटर कर दिया गया है। इधर लक्ष्मण पथ की चौड़ाई 18 मीटर तय कि गयी है।

# अब आसमां से भी काशी दर्शन कर सकेंगे पर्यटक

● प्रदेश सरकार काशी में जल्द शुरू करने जा रही हेली टूरिज्म योजना

●हेलीकॉप्टर से करीब 20 से 25 मिनट की होगी राइड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**जल** और थल के बाद पर्यटक अब आसमां से भी काशी दर्शन कर सकेंगे। काशी में योगी सरकार की हेली टूरिज्म शुरू करने की योजना है। यह जल्द ही मूर्त रूप लेगी। आसमां से गंगा दर्शन और वाराणसी को देखने का मौका मिलेगा तो वहीं चंदौली में ईको टूरिज्म का भी लुफ्त उठा सकेंगे।

यातायात की अच्छी कनेक्टिविटी और श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण के बाद बनारस में दिनोंदिन पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

किसी शहर की अर्थव्यवस्था में वहां के पर्यटन उद्योग का बड़ा महत्व होता है। बदलती काशी में अब पर्यटन के मायने भी बदल रहे हैं। काशी आने वाले पर्यटक मंदिरों और घाटों का आनंद लेने आ रहे हैं। आधुनिक क्रूज़ से भी अर्धचंद्रकार गंगा घाट व सदियों से खड़े ऐतिहासिक इमारतों के साथ गंगा दर्शन कर रहे हैं। अब जल्द ही वाराणसी के पर्यटन में नया आयाम हेली टूरिज्म जुड़ने वाला है।

पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि काशी के मंदिर और गंगा दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर चलाया जायेगा। पर्यटक बनारस से सटे चंदौली के ईको टूरिज्म चंदौली का भी लुफ्त उठा सकेंगे। रावत के मुताबिक हेलीकॉप्टर से करीब 20 से 25 मिनट की राइड होगी। एक हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग यात्रा कर सकेंगे।

## एक नजर में देख सकेंगे पूरा बनारस दशाश्वमेध भवन में लगा थ्री डी स्कल्पचर मैप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

● वाराणसी के महत्वपूर्ण और ज़रूरत वाली सभी जगहों की मिलेगी जानकारी

**अब** एक नजर में पूरे वाराणसी शहर को देखा जा सकता है। चाहे वह वाराणसी के अर्धचन्द्राकार घाट हों या आइकोनिक बिल्डिंग। वाराणसी स्मार्ट सिटी की ओर से दशाश्वमेध घाट के पास बने दशाश्वमेध भवन में थ्री डी स्कल्पचर मैप बनवाया गया है। इसे एक नजर में देख कर वाराणसी के महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। योगी सरकार ने दशाश्वमेध घाट पर वर्षों से पड़े ख़ाली स्थान पर दशाश्वमेध भवन (टूरिस्ट प्लाजा) को मार्केट के रूप में विकसित किया है।

काशी आने वाले पर्यटक दशाश्वमेध घाट का रुख जरूर करते हैं। अब इन सैलानियों को काशी के पर्यटन स्थल शहर के प्रमुख और जरूरत के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी के लिए भटकना नही पड़ेगा। घाट के पहले ही योगी सरकार ने दशाश्वमेध भवन में थ्री.डी स्कल्पचर मैप बनवाया है। जिस पर काशी के अर्धचंद्राकार घाटएनव्य भव्य श्री काशी विश्वनाथ धामए ऐतिहासिक बेनिया बाग़ व टाउनहालए मानमंदिर वेधशाला, नेपाली मंदिर, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेण्टर, नमो घाट का नमस्ते स्कल्पचर, लाइब्रेरी, ट्रॉमा सेण्टर, मारवाड़ी अस्पताल समेत वाराणसी की कई आइकॉनिक इमारतें उकेरी गई हैं।

स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि दशाश्वमेध भवन में करीब 7.5 मीटर लम्बाई व 3 मीटर चौड़ाई का थ्री डी मैप स्कल्पचर लगाया गया है। जिसकी ऊंचाई लगभग 0.75 मीटर है। थ्री.डी स्कल्पचर मैप ब्रॉन्ज से बना है। उन्होंने बताया कि ये भवन काशी में आने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण होगा। यहां थ्री डी मैप स्कल्पचर के माध्यम से एक नजर में वाराणसी के महत्वपूर्ण और ज़रूरत की जगहों के बारे में पर्यटकों को जानकारी मिल जाएगी। 28 करोड़ की लागत से तीन मंजिल दशाश्वमेध भवन व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 15 नवम्बर 2023


# सीएसआर से बहुरे गोद लिए विद्यालय के दिन, डीएम ने दी कई सौगातें

● दिव्यांग, सुलभ शौचालय, आरओ - वाटरकूलर, झूले से लैस हुआ विद्यालय, नौनिहालों के खिले चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मंगलवार** का दिन नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के लिए बेहद खास रहा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के आवाह्न पर बलरामपुर फाउंडेशन ने सीएसआर फंड से उनके गोद लिए परिषदीय विद्यालय नगर क्षेत्र को कई सौगात मिली। मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह के साथ अपनी गोद लिए विद्यालय पहुंचे, तो स्कूल के सभी बच्चों ने उन्हे चारों तरफ से घेर लिया। साथ ही अपना प्रेम प्रदर्शित किया।

डीएम ने अपनी धर्मपत्नी अल्पना सिंह संग बलरामपुर फाउन्डेशन, बलरामपुर द्वारा (वित्तीय वर्ष 2023-24) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत संविलियन विद्यालय (सदर) नगर क्षेत्र लखीमपुर में दिव्यांग शौचालय एवं शुलभ शौचालय का नव निर्माण तथा पेयजल के लिए वाटर कूलर एवं बच्चों हेतु झूले का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर लोकार्पित किया।



डीएम ने पत्नी संग नौनिहालों को स्कूल बैग, शिक्षण सामग्री किट, चॉकलेट मिष्ठान आदि सामग्री बाटी। इस दौरान डीएम ने न केवल बच्चों को दुलारा बल्कि उन्हें प्रदान की बेंच डेस्क और बेंच पर बैठकर एक-एक नौनिहाल से काफी देर संवाद किया। डीएम ने संस्था को आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्य करने के लिए बधाई व शुभकामनायें दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 इकाई-गुलरिया के मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह और उनकी पत्नी बबिता सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत, अभिनंदन किया। मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि जिलाधिकारी के आह्वान पर बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत उनके गोद लिए संविलियन विद्यालय (सदर) नगर क्षेत्र में दिव्यांग शौचालय एवं शुलभ शौचालय का नव निर्माण तथा पेयजल के लिए वाटर कूलर एवं बच्चों हेतु झूले की सौगात दी है, जो निश्चित रूप से बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनेगी।बलरामपुर फाउन्डेशन संस्था क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व, वर्तमान व भविष्य में किए जाने वाले कार्यो से भी सभा को अवगत कराया।

इस मौके पर मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह, उनकी पत्नी बबिता सिंह, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, आकांक्षा समिति की सदस्य रश्मि सिंह, बलरामपुर फाउंडेशन की इकाई गुलरिया से अजीत सिंह, संतोष कुमार सिंह, अभिनेश कुमार मिश्रा, स्कूल का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नौनिहाल मौजूद रहे। बताते चले कि इससे पहले डीएम ने क्रिटिकल गैप योजना वर्ष 2023-24 के तहत विद्यालय में नवनिर्मित चारदीवारी एवं गेट की सौगात दी थी। वही कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर )की मदद से उनके गोद लिए नगर क्षेत्र में परिषदीय विद्यालय की तस्वीर बदलती जा रही है।

# बीमारियों से बचने को मधुमेह से दूरी जरूरी : डॉ. रामचंदानी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**विश्व** मधुमेह दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला पुरुष चिकित्सालय ओयल में किया गया। जिसके अंतर्गत गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन हुआ। जागरूकता गोष्ठी की अध्यक्षता सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ. आईके रामचंदानी ने की। वहीं इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित जिला पुरुष चिकित्सालय में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई गोष्ठी में बोलते हुए सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी ने कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहा है। इसके तमाम कारण हैं। जिन्हें आज जानना और समझना बेहद जरूरी है।



ऐसा न करने पर तमाम गंभीर बीमारियां हमारे शरीर में घर बना लेते हैं। इसके बाद शारीरिक रूप सहित मानसिक और आर्थिक रूप से भी परेशानियां होना प्रारंभ हो जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर और अपनी जीवन शैली में सुधार कर हम मधुमेह जैसी बीमारी से बचाव करें। उन्होंने कहा कि सिर्फ बुजुर्गों में नहीं युवाओं सहित अब बच्चों में भी मधुमेह की बीमारी दिखने लगी है, जो बेहद गंभीर स्थिति है। जिला चिकित्सालय में इसके लिए चिकित्सकों सहित काउंसलिंग की भी व्यवस्था है। जिससे बचाव और उपचार दोनों के जरिए मधुमेह जैसी बीमारी से आम जनमानस बच सकता है। इस दौरान एनसीडी क्लीनिक के नोडल अधिकारी डॉ शिशिर पांडे ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस पर इस बार जिस थीम को लेकर यह दिवस मनाया जा रहा है। वह थीम बेहद महत्वपूर्ण है। एक्सिस टू डायबिटीज केयर जिसके जरिए जहां इस बीमारी से ग्रसित लोगों की देखभाल उपचार और जीवन शैली में बदलाव जैसे कुछ छोटे-छोटे बदलावों को अपना कर न सिर्फ देखभाल व इससे बचाव भी संभव है। जिस तरह से यह बीमारी बुजुर्गों युवाओं और बच्चों में फैल रही है। उसे देखते हुए आज व्यायाम सहित खान-पान और जीवनशैली में बदलाव की आवश्यकता है? दवाओं से अच्छा है जीवन शैली में बदलाव।

इस दौरान डॉ सतीश वर्मा, डॉ एके द्विवेदी, डॉ शिखर बाजपेई, डॉ आशुतोष वर्मा, डॉ अनिल कुमार शुक्ला, डॉ मनोज शर्मा, डॉ राकेश गुप्ता, डॉ रवि सिंह, विजय वर्मा, रजनी मसीह, देवनंदन श्रीवास्तव, नीरज कुमार, सरिता सिंह, विवेक तिवारी, अनुज त्रिवेदी, मनोज मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# गौशाला में 21 हजार रुपए दानवीर ने दान किए

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**धर्मादा** समिति गौशाला अपना 15वां गोपाष्टमी महोत्सव मना रहा है जिसमें विभिन्न संगठनों का सहयोग रहता है उसी क्रम में आज प्रथम दिन रोट्रेक्ट क्लब (यूथ ) गोला के पदाधिकारियों ने गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की तथा रोट्रेक्ट करम सिंह ने अपना जन्मदिन गौशाला में केक काटकर मनाया । रोट्रेक्ट यूथ अध्यक्ष आशतोष विश्वास ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि- गौ माता में सभी देवी देवताओं का वास रहता है गौ माता की सेवा करने का अवसर देने के लिए मै अध्यक्ष होने के निमित्त विजय शुक्ला रिंकू जी का आभार व्यक्त करता हूँ । नोएडा से गोला अपने घर दीपावली मनाने आए शान्तनु गोस्वामी ने गौशाला को 21000 हजार रुपए दान दिया और कहा कि मै गौ माता के दाना भूसा के लिए भेंट कर आत्म सुख का अनुभव कर रहा हूँ। इस अवसर पर चेयरमैन नगरपालिका गोला विजय शुक्ला रिंकू, डाक्टर राहुल बाजपेई,रोट्रेक्ट डाक्टर आशतोष विश्वास अध्यक्ष ,रोट्रेक्ट सवेन्द्र अनुराग वर्मा सचिव, आदेश वर्मा ,गौरीश सिंह, अभिषेक वर्मा, कुलदीप तिवारी, प्रशांत श्रीवास्तव, पटेल सुशील वर्मा, सौरभ तिवारी सभासद, अनूप सिंह यादव, ऋषिकेश पाण्डेय, श्याम राजपूत, मनोज सक्सेना, श्याम सिंह कुशवाहा, धीरज बाजपेई, विकास मिश्रा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम प्रेम सागर कुशवाहा , लव कुश अवस्थी अनेक गौ सेवक उपस्थित रहे।




# धुसकिया में आज दिव्यता और भव्यता से मनेगा जनजाति गौरव दिवस, राज्यपाल केंद्रीय मंत्री संग करेगी शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

● राज्यपाल के भ्रमण के मद्देनजर डीएम-एसपी ने परखी तैयारी

● राज्यपाल के भ्रमण को लेकर प्रशासन अलर्ट, शुरू हुई तैयारी, झोंकी ताकत

**योजनाओं** की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को खीरी जिले के जनजातीय क्षेत्र में ग्राम धुसकिया से जनजाति गौरव दिवस का आगाज होगा। जिसकी शुरुआत 15 नवंबर को सुबह 11 बजे मा. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के साथ विधायक रोमी साहनी की गरिमामयी उपस्थिति में करेगी। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के 15 नवंबर को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। डीएम, एसपी ने राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण स्थल का निरीक्षण किया। मंगलवार को उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। मंगलवार की दोपहर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ जिले की सुदूरवर्ती एवं सीमावर्ती तहसील पलिया क्षेत्र के जनजाति क्षेत्र ग्राम धुसकिया में कार्यक्रम स्थल पर जनजाति गौरव दिवस की तैयारियो का जायजा लेने पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियो का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से संबंधित सभी जरूरी मुकम्मल इंतजाम समयबद्ध रूप से कर लिए जाएं। डीएम-एसपी सबसे पहले पलिया हवाईपट्टी पहुंच कर मा. राज्यपाल के आगमन की दृष्टिगत जरूरी व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों की पड़ताल करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने महामहिम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न होने की सख्त हिदायत दी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिया कि नगरपालिका एवं पंचायत राज विभाग महामहिम के प्रस्तावित भ्रमण मार्ग के सफाई पर विशेष ध्यान दें। सफाई कर्मियों के माध्यम से राज्यपाल के गुजरने वाले रास्तों की विधिवत सफाई कराई जाए।

## क्विक न्यूज

### अन्नकूट का लगाया गया भोग



**लखीमपुर खीरी।** सन 1568 ईस्वी में स्थापित खीरी के श्री ठाकुर द्वारा पक्का तालाब , खीरी टाउन में स्थित राघवेन्द्र सरकार मंदिर एवं गोपेश्वर महादेव मंदिर में अन्नकूट का भोग पारिवारिक सदस्यों के द्वारा बहुत ही परंपरागत एवं सादगी के साथ श्रद्धा पूर्वक लगाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस पावन पर्व पर श्री युगल सरकार का ऐसा भव्य श्रृंगार किया गया जिसकी छठा ने भक्तों को खूब आकर्षित किया। गौरतलब है कि हर वर्ष श्री राघवेन्द्र सरकार मंदिर के प्रबंधक व कर्ता-धर्ता रामगोपाल शेखर , मंदिर प्रांगण में गोवेर्धन पर्व पर पूजा अर्चना आरती का कार्यक्रम इस बार बहुत ही सादगी एवं साधारण तरीके से बनाया गया मंदिर कमेटी अध्यक्ष रजत शेखर ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातः से ही श्री सुंदर काण्ड का सुमधुर पाठ प्रारंभ हो गया जो.. जो की आरती एवं भोग के साथ संपूर्ण हुआ।

### आदेश प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त की



**बरेली ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भाजपा के आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास स्थान स्टेट बैंक कॉलोनी पहुंच कर संवेदना व्यक्त की। कुछ देर बाद एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों भी आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की । सांसद संतोष गंगवार, सांसद धर्मेंद्र कश्यप ,महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, विधायक राजीव कुमार सिंह, प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल, संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, भाजपा मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, दिनेश सोलंकी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

### लकड़ी लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर ट्रैक्टर चालक की मौत

**बरेली।** खेत से लकड़ी लेकर रामपुर बेचने जाते समय रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ट्राली में रखी लकड़ी टैक्टर ड्राइवर के ऊपर गिर गई जिससे ड्राइवर की घटनास्थल पर मौत हो गई सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद म्रतक के भाई साबिर हुसैन ने बताया थाना शाही क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी 35 बर्षीय तसब्बर हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन मंगलवार की सुबह अपने खेत से लकड़ी लेकर ट्रैक्टर ट्राली के द्वारा रामपुर बेचने जा रहे थे रास्ते में मीरगंज के पास किसी अज्ञात वाहन ने टैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी ट्राली के ऊपर रखी लकड़िया तसब्बर के ऊपर गिर गई जिससे लकडियो के नीचे तसब्बर के दब जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई किसी राहगीर ने थाना मीरगंज पुलिस को सूचना दी पुलिस ने तसब्बर के शव को बाहर निकलवाया मौके पर पहुची पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दी तसब्बर के शव को पोस्टमार्टम को भेजा ।

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**बरेली।** खाद खरीदने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकले एक युवक को तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।सिरौली थाने के गांव मदकरी निवासी सोहनलाल के 30 वर्षीय बेटे किशन लाल की कल शाम बड़ागांव अलीगंज मार्ग पर गुलरिया गौरी शंकर गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया किशन लाल कल शाम को अपने खेत में डालने के लिए खाद खरीदने को मोटरसाइकिल पर घर से निकला था लेकिन रास्ते में गुलरिया गौरी शंकर गांव के पास तेजी से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली में उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली और उसके चालक को पड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी डॉक्टर ने अस्पताल पहुंचते ही उसे मृत्यु घोषित कर दिया पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली और उसके चालक को कब्जे में ले लिया और मृतक के घर वालों को सूचना दी जिला अस्पताल पहुंचे घरवालो ने लाश की पहचान कर ली जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्रवाई शुरू कर दी ।

### सिक्किम के राज्यपाल का आगमन आज



**गाजीपुर।** जनपद में जन जातिय चेतना समाज के नेतृत्व में आज बुधवार,समय 11 बजे, बिरसा मुंडा जयन्ति अवसर पर लंका मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिक्किम प्रदेश के मा राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य जी होंगे। इस कार्यक्रम की सुचना कार्यक्रम के संयोजक विनोद खरवार के माध्यम से शशिकान्त शर्मा ने दिया।

### दंगल का हुवा आयोजन, मुलूर पांडेय रहे प्रथम विजेता



गाजीपुर। हर साल की भांति इस साल भी ग्राम दिलशादपुर क्षेत्र वाराचवर में दीपावली के महापर्व पर दंगल का आयोजन प्रमुख समाजसेवी अमित सिंह के द्वारा किया गया जिसमे क्षेत्र के कई गावों के पहलवानों ने बढ़ चढ़कर इस दंगल में हिस्सा लिया।वही अमित सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया जिसमे गांव के सभी सम्मानित गण मौजूद रहे। वही रेफरी के तौर पर दिलीप सिंह ने अपनी भूमिका निभाई। वही दंगल के महा प्रतियोगिता में प्रथम विजेता दिलशादपुर के ही मुलुर पांडेय रहे एवं द्वितीय विजेता सुरेश पाल रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डब्बू सिंह, मिंटू सिंह,मनीष सिंह,प्रिंस सिंह, अलेंदर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### धारदार हथियार से हमला कर ग्रामीण को घायल किया

**बरेली।** आंवला कोतवाली इलाके के गांव पचधेर में मामूली विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। इसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए एफआई आर दर्ज करवाई। पीड़ित हुकुम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर पानी भर रहा था। तभी गांव के ही प्रेमपाल पुत्र रामेश्वर सिंह ने उसके खेत पर पानी वाला पाइप हंसिया से काट दिया। जब उससे शिकायत की गई तो वह गाली गलौज करने लगा। उस समय खेत पर कम कर रहे लोगों ने बीच बचाव कर दिया। थोड़ी देर बाद प्रेमपाल पुत्र रामेश्वर सिंह सिंह व सुरजीत सिंह व विनोद पुत्र राजपाल सिंह, जितेंद्र पुत्र ऋषि पाल सिंह गांव के ही निवासी लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर आ गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। उसका पुत्र बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई और उसके सिर में हंसिया मार दिया। आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल राजकुमार शर्मा ने बताया मामले को दर्ज कर लिया गया है जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफसंबंधित धाराओं के अंतर्गत उचित कार्यवाही की जाएगी।

# पैसे को लेकर हुआ विवाद, कई लोग घायल

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सिगरेट और पुड़िया लेने के बाद पैसे को लेकर हुए विवाद की रंजिश में दबंगों ने सरेराह घर मे घुसकर लाठी डंडा और ईटा पत्थर चलाने लगे जिससे अफरा तफरी मच गई, जान बचाकर भागे लोगों पर आरोपियों ने लाइसेंसी असलाहे से फायर करने का आरोप वादी ने लगाया है ,जिसमें महिलाएं बच्चे समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, डॉक्टर ने जांच के दौरान चार लोगों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज सी एच सी पर किया जा रहा है,पुलिस के अनुसार तीन नामजद और तीन अज्ञात पर गभीरं घाराओ मे मुकदमा दर्ज किया गया है,आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है,

पुलिस के अनुसार गांव सिसोरा नकूमपुर की बाजार में बलराम दुकान चल रहा है। शनिवार को आरोपी पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा दुकान से सिगरेट और पुड़िया लेने के बाद पैसों के लेनदेन पर विवाद हो गया था। भरी बाजार में आरोपी ने अपमानित हो जाने पर बदला लेने की ठान ली थी। जिसके चलते सोमवार 7 बजे करीब शाम आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार के घर पर हमला बोल दिया और लाठी डंडे ईटा पत्थर चलाने लगे जिससे अपरा तफरी मच गई जान बचाकर भाग रहे लोगों पर आरोपी के अन्य साथियों द्वारा नाजायज असलाहों से फायर चलाने का आरोप लगाया जा रहा है, घटना में कई लोग गंभीर रूप से



घायल हो गए, सूचना पर निरीक्षक अंबर सिंह भारी पुलिस बल के साथ आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जांच के दौरान अनिकेश शुक्ला, करुणा देवी शुक्ला,सीवी शुक्ला, और अनुज कुमार शुक्ला की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं घटना में घायल किशना देवी पत्नी स्वर्गीय प्रहलाद शुक्ला, लोकेश शुक्ला ,सिंटू शुक्ला ,मिंटू शुक्ला पुत्रगण बलराम शुक्ला को हल्की चोटे होने पर इलाज किया जा रहा है। निरीक्षक अंबर सिंह के अनुसार घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है फायर चलने की पुष्टि को लेकर जांच की जा रही है ,मुकदमा दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

# जिले के राजकीय आश्रम टाइप स्कूलों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**संवाददाता।** गोंडा

● युवाओं की उम्मीदों पर फिरा पानी

● छात्र-छात्राओं के भविष्य का कोई पुरसाहाल नहीं

**जिले** के तीन राजकीय आश्रम टाइप स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया निरस्त हो जाने से जहां युवाओं की उम्मीदो पर पानी फिर गया वहीं छात्र-छात्राओं का भविष्य भी अधर में लटक गया है।

समाज कल्याण विभाग, गोंडा जिले में तीन राजकीय आश्रम टाइप स्कूलों को संचालित कर रहा है। यहां प्रवक्ता व सहायक अध्यापक के 11 पदों पर नियुक्ति के लिए 20 सितंबर 2023 को विज्ञापन भी प्रकाशित किया जा चुका था। जिसके अंतर्गत 10 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए थे। इस दौरान कुल 1089 आवेदन जिला समाज कल्याण अधिकारी, गोंडा के कार्यालय को प्राप्त हुए थे। आवेदक जहां अपनी नियुक्तियों की बाट जोह रहे थे वही अचानक समाज कल्याण निदेशालय ने इन नियुक्तियों की प्रक्रिया को निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया।

उल्लेखनीय है कि आश्रम टाइप स्कूल गोंडा में जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र तथा इतिहास विषयों में एक-एक प्रवक्ता के लिए और गणित तथा अंग्रेजी विषयों में एक-एक सहायक अध्यापक के लिए पद विज्ञापित किए गए थे। आश्रम टाइप स्कूल विशंभरपुर में प्रवक्ता अर्थशास्त्र एवं सहायक अध्यापक गणित के एक-एक पद विज्ञापित थे।

आश्रम टाइप स्कूल सकरौरा कर्नलगंज में गणित विषय के प्रवक्ता व सहायक अध्यापक के एक-एक पद के लिए विज्ञापन निकाले गए थे। इन पदों पर होने वाले नियुक्तियां की प्रक्रिया निरस्त हो जाने की दशा में शिक्षकों की कमी के चलते छात्र-छात्राओं के भविष्य के सवाल पर संबंधित अधिकारी मौन हैं।

# अंडर 14 वर्ग का अंतर जिला ट्रायल परीक्षण 15 नवम्बर को

**संवाददाता।** गाजीपुर

**जनपद** में गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि गाजीपुर मंडल का अंडर 14 का अंतर जनपदीय ट्रायल परिक्षण आगामी 15 नवम्बर 2023 को स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित जी.डी.सी.ए. मैदान खेला जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद मऊ का अंडर 14 श्रृंखला का ट्रायल परिक्षण पूर्व में ही डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में संपन्न कराया जा चुका है। जनपद बलिया तथा गाजीपुर के अंडर 14 खिलाडियों का ट्रायल परिक्षण आगामी बुधवार 15 नवम्बर को जी.डी.सी.ए. मैदान में



कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का ट्रायल उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अधिकृत चयनकर्ता की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कराया जायेगा। उन्होंने ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाडियों से अपील की कि नियत तिथि 15 नवम्बर को प्रातः 07:30 बजे स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित जी.डी.सी.ए. मैदान में अपने चेस्ट नंबर व मूल पंजीकरण स्लिप, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। असुविधा की स्थिति में खिलाडी व अभिभावक रंजन सिंह से मोबाइल नंबर 7007684929 व 7839349331 पर सम्पर्क कर सकते है। सभी खिलाड़ी अनुशासन में रहते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन करें।

# युवती ने रेप केस में फंसाने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

**बरेली।** मुकदमे में फैसला करने के लिए आरोपी ने एक युवती से झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दिलवायी 25 हजार देकर पांच लाख की बात तय की युवती ने ब्लैकमेल कर रुपये मांगने शुरू कर दिए झूठा शिकायती पत्र व्हाट्एप भी किया पीड़ित ने आरोपी और धमकी देने वाली लड़की के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई । बाराबंकी थाना क्षेत्र मे अर्चना रेजीडेंसी रायपुरा रोड निवासी रोहित भाटिया ने बताया वह अपने चाचा की दुकान पर बैठा था उसके व्हाटसएप पर हेलो का मैसेज आया इसके बाद तमाम मैसेज आने शुरू हो गए मैसेज करने वाली नेहा जैकब ब्लैकमेल कर रुपये की मांग करने लगी नेहा जैकब ने कॉल पर बताया उसे कालीबाड़ी निवासी देवेन्द्र ने रोहित को फंसाने के लिए 25 हजार रुपये दिए है उसने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर 10 लाख रुपये समझौते के नाम पर वसूलने की बात कही इसमें से पांच लाख रुपये नेहा को मिलेंगे ।डराने के लिए नेहा ने एक शिकायती पत्र व्हाटसएप पर भेजा।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में लगा बाल मेला

**गाजीपुर।** जनपद के सुप्रसिद्ध शिक्षा केंद्र सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की निदेशक डॉ प्रीति सिंह थी। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर अमित रघुवंशी, सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी, उपस्थित रहे। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ प्रीति सिंह जी द्वारा फीता काटकर पंडित जवाहरलाल नेहरू और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया जिसके पश्चात %बाल मेला% का आरंभ हुआ। इस मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्टॉल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और आसपास के लोग मेला देखने पहुंचे। इस बाल मेला से बच्चों ने समाज को आत्मनिर्भर बनने



का संदेश दिया। इस मेले के माध्यम से बच्चों के अंदर उत्साह, उमंग से परिपूर्ण जीवन में प्रगति करने का लक्ष्य दिखा। बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी उत्साहपूर्ण थे। उन्होंने विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिए और बच्चों के जीवन मे बेहतर विकास के प्रति आसान्वित एवं संतुष्टि महसूस किए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने बच्चों को चाचा नेहरू के बारे में बताते हुए यह संदेश दिया की उन्हें भी अपने देश भारत के प्रति प्रेम ,सद्भावना, कर्मठता, ईमानदारी का आचरण धारण कर अपने जीवन को देश के प्रति समर्पित करने की तथा आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा पैसे का महत्व समझने की जरूरत है। अंततः उन्होंने बाल मेला में आत्मनिर्भर बच्चों को उनके द्वारा की हुई मेहनत का फल बताते हुए बाल मेला में सबसे अधिक आय करने वाले प्रथम स्थान पर कक्षा - 9 कक्षा अध्यापक अक्षय उपाध्याय, द्वितिय कक्षा - 7 कक्षा अध्यापक विष्णु दत्त शर्मा, तृतीय स्थान कक्षा - 10 कक्षा अध्यापक शिवांगी सिंह तथा पार्टिसिपेंट्स विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दिये। अंततः उन्होंने सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया साथ ही सभी अतिथिगण, अभिभावकगण तथा सभी कर्मचारीगण, उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार, विद्यालय की सीसीए कोऑर्डिनेटर शिवांगी सिंह प्रकाश सिंह कोकिला तिवारी तथा सभी शिक्षक गण का बाल मेला को सफल बनाने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर बाल मेला का समापन किए।

# बाल दिवस पर याद किये गये नेहरू

**संवाददाता।** बरेली

**बाल** दिवस के अवसर पर सुबह शिक्षा केन्द्र टाइनी टाट्स स्कूल में बच्चों ने कविता, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर चाचा नेहरू को याद किया। कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी एवं स्कूल की प्रिंसिपल सीमा पुरी जी एवं ने नेहरु जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राकेश पुरी जी ने बच्चों को बाल दिवस का महत्व बताया। बाल दिवस पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री बच्चों के प्यारे पं. जवाहरलाल नेहरू के आदर्शों व उनके जीवन मूल्यों को याद किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सीमा पुरी ने छात्र छात्राओं को बाल दिवस की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने इस खास मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया। इसके बाद जादूगर अकुंश ने अपनी प्रस्तुति से बच्चों का मनोरंजन किया। जादूगर ने कागज से रंग बिरंगी छतरी, कागज से रुपये बनाना, तिरंगा झंडा बनाना, आदि करतब दिखाकर बच्चों को हैरत में डाल दिया। जादू दिखाकर बच्चों को संदेश भी दिया। कार्यक्रम में श्रीमती सीमा पुरी, वरिष्ठ



कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी श्री वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री एस सी गुप्ता जी, महाप्रबंधक श्री वेकंट एस के, महाप्रबंधक श्री पीवीके शास्त्री जी, महाप्रबंधक श्री प्रदीप शर्मा जी, महाप्रबंधक श्री सत्यजीत प्रधान जी, संयुक्त महाप्रबंधक श्री नवीन गुप्ता, संयुक्त महाप्रबंधक मुकेश खेतान जी, सयुंक्त महाप्रबंधक श्री हीरा लाल जी, संयुक्त महाप्रबंधक श्री अमित गुप्ता ,संयुक्त महाप्रबंधक श्री आर के शर्मा एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिकाओं ने बच्चों को उपहार वितरित किये।

# तीर्थ नगरी चित्रकूट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हुआ भव्य स्वागत



**संवाददाता।** चित्रकूट

**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष विमान से देवांगना घाटी स्थित चित्रकूट एयरपोर्ट पहुंचे। जगदगुरु रामभद्राचार्य व बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल आदि जनप्रतिनिधियों से भेंट के बाद आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक बांदा डॉ विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला से एयरपोर्ट निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

मंगलवार को विशेष विमान से धर्म नगरी चित्रकूट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से कहा कि कार्यदाई संस्थाओं से समीक्षा कर चित्रकूट एयरपोर्ट के कार्यों में प्रगति करायें। डीएम-एसपी समेत जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं भगवान श्री कामतानाथ की फोटो भेंटकर स्वागत किया। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री लोनिवि चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सीएम योगी ने चित्रकूट आगमन पर पूज्यपाद जगद्गुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य जी से भेंट कर स्वास्थ्य का कुशल क्षेम जाना। पूज्य गुरुदेव के दिपावली पर चित्रकूट प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं।

# बाल दिवस के मौके पर चाचा नेहरू को बच्चों ने किया याद



**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट

**बाल** दिवस पर राजापुर तहसील क्षेत्र केशिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही सभी जगह चाचा नेहरू को याद किया गया। इसी क्रम पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर सनराइज इंटरनेशनल स्कूल सरधुवा एस एम पब्लिक स्कूल संस्कार पब्लिक स्कूल राजापुर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई और बच्चों को पंडित नेहरू के व्यक्तित्व, त्याग और बलिदान से अवगत कराया गया कार्यक्रम की शुरुवात सबसे पहले विद्यालय के प्रबंधक दीपक जायसवाल के द्वारा पंडित नेहरू के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके की वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य मोहिनी शिवहर ने बच्चों को बाल दिवस के बारे बताया और उन्हें मेहनत से पढ़ने के लिए प्रेरित किया इसी क्रम में सरधुवा विद्यालय के संचालक शिवम सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की हम सभी को चाचा नेहरू जीवन से सीख लेनी चाहिए, उन्होंने देशहित में जो कार्य किए हैं वह हमेशा याद रखे जाएंगे।

# मऊ पुलिस ने युवक की हत्या का किया खुलासा

● चार आरोपियों से दो बाइकें, आलाकत्ल बांका व दुपट्टा बरामद

● पुत्री से छेड़छाड़ का बदला लेने को बनाई हत्या की योजना

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में पुलिस टीम में हत्या की घटना का खुलासा कर चार को घटना में प्रयुक्त दो बाइकों व आलाकत्ल बांका, दुपट्टा समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 11 नवम्बर को मऊ थाने के करही गांव हाल मुकाम लालतारोड के जयनारायण सिंह पुत्र अलखनारायण सिंह ने मऊ थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उनके 22 वर्षीय पुत्र मोहित की शनि, रोहित, गुड्डू पुत्र रामबहादुर, राजा पुत्र अज्ञात निवासी लालतारोड ने हत्या कर दी है। घटना बाबत थाने में हत्या का मामला नामजद दर्ज किया।

पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के प्रभारी निरीक्षक मऊ को निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक की टीम ने घटना में शामिल शनि, शिव स्वरूप उर्फ रोहित उर्फ खुन्नू पुत्र स्व रामबहादुर रैदास, शिव प्रकाश उर्फ राजा पुत्र स्व रामनरेश रैदास व विवेचना में प्रकाश में आये ओमप्रकाश उर्फ सुग्गन पुत्र स्व रामनरेश रैदास निवासी माधव का पुरवा लालतारोड को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक यूपी/96जे-3152 व यूपी/96एल-8142 तथा आलाकत्ल बांका व दुपट्टा बरामद किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक मोहित दस नवम्बर को लालता रोड के आरोपी शिवप्रकाश उर्फ राजा की पुत्री से छेड़छाड़ कर रहा था। पुत्री का शोर सुन शिवप्रकाश मौके पर पहुंचा था। घटना से क्षुब्ध शिवप्रकाश उर्फ राजा अपने भाई ओमप्रकाश, चचेरे भाई शनि व शिवस्वरुप उर्फ रोहित उर्फ खुन्नू ने मिलकर मोहित की पिटाई कर मोहित के हत्या की योजना बनायी।

# नेहरू जयंती पर कांग्रेसियों ने दलित बस्ती में वितरित की शैक्षणिक सामग्री



**फतेहपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आज कांग्रेसियों ने दलित बस्ती विनोबा नगर में चाचा नेहरू का जन्मदिन बस्ती के बच्चों के बीच मनाया गया। बच्चों को मिठाई के अतिरिक्त पेन, पेंसिल, कॉपी, स्टेशनरी बांटकर शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने शिक्षा की असीम जरूर को देखते हुए तमाम शैक्षणिक संस्थान खुलवाए। शिक्षा से ही विकास है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षित करें, ताकि वह समाज में खड़े होकर देश को अपना योगदान देने में सक्षम हों। दलित बस्ती में जिला अध्यक्ष के अतिरिक्त, सुधाकर अवस्थी, इशरत खान, एसदीप रस्तोगी, जैनेंद्र प्रजापति एड., इकबाल अहमद, राजू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग स्कूल में बाल दिवस पर हुई खेल प्रतियोगिता

**फतेहपुर।** जी.टी. रोड स्थित भावना दिव्यांग स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष में श्रवण बाधित एवं मानसिक मंदित बच्चों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अध्यापकों ने बच्चों को क्षमता के अनुसार खेलकूद कराये, जिनमे जलेबी दौड़ में उदय प्रथम, गोल में रिंग फेंकने में विपिन प्रथम, साथ ही साथ जवाहरलाल नेहरू का पसंदीदा पुष्प गुलाब के फूल में रंग भरो प्रतियोगिता में बहुत सारे बच्चों ने प्रतिभा प्रदर्शन किया जिसमें फलक प्रथम रही।

# विधि विधान से हुई रघुवीर मंदिर में गोवर्धन की पूजा



**चित्रकूट।** संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत स्थापित रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज मंगलवार को रामनाम कीर्तन के साथ बृज के भगवान और पर्वतों के राजा कहे जाने वाले गिरिराज अर्थात गोवर्धन जी की पूजा बड़े ही विधि विधान और हर्षोल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर गोवर्धन भगवान को अन्नकूट के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। जानकीकुंड के रघुवीर मंदिर में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बी0 के0 जैन,श्रीमती ऊषा जैन,डा ईलेश जैन एवं सदगुरू परिवार के तमाम सदस्यों की मौजूदगी में भजन कीर्तन हुआ।

# साढ़े तीन लाख की लूट का 48 घंटे में हुआ खुलासा, लूट की रकम समेत दो गिरफ्तार

● लूट की घटना को दोस्त ने ही दिया था अंजाम

**संवाददाता।** बिंदकी, फतेहपुर



**दस** नवंबर को किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम एकडला के आगे अहमदगंज तिहार के बीच बाइक से साढ़े तीन लाख रूपये की हुई लूट का क्राइम ब्रांच व पुलिस की संयुक्त टीम ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए लूटी गई रकम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। लूट में शामिल एक अन्य फरार अभियुक्त की तलाश की जा रही है। इस लूट की घटना को अंजाम देने वाले कोई अनजान व्यक्ति नहीं थे। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने जिस व्यक्ति को पैसा निकालने बैंक भेजा था उसी ने लूट की योजना बना डाली थी।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि दस नवंबर को खागा कोतवाली क्षेत्र के मानू का पुरवा निवासी रितिक ने अपने दोस्त दीपक सोनी को पैसा निकालने के लिए विड्राल फार्म में तीन लाख अस्सी हजार रुपया भरकर हस्ताक्षर बनाकर भेजा था। दीपक सोनी अपने साथ अभिषेक पुत्र फूलचंद्र निषाद निवासी चंदापुर थाना किशनपुर को लेकर बैंक आफ बड़ौदा शाखा किशनपुर से तीन लाख अस्सी हजार रूपये निकालकर ग्राहक सेवा केंद्र चंदापुर ले जा रहे थे। रास्ते में ग्राम एकडला के आगे अहदमगंज तिहार के बीच सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से दो अज्ञात व्यक्तियों ने पैसे से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशनपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत किया। लूट के खुलासे के लिए किशनपुर पुलिस, एसओजी, इंटेलीजेंस विंग व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम लगी थी।

विवेचना के दौरान प्रकाश में आये दीपक सोनी पुत्र रामचंद्र सोनी निवासी मानू का पुरवा कस्बा व थाना खागा व सूरज कुमार पुत्र स्व. राजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम अहमदगंज तिहार थाना किशनपुर को घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ सरौली गांव के समीप गिरफ्तार कर लिया।

## क्विक न्यूज

### मदरसे के बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया बाल दिवस



**फतेहपुर।** बच्चे मन के सच्चे, सारे जग के चांद सितारे ये जो नन्हें नन्हें फूल हैं, भगवान को लगते हैं प्यारे। बच्चों की भावनाओं का कोई मोल नहीं होता क्योंकि सच में बच्चों में ईश्वर का निवास होता है। इस भाव को लेकर बाल दिवस के अवसर पर दोपहर एक बजे इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में चेयरमैन व यूथ आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने मदरसा इस्लाहुल अतफाल स्कूल के बच्चों के साथ मनाया। डॉ. अनुराग ने सभी बच्चों को खाद्य सामग्री बिस्कुट, टॉफियां व गुब्बारे देकर खुशियां बांटने की छोटी सी कोशिश की। बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश दिखे।

### 16 को विधायक करेंगे स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण

**चित्रकूट।** चित्रकूट सेवा आश्रम के प्रबंधक डॉ रमेशचन्द्र ने बताया कि इनरव्हील नार्थ दिल्ली के सहयोग से मानिकपुर ब्लाक के ओडकीमाफी गांव के मजरा बटखुरा में हमारा स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का लोकार्पण 16 नवम्बर को मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी करेंगे। मंगलवार को चित्रकूट सेवा आश्रम के प्रबंधक डॉ रमेशचन्द्र ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष डॉक्टरों की टीम एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी। 17 नवम्बर को संचय वाटिका बटखुरा में गौशाला का शुभारम्भ व खेत-तालाब का लोकार्पण इनरव्हील नार्थ दिल्ली की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ उवर्शी मित्तल के कर कमलों से होगा।

### शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी संपन्न

**फतेहपुर।** मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन श्रवण कुमार पांडेय पथिक की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी रामदास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा दीप पर्व मे शारदे, आया तेरे द्वार। मां, अंतस का तम हरो,भरो दिव्य उजियार। कार्यक्रम को गति देते हुए आगे कविता पढ़ी- आओ खुशियां बांटें सबको, दीपावली मनायें। हो अंतस-आंगन आलोकित, दीपक वही जलायें। शिव सागर साहू ने अपने भाव प्रस्तुत करते हुए गाया- घर घर मे दीपक जले, पग पग हुआ प्रकाश। जगमग- जगमग है धरा, होता राष्ट्र- विकास। श्रवण कुमार पांडेय पथिक ने पढ़ा- आदमी पतन के आखर लिखने लगा। सावधान, शिव जी का तीसरा नयन खुलने लगा। दिनेश श्रीवास्तव ने पढ़ा- घी के दीपक अवध मे, लंका मे अति शोक। पूनम मे भी तम रहे, मावस मे आलोक। दीप चंद्र गुप्ता ने पढ़ा- मिट्टी के जो दिये जलाते, हर घर में दीवाली को। उनके बने जलाएं दीपक, उनके घर खुशहाली को। धीरेंद्र कुमार पाल ने पढ़ा- दीवाली के दीप ये, देते हैं संदेश। ऐसे बनो प्रकाशमय, चमके सारा देश।

### किसान दिवस अब 16 को

**फतेहपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि माह के तृतीय बुधवार 15 नवंबर को भैया दूज व चित्रगुप्त जयंती का राजपत्रित अवकाश होने के कारण किसान दिवस 16 नवंबर को 12 बजे से 2 बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों व विषेशज्ञों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। कृषकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

### सुल्तानपुर घोष में आज से सनातन रामलीला का शुभारंभ

**खागा, फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर घोष गांव में वर्षो से चली आ रही प्राचीन रामलीला श्रीसनातन रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित की जा रही है। कमेटी के अध्यक्ष सुनील जायसवाल (गुड्डू), कोषाध्यक्ष अखिलेश पाल एवं संरक्षक सदस्य राजन तिवारी ने बताया कि आयोजन लगातार बारह दिन चलेगा। ये सभी कार्यक्रम सुल्तानपुर घोष गांव स्थित रामलीला चबूतरे पर आयोजित होंगे। 15 नवंबर को गणेश पूजा एवं मुकुट पूजा के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा।

# गंगा आरती कर दिया नदी को स्वच्छ रखने का संदेश



**संवाददाता।** फतेहपुर

**गंगा** बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा अमावस्या पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती में मुख्य यजमान के रूप में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता एवं सीओ सिटी वीर सिंह मौजूद रहे। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। गंगा आरती के दौरान विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

नमामि गंगे विभाग से फतेहपुर में गंगा घाटों का भी निर्माण कराया गया है। सब का कर्तव्य है कि मां गंगा को स्वच्छ रखें। क्षेत्राधिकारी नगर वीर सिंह ने कहा कि हम सभी को गंगा घाटों में साफ सफाई बनाये रखना चाहिये। गंगा नदी में किसी प्रकार का कूड़ा न डाले और जल को गंदा ना करें। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा अमावस्या पर आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

# तमंचा व कारतूस के साथ गौ तस्कर हुआ गिरफ्तार

**असोथर, फतेहपुर।** पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहे अंतर्जनपदीय गौ तस्कर को असोथर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। उसके पास से तमंचा-कारतूस भी बरामद हुआ। असोथर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य उपनिरीक्षक उमेश यादव व हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से मंगलवार को गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमें में वांछित चल रहे गौ तस्कर राजेश कुमार पुत्र रज्जन प्रसाद पाल निवासी ग्राम ऐमातपुर थाना असोथर को एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

# तमंचा व कारतूस समेत एक व्यक्ति को शिवली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण व अवैध शस्त्र बरामदगी की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासा करने की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, चेकिंग के दौरान थाना शिवली पुलिस द्वारा मुस्तैदी के साथ कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास की सूचना पर 1 नफर अभियुक्त शिवा पुत्र सम्पत उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नं0 11 ब्रह्मनगर कंजड़डेरा अकबरपुर थाना अकबरपुर कानपुर देहात को मय 1 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ आज दिनांक 14.11.2023 समय 13.00 बजे मवैया मोड़ शिवली थाना शिवली जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया।

# पेज एक का शेष

## महादेव ऐप...

रोकने के प्रयास में निहित स्वार्थों द्वारा उकसाया गया एक कदम था। जानकारी के मुताबिक, सामाजिक कार्यकर्ता बैंकर ने दावा किया है कि लोगों से 15,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468, 471 और 120 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। एफआईआर में शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी सौरभ चंद्राकर कई प्रभावशाली हस्तियों और कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से जुड़े हुए हैं। एफआईआर में उल्लेख किया गया है कि आरोपियों में से एक सौरभ चंद्राकर ने अनौपचारिक तरीकों से मुनाफा कमाने के लिए मैच फिक्सिंग में सक्रिय रूप से भाग लिया और बर्मन की भूमिका की जांच की जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी एपीपी सिंडिकेट की जांच कर रहा है जिसमें इस सट्टेबाजी सिंडिकेट के प्रवर्तक कथित तौर पर विदेश में बैठे हैं और अपने दोस्तों और सहयोगियों की मदद से पूरे भारत में हजारों पैनल चला रहे हैं। ईडी के अनुसार उसने पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 450 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय जब्त कर ली है और 14 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है। 2 नवंबर को ईडी को खुफिया जानकारी मिली कि 7 और 17 नवंबर, 2023 को होने वाले विधानसभा चुनावों के संबंध में महादेव एपीपी के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाया जा रहा है। ईडी ने होटल ट्राइटन और भिलाई में एक अन्य स्थान पर तलाशी ली और एक कैश कूरियर असीम दास को रोका, आरोप है कि उसे कथित तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के चुनावी खर्चों के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात से भेजा गया था। ईडी का दावा है कि असीम दास से पूछताछ और उसके पास से बरामद फोन की फोरेंसिक जांच और महादेव नेटवर्क के एक उच्च पदस्थ आरोपी द्वारा भेजे गए ईमेल की जांच से कई चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं, अर्थात् नियमित भुगतान कथित तौर पर अतीत में किए गए हैं और अब तक महादेव ऐप प्रमोटर्स द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक चुनावी रैली में महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले को लेकर भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। घोटाले पर बघेल से जवाब मांगते हुए मोदी ने कहा कि जांच एजेंसियों की छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकदी जब्त की गई है और बताया कि मुख्यमंत्री के सहयोगी भी जेल में हैं।

## दिल्ली को...

आनंद विहार (439) और नेहरू नगर (450), आईटीओ (427), आरके पुरम (422), पंजाबी बाग (423), नेहरू नगर (450), आनंद विहार (439) और नेहरू नगर (450) का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। जबकि एनसीआर के गाजियाबाद (356), गुरुग्राम (386), ग्रेटर नोएडा (348), नोएडा (364) और फरीदाबाद (384) में भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता निगरानी में विशेषज्ञता रखने वाली स्विस कंपनी एक्यूएयर के अनुसार, दिल्ली मंगलवार को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर था। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में मुंबई और कोलकाता पांचवें और 10वें स्थान पर हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भले ही लोग गंभीर वायु प्रदूषण की स्थिति से जूझ रहे हों, लेकिन आप और भाजपा मौजूदा स्थिति के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगा रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दोहराया कि भाजपा से जुड़े लोग दिवाली के दौरान पटाखे फोड़ने का समर्थन करने के लिए बेतुका औचित्य पेश कर रहे हैं, जिसके चलते राजधानी में प्रदूषण के स्तर में तेज वृद्धि हुई है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के लिए आप शासित पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि वायु प्रदूषण पर चर्चा सिर्फ दिवाली पर नहीं बल्कि पूरे साल भर होनी चाहिए। आप सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पानी के छिड़काव सहित कई उपाय लागू किए हैं जिनमें बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों को दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही निगरानी बढ़ा दी है। दिल्ली सरकार ने सड़कों पर पानी छिड़कने के लिए 215 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात किया है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर पानी छिड़कने के लिए 70 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन होंगी। विभिन्न प्रदूषण स्त्रोतों के योगदान की पहचान करने के लिए पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय (ट्रापिकल) मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित एक प्रणाली के अनुसार, मंगलवार को राजधानी में वायु प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत थी और बुधवार को 14 फीसदी और गुरुवार को 6 फीसदी रहने की संभावना है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) द्वारा संचालित कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रोइकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्राम स्पेस (क्रीम्स) के आंकड़ों से पता चला है कि पंजाब में मंगलवार को 1,776 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गईं, जिससे खेत में आग लगने की कुल संख्या 28,117 हो गई, जबकि वायु गुणवत्ता सूचकांक हरियाणा और सीमावर्ती राज्य में खराब और बहुत खराब श्रेणी में थे। ताजा आंकड़ों से संकेत मिलता है कि राज्य में फसल अवशेष जलाने के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। राज्य में 9 नवंबर को 639, 10 नवंबर को छह, 11 नवंबर को 104, 12 नवंबर को 987 और 13 नवंबर को 1,624 मामले दर्ज किए गए थे। हवा में खतरनाक उछाल के पीछे पंजाब और हरियाणा में धान की पराली जलाना एक कारण माना जाता है। अक्टूबर और नवंबर में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 15 सितंबर से 14 नवंबर तक दर्ज की गई कुल 28,117 खेतों में आग में से, संगरूर में सबसे अधिक 4,961 पराली जलाने के मामले दर्ज किए गए, इसके बाद फिरोजपुर में 2,554, मनसा में 2,063, बठिंडा में 2,061 और तरनतारन में 1,916 मामले दर्ज किए गए।

## फिल्मी कहानी...

उसके बाद उसे दोषमुक्त कर दिया गया। एक अधिकारी को 56जे (ओम करण, सहायक आयुक्त) के तहत समय से पहले सेवानिवृत्ति दे दी गई थी लेकिन प्रतिनिधित्व समिति द्वारा उन्हें बहाल कर दिया गया था। हाल ही में, कनिष्ठ कर्मचारियों ने वास्तविक शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में मामले को बंद करने के लिए वरिष्ठों के समक्ष एक फ़ाइल रखी। लेकिन एक फ़ाइल नोटिंग की आकस्मिक खोज ने सतर्कता निदेशालय को फ़ाइल की दोबारा जांच करने और इस मामले में शामिल अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए मजबूर किया। एनसीसीएसए बैठक के लिए एक एजेंडा दस्तावेज़ में सतर्कता निदेशालय ने कहा है कि दिल्ली से बाहर तैनात तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में एक प्रस्ताव उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद गृह मंत्रालय को भेजा जा रहा है। डीओवी के एजेंडा दस्तावेज़ के अनुसार, तत्कालीन प्रमुख सचिव (गृह) अर्चना अरोड़ा की जांच में दो आईएएस और एक दानिक्स(दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप सिविल सेवा) अधिकारियों की ओर से 'पर्यवेक्षी चूक' पाई गई, जो चोरी के समय कर और व्यापार विभाग में सेवारत थे। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, व्यापार और कर विभाग की एक प्रवर्तन टीम ने 1 मार्च 2014 को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो कुलियों से करीब 17 किलोग्राम सोना और 36 किलोग्राम चांदी जब्त की। पहले 24 बंडलों में कीमती सामान को एक अस्थायी सुरक्षित स्थान पर और बाद में 9 मार्च 2014 को व्यापार और कर विभाग भवन की 13वीं मंजिल पर एक कमरे में सुरक्षित रखने के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। तत्कालीन प्रमुख सचिव (गृह) की जांच रिपोर्ट में कई खामियां पाई गईं, जैसे कुलियों का कोई विवरण नहीं लिया गया और न ही पार्सल के मालिकों और प्राप्तकर्ताओं का पता लगाने के लिए रेलवे अधिकारियों से संपर्क करने का कोई प्रयास किया गया, जिसके माध्यम से सोने और चांदी की वस्तुएं दिल्ली लाई गईं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1 मार्च 2014 से 5 मार्च 2014 तक जब्ती की तारीख से जब्त की गई वस्तुओं की कोई सूची तैयार नहीं की गई थी। बाद में 11 मार्च 2014 को सूची तैयार की गई, जिसके अनुसार रेलवे स्टेशन से लगभग 17 किलो सोना, 226 किलो चांदी और 33 लाख रुपये की मुद्रा जब्त की गई। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 8 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई। चोरी मई 2014 में हुई थी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि 9 मई 2014 की रात को 12 किलो सोना, 36 किलो चांदी के अलावा 7.36 लाख रुपये के करेंसी नोट सहित कीमती सामान चोरी हो गए। अगले दिन चोरी की एफआईआर दर्ज करायी गयी। बाद में जून 2014 में मुख्य सचिव द्वारा तत्कालीन प्रमुख सचिव (गृह) को जांच सौंपी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह आरोप लगाया गया है कि प्रमुख सचिव (गृह) की रिपोर्ट, जिसमें संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई थी और उनकी ओर से खामियों को नोट किया गया था, उपराज्यपाल को नहीं दिखाई गई। यह भी बताया गया कि जहां जब्त किया गया कीमती सामान रखा गया था वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया था और केवल दो सुरक्षा गार्ड ही इसकी निगरानी कर रहे थे। दिल्ली सरकार के अधिकारी ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि एक वरिष्ठ अधिकारी ने मामले की फाइल पर दर्ज किया कि जब्त की गई वस्तुओं को राजस्व खुफिया निदेशालय या कस्टम अधिकारियों के पास जमा किया जा सकता है, लेकिन बाद में इस नोट को व्यापार और कर भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में इसे संग्रहीत करने की सिफारिश करते हुए दो बार चिपकाया गया। हालांकि इस बात का कोई सुराग नहीं है कि सोना और चांदी कहां से आए और कहां जा रहे थे। उन्होंने कहा, कर अधिकारियों द्वारा अनियमितताओं के आरोपों की जांच कर रहे सतर्कता विभाग ने दिल्ली सरकार में वर्तमान में सेवारत दानिक्स अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। चोरी के समय अधिकारी व्यापार एवं कर विभाग में संयुक्त आयुक्त के रूप में कार्यरत थे।

# युद्ध के प्रभाव से उत्तरी गाजा हो रहा खाली

## ● दक्षिण में मानवीय संकट गहराया

**भाषा।** दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

**संयुक्त** राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि पांच नवंबर के बाद से करीब दो लाख और लोग उत्तरी गाजा से विस्थापित हुए हैं क्योंकि इजरायली सेना अस्पतालों के आसपास फलस्तीनी आतंकवादियों से लड़ रही है, जहां मरीज, नवजात शिशु और चिकित्सक बिना बिजली और जरूरी चीजों की किल्लत के बीच फंसे हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय से संबंधित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि उत्तर में केवल एक अस्पताल मरीजों को भर्ती करने में समर्थ है, अन्य सभी अस्पताल अब काम करने में सक्षम नहीं हैं और इनमें से ज्यादातर आश्रय गृह के रूप में संचालित हो रहे हैं जहां पर युद्ध के कारण विस्थापित लोग शरण ले रहे हैं। गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल शिफा भी इजराइली सेना से घिरा है जहां 36 बच्चों की जान जोखिम में है क्योंकि वहां इनक्यूबेटर के लिए बिजली उपलब्ध नहीं है। हमास की ओर से अचानक हमले के बाद शुरू हुआ युद्ध अब छठे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। हमास के उग्रवादियों ने हमला करके सैकड़ों नागरिकों को मार दिया था और करीब 240 लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ गाजा ले गए थे। इजराइल ने लगभग तीन सप्ताह तक भारी हवाई हमले किए और इसके बाद उत्तर में सेना और टैंक भेजे। युद्ध में जहां हजारों फलस्तीनी नागरिकों को जान गंवानी पड़ी है, वहीं इससे बड़े पैमाने पर तबाही भी हुई। इजराइल ने नागरिकों से उत्तर में गाजा शहर और आसपास के इलाकों को खाली करने का अनुरोध किया है, लेकिन सेना से घिरे क्षेत्र का दक्षिणी हिस्सा भी ज्यादा सुरक्षित नहीं है।



### मशहूर इजराइली शांति कार्यकर्ता विवियन सिल्वर के हमास के हमले में मारे जाने की पुष्टि हुई

यरुशलम। कनाडा मूल की मशहूर इजराइली कार्यकर्ता विवियन सिल्वर के गत सात अक्टूबर को किए गए हमास के हमले में मारे जाने की पुष्टि हुई है। सिल्वर ने फलस्तीनी लोगों के साथ शांतिपूर्ण संबंध के लिए अपना जीवना समर्पित कर दिया था। सिल्वर 1970 के दशक में इजराइल आ गईं और किबुत्ज बीरी मे अपना ठिकाना बनाया। हमास के हमले के बाद 38 दिनो तक यह माना जाता रहा कि वह गाजा पट्टी में रखे गए लगभग 240 बंधकों में से एक थी, लेकिन उनके परिवार को सोमवार को उनकी मौत की सूचना दी गई। हमले में बुरी तरह से जले हुए कुछ अवशेषों की पहचान धीरे-धीरे हो रही है। सिल्वर के बेटे योनातन जीगेन ने मंगलवार को इजराइली रेडियो को बताया, वह एक तरफ बहुत छोटी और कोमल थी, तो दूसरी तरफ प्रकृति की एक शक्ति थी। वह बहुत दृढ़ निश्चई थी। दुनिया और जीवन के बारे में उनकी मजबूत धारणा थी।

### ईरान से गाजा के धन हस्तांतरण पर ध्यान

वाशिंगटन। अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि उसने हमास के अधिकारियो के एक समूह, फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सदस्यो पर तीसरे दौर के प्रतिबंध लगाए है जो ईरान से गाजा मे धन भेजने का काम करते है। अमेरिका ने एक लेबनानी मुद्रा विनिमय सेवा पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के वित्त विभाग की ओर से ए पाबंदियां ब्रिटेन के साथ समन्वय से लगाई गई है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए अचानक हमले के जवाब मे यह कदम उठाया गया है। इन पाबंदियों के तहत चिह्नित लोगो और कंपनियो के अमेरिकी लोगो के साथ कारोबार करने पर रोक होगी।

### फलस्तीनी बच्चों की उम्मीद मौजूदा संकट से पहले ही क्षीण हो रही थी, भविष्य को लेकर अब भी चिंतित

**ऑकलैंड।** साल 2019 से अन्य सभी संघर्षों मे सालाना मारे गए बच्चों की कुल संख्या से अधिक बच्चों के, अकेले अक्टूबर मे, गाजा मे मारे जाने की सूचना मिली है। इस दुखद आंकड़े की वजह से संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को कहना पड़ा कि गाजा बच्चो का कब्रिस्तान बन गया है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के बाद से मानवीय त्रासदी पैमाने और दायरे के मामले मे अभूतपूर्व रही है। हालांकि, पूर्वी यरुशलम और वेस्ट बैंक मे स्थिति उतनी गंभीर नही है, लेकिन उन क्षेत्रो मे भी युवाओ पर इसका प्रभाव गंभीर है। सुरक्षा चिंताओ के कारण बड़ी संख्या मे स्कूल बंद कर दिए गए है और कस्बो के बीच आवाजाही काफी सीमित हो गई है। इजराइली और फलस्तीनी आबादी के बीच हिंसा बढ़ गई है और इसे रोकने के लिए इजराइली सेना या सरकार द्वारा बहुत कम हस्तक्षेप देखने को मिला है।

### भारतीय महिला को सुरक्षित निकाला गया

यरुशलम। युद्धग्रस्त गाजा से एक भारतीय महिला को सकुशल निकाला लिया गया है। कश्मीर निवासी इस महिला ने हमास शासित गाजा से तत्काल निकासी की मांग की थी। महिला के पति ने बताया कि क्षेत्र मे मौजूद भारतीय दूतावासों की मदद से वह सुरक्षित तरीके से मिस्र पहुंच गई है। लुबना नजीर शाबू और उनकी बेटी करीमा ने सोमवार शाम गाजा की सीमा पर स्थित राफा क्रासिंग को पार करके मिस्र का रुख किया। लुबना के पति नेदाल टोमन ने गाजा से पीटीआई को भेजे गए एक लिखित संदेश मे कहा, दोनो अब अल-अरिश (मिस्र का एक शहर) में है। कल सुबह (मंगलवार) वे काहिरा चली जाएंगी।

## क्विक न्यूज

### आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने यूक्रेन को बेचे करोड़ों अमेरिकी डॉलर के हथियार: रिपोर्ट में दावा

**इस्लामाबाद-लंदन।** मीडिया मे आई एक खबर के अनुसार आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने रूस से जारी युद्ध मे यूक्रेन को हथियारो की आपूर्ति करने के लिए पिछले साल कथित तौर पर दो निजी अमेरिकी कंपनियो के साथ हथियारो का सौदा करके कथित तौर पर 36 करोड़ 40 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए थे। सोमवार को बीबीसी उर्दू की खबर के अनुसार एक ब्रिटिश सैन्य मालवाहक विमान ने यूक्रेन को हथियारो की आपूर्ति करने के लिए रावलपिंडी मे पाकिस्तान वायु सेना के नूर खान अड्डे से साइप्रस, अक्रोटिरी मे ब्रिटिश सैन्य अड्डे और फिर रोमानिया के लिए कुल पांच बार उड़ान भरी। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार इस बात से इनकार किया है कि उसने रोमानिया के पड़ोसी देश यूक्रेन को हथियार मुहैया कराए है। द डेटा प्रणाली से मिले अनुबंध के विवरण का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 155 एमएम तोप के गोले की बिक्री के लिएै ग्लोबल मिलिट्रीै औरै नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मनै नामक अमेरिकी कंपनियो के साथ दो अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। खबर मे कहा गया है कि यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने के इन समझौतो पर 17 अगस्त, 2022 को हस्ताक्षर किए गए थे और ए विशेष रूप से 155 एमएम तोप के गोले की खरीद से जुड़े थे।

### रूस: पुतिन ने राष्ट्रपति चुनाव से पहले मीडिया कवरेज पर नए प्रतिबंधों को दी मंजूरी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति चुनाव को नियंत्रित करने वाले कानून मे बदलाव को मंजूरी देते हुए मीडिया कवरेज पर नए प्रतिबंध लगा दिए है। स्थानीय समाचार एजेंसियो ने मंगलवार को यह खबर दी। रूस मे आगामी मार्च मे होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह बदलाव किए गए है। संभावना जताई जा रही है कि रूस मे पिछले 24 सालो से शासन कर रहे पुतिन राष्ट्रपति के रूप मे छठे कार्यकाल के लिए मैदान मे उतर सकते है। हालांकि, पुतिन (71) ने अभी यह घोषणा नही की है कि वे चुनाव लड़ेंगे। पुतिन ने कहा कि वह इस संबंध मे घोषणा संसद की ओर से औपचारिक रूप से चुनाव की तिथि तय कर दिए जाने के बाद करेंगे। उन्होंने जिन संशोधनो को मंजूरी दी है ।

### लेखिका सारा बर्नस्टीन को उपन्यास स्टडी ऑफ ओबिडिएंस के लिए गिलर पुरस्कार मिला

**टोरंटो।** लेखिका सारा बर्नस्टीन को अपने उपन्यास स्टडी फॉर ओबिडिएंस के लिए सोमवार को स्कॉटियाबैक गिलर पुरस्कार मिला। लेखिका ने स्कॉटलैड से ऑनलाइन माध्यम से एक लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार स्वीकार किया, जहां उन्होंने 10 दिन पहले बच्चे को जन्म दिया है। उनका उपन्यास एक युवा महिला के बारे मे है, जिसके जीवन मे एक के बाद एक कई घटनाएं होती रहती है। इस पुरस्कार के तहत एक लाख कनाडाई डॉलर (72,000 अमेरिकी डॉलर) प्रदान किए जाते है और यह सर्वश्रेष्ठ कनाडाई लेखन के लिए दिया जाता है।

### ब्रांड के खिलाफ दो और शिकायतें मिलीं: बीबीसी

लंदन। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने मंगलवार को कहा कि अभिनेता व हास्य कलाकार रसल ब्रांड के व्यवहार की जांच शुरू करने के बाद से उसे दो और लोगों की तरफ से उनके खिलाफ शिकायत मिली है। ब्रिटेन के मीडिया संस्थानो ने पिछले साल सितंबर मे चार महिलाओं के दावों के आधार पर खबरें प्रकाशित की थी। महिलाओं ने आरोप लगाया था कि ब्रांड ने 2006 से 2013 के बीच अपने करियर के चरम पर होने के दौरान उनका यौन उत्पीड़न किया था। ब्रांड (48) ने आरोपो को खारिज कर दिया था।

### इराक की शीर्ष अदालत ने स्पीकर को पद से हटाने का फैसला सुनाया

बगदाद। इराक की शीर्ष अदालत ने मंगलवार को संसद के स्पीकर को बर्खास्त किए जाने का फैसला सुनाया। फेडरल सुप्रीम कोर्ट ने एक बयान मे कहा कि उसने संसद मे मोहम्मद अल हलबूसी के साथ ही लैथ अल दुलैमी की सदस्यता को समाप्त करने का फैसला किया है। शीर्ष अदालत ने इसका कारण नही बताया। हलबूसी इराक मे सर्वोच्च सुन्नी अधिकारी है। देश की पंथ आधारित सत्ता साझेदारी की व्यवस्था के तहत संसद का स्पीकर हमेशा सुन्नी होता है, वहीं प्रधानमंत्री शिया और राष्ट्रपति कुर्द होता है। हलबूसी और सुन्नी समुदाय से ही आने वाले दुलैमी के बीच विवाद की पृष्ठभूमि मे अदालत का यह निर्णय आया है।

### रूसी अदालत ने गूगल पर जुर्माना लगाया

मॉस्को। रूस की एक अदालत ने रूसी उपयोगकर्ताओ के लिए निजी डेटा भंडारित करने मे नाकाम रहने को लेकर गूगल पर मंगलवार को जुर्माना लगा दिया। यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और पश्चिमी देशो के बीच तनाव की पृष्ठभूमि मे गूगल पर लगाए गए सिलसिलेवार जुर्माने मे यह नवीनतम है। मॉस्को की तागंस्की जिला अदालत के मजिस्ट्रेट ने गूगल पर 1.5 करोड़ रूबल (लगभग1,64,200 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा रूस मे रूसी नागरिको के निजी डेटा भंडारित करने से बार-बार इनकार किए जाने पर अदालत का यह आदेश आया।

### ट्रंप की सबसे बड़ी बहन मैरिएन बैरी का निधन

न्यूयॉर्क। सेवानिवृत्त संघीय न्यायाधीश और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे बड़ी बहन मैरिएन ट्रंप बैरी का न्यूयॉर्क स्थित उनके घर मे निधन हो गया। वह 86 वर्ष की थी। बैरी 2019 मे सेवानिवृत्त होने तक यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स की वरिष्ठतम न्यायाधीश थी। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने इस बात की पुष्टि की है कि बैरी के मैनहट्टन स्थित आवास पर अधिकारियों को तड़के साढ़े चार बजे से पहले भेजा गया था और वहां एक महिला का शव मिला था। विभाग ने बताया कि मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नही हो पाया है।

### खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में तीन की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे दो अलग-अलग आतंकी हमलो मे दो सैनिको समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने एक बयान जारी कर बताया कि उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली तहसील मे सोमवार को आतंकवादियो के खिलाफ मुठभेड़ मे दो सैनिको की मौत हो गई। बयान के मुताबिक इस दौरान एक आतंकवादी भी मारा गया है। दूसरी घटना डेरा इस्माइल खान जिले के द्रजिंदा तहसील मे तब हुई जब तेल एवं गैस कंपनी के काफिले पर आतंकवादियो ने हमला कर दिया।

## अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव: हेली की प्रचार मुहिम ने पकड़ी रफ्तार, ट्रंप की बढ़त बरकरार

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदारी पेश रह रहीं भारतीय अमेरिकी नेता निक्की हेली की चुनाव प्रचार मुहिम गति पकड़ती नजर आ रही है। दरअसल प्रतिद्वंद्वी खेमों को चंदा देने वाले कई अहम लोगों ने हेली का साथ देने का फैसला किया है और भारतीय अमेरिकी नेता ने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान आयोवा और न्यू हैम्पशायर में टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल विज्ञापनों पर एक करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने की घोषणा की है। बहरहाल, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं और उनकी स्वीकृति की रेटिंग 60 प्रतिशत से भी अधिक है। फ्लोडिया के गवर्नर रॉन डेसेंटिस करीब 14 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर हैं, लेकिन उनकी लोकप्रियता में पिछले कुछ महीने से गिरावट आ रही हैं। पहले उनकी स्वीकृति की रेटिंग 30 प्रतिशत से अधिक थी। दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने के लिए हुई बहस में शानदार प्रदर्शन के बाद से हेली की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और उनकी स्वीकृति रेटिंग दोहरे अंक में पहुंच गई है। कैक्सटन अल्टरनेटिव मैनेजमेंट के ब्रूस कोवनर और हार्लन क्रो समेत विरोधी खेमे को चंदा देने वाले कई लोगों ने हेली का समर्थन करने का फैसला किया है। पहले टिम स्कॉट का समर्थन कर रहे केन ग्रिफिथ ने भी हेली को समर्थन देने की घोषणा की है। इससे प्रोत्साहित होकर हेली ने सोमवार को घोषणा की कि उनके चुनाव प्रचार अभियान के दौरान आयोवा और न्यू हैम्पशायर में टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल विज्ञापनों पर एक करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाएंगे।

## बाइडन के साथ महत्वपूर्ण बैठक के लिए शी चिनफिंग अमेरिका के लिए रवाना



**भाषा।** बीजिंग

**चीन के राष्ट्रपति** शी चिनफिंग बुधवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए मंगलवार को अमेरिका के लिए रवाना हो गए। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में तनावपूर्ण संबंधों के बीच यह यात्रा हो रही है। बाइडन-शी की बैठक एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन से इतर होगी जिसका आयोजन अमेरिका 11 से 17 नवंबर तक सैन फ्रांसिस्को में कर रहा है। यह दोनों नेताओं की एक साल के भीतर दूसरी बार आमने-सामने की मुलाकात होगी। दोनों पिछले साल 14 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली में जी20 शिखर-सम्मेलन से इतर व्यक्तिगत रूप से मिले थे। चीन ने कहा है कि शी और बाइडन चीन-अमेरिका के संबंधों को आकार देने में रणनीतिक और बुनियादी महत्व वाले मुद्दों पर तथा वैश्विक शांति एवं विकास से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, यह अत्यंत महत्व वाली बैठक होगी। शी के साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल जा रहा है। वह चीन-अमेरिका शिखर-सम्मेलन में और अमेरिका में एपीईसी आर्थिक नेताओं की 30वीं बैठक में भी भाग लेंगे। दोनों देशों द्वारा विस्तृत तैयारियों के बाद शिखर-सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इनमें अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीन के विदेश मंत्री वांग ई की बातचीत शामिल है।

### दक्षिण एशियाई अमेरिकियों ने दीपावली की परंपराओं को अमेरिका के ताने-बाने में बुना है: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि दक्षिण एशियाई अमेरिकियो ने अमेरिका के विकास में अहम भूमिका निभाई है और दीपावली से जुड़ी परंपराओ को देश के ताने-बाने से जोड़ा है। बाइडन ने एक संदेश मे कहा, अमेरिका और दुनिया भर मे उत्सव मना रहे हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध धर्म के एक अरब से अधिक लोगो को हम दिवाली की शुभकामनाएं देते है। उन्होंने कहा, दक्षिण एशियाई अमेरिकियों की पिछली कई पीढ़ियों ने दीपावली की उन परंपराओ को हमारे देश के ताने-बाने मे बुना है - जो अज्ञानता, नफरत और विभाजन के अंधेरे के बजाय ज्ञान, प्रेम और एकता की रोशनी तलाशने के संदेश का प्रतीक है।

### गोलाबारूद के उत्पादन, भेजने में यूरोपीय संघ को आ रही है दिक्कत

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों ने मंगलवार को स्वीकार किया कि वे यूक्रेन को रूसी आक्रमण का मुकाबला करने और अपने भू-भाग को फिर से जीतने मे मदद के लिए वादे के अनुरूप उसे गोला बारूद मुहैया नही कर पा रहे है। इस साल की शुरुआत मे, यूरोपीय संघ के नेताओं ने अगले साल वसंत ऋतु तक यूक्रेन की अग्रिम पंक्ति को 10 लाख (तोपखाने के) गोले मुहैया करने का वादा किया था, लेकिन 24 देशों के संगठन को इसकी आपूर्ति करने में कठिनाई हो रही है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने यूरोपीय संघ के रक्षा और विदेश मामलों के मंत्रियों के साथ ब्रसेल्स में बैठक से पहले कहा कि 10 लाख के इस आंकड़े तक नही पहुंचा जा सकेगा। एस्टोनिया के रक्षा मंत्री हानो पेवकुर ने कहा कि गोला बारूद की आपूर्ति बढ़ाना जरूरी है।

**Public Notice**

This is to inform the general public that **Smt. Madhu Sharma** is the unequivocal owner of Plot No. II F 64, an area measuring 195 sq. mtrs. situated at Block F, Sec-II, C.M.P Office, Post Office -Navyug, Nehru Nagar Ghaziabad. This legal ownership was established through a Mutation Letter dated 05.07.2022, executed by GDA and lease deed dated 09.02.1976 executed by GDA. Smt. Madhu Sharma intends to transfer the ownership by way of Transfer Deed of the aforementioned property to **Mrs. Geeta Agarwal.** Subsequently, Mrs. Geeta Agarwal is in the process of mortgaging the said property with **RBL Bank Ltd. (Our Client)**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 7 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 7-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 7-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 /4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रोज़ी कोहली और श्रीमती रीता ने सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली में स्थित तृतीय तल, बाईं ओर का भाग, एरिया परिमाप 50.00 वर्ग गज, संपत्ति सं. एफ–85 पर निर्मित,एरिया परिमाप 100.00 वर्ग गज, खसरा नंबर 665 में से, श्रीमती कमलेश सभरवाल की पंजीकृत वसीयत दिनांक 04.08.2016, दस्तावेज़ सं. 542 के आधार पर मालिक एवं कब्जेदार होने का दावा किया है अब श्रीमती रोज़ी कोहली और श्रीमती रीता (कन्फर्मिंग पार्टी) उक्त संपत्ति को श्री दयानंद राम को बेच रही हैं और वे वित्तीय सहायता के लिए जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से सम्पर्क किया है इसलिए उक्त बैंक के पास गिरवी रखना होगा। हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति को स्वामित्व और/या उक्त संपत्ति के किसी भी हिस्से को जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के पक्ष में बंधक बनाने के संबंध में कोई दावा/आपत्ति है तो उसे इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए उल्लेखित पते पर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रुप में सूचित करने का अनुरोध किया जाता है, ऐसा न करने पर, ऐसे व्यक्तियों के दावे को मुक्त और/या परित्यक्त माना जाएगा और हमारा मुवक्किल उक्त संपत्ति पर ऋण के संवितरण और उसके संबंध में इसे बंधक रखने की प्रक्रिया करेगा।

For Juris NextGen Law Offices
E-56, LGF, Greater Kailash Enclave Part-1
New Delhi-110048

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the Public at large that Smt. D. Mathur D/o. Late Sh. Damodar Das is the 'Title Holder' in possession of **'Society Built Up Freehold Property Bearing Flat No. 278, Ground Floor, Category – F, Saraswati Kunj Co-operative Group Housing Society Ltd., Plot No. 25, I.P. Extension, Patparganj, New Delhi - 110092'**, hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Conveyance Deed dated 15.03.05, duly registered as Regn. No. 15793, Book No. 1, Vol. No. 1725, pp. 152–153 on 10.10.05 in the Office of the Sub Registrar–VII, Vikas Sadan, New Delhi. That original documents i.e. (i) Allotment Letter dated 01.02.91, (ii) Possession Slip dated 06.03.91, (iii) Possession Letter dated 09.03.91, (iv) General Power of Attorney with Agreement to Sell, Will & Receipt all dated 26.05.94 and (v) General Power of Attorney with Agreement to Sell, Will & Receipt all dated 09.12.03 for the Schedule Property, have been lost/ misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 08.11.23 bearing LR No. 1121070/ 2023 has been filled with Delhi Police. This notice is thus issued to the Public at large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc. having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced/ untraceable original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc. or objection to the sale of the Schedule Property by the Title Holder, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 12 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holder shall proceed to sell the Schedule Property, as is presently intended.

Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all, SHYAM SUNDER ARORA S/o Sh.Gobind Ram R/o C-13/147,Sector-3, Rohini,Delhi-110085,allottee/mutatee/ Owner of DDA SFS Flat No.189, On Ground Floor,in Pocket-GH-4,CAT-II,situated at PASCHIM VIHAR, DELHI, Vide DDA File No.F.1 45(8)91/SFS/PA/II,has applied for certified copies & conversion from leasehold to freehold in DDA. The original documents i.e. Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip,NOC for obtaining water & electric connection, Mutation Letter, Original Un-registered Conveyance Deed & other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR No.1131 24 5/2023 dated 13/11/2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi.Any person(s)claiming any right, interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/ Phone No. 9958097857 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director(H)-SFS,Delhi Development Authority, Vikas Sadan , New Delhi-110023.

### माली के राष्ट्रपति ने कहा, सेना ने विद्रोहियों के गढ़ किदाल पर कब्जा किया

**बामाको (माली)।** माली के राष्ट्रपति ने कहा है कि सेना ने उत्तरी शहर किदाल पर नियंत्रण पा लिया है और सेना ने करीब एक दशक में पहली बार तुआरेग विद्रोहियों के गढ़ माने जाने वाले इलाके पर कब्जा किया है। मंगलवार को सरकारी प्रसारणकर्ता ओआरटीएम पर इस दावे की घोषणा की गई लेकिन किदाल में मोबाइल फोन नेटवर्क नहीं होने की वजह से इसका स्वतंत्र सत्यापन करना तत्काल संभव नहीं है। पत्रकार इब्राहिम तराओरे ने समाचार बुलेटिन पढ़ते हुए कहा, माली की जनता के लिए राष्ट्रपति की ओर से यह संदेश है। आज, हमारे सशस्त्र और सुरक्षा बलों ने किदाल पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। हमारा मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है। करीब दो सप्ताह पहले संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के जाने के बाद से शहर पर कब्जा करने के प्रयास में माली की सेना, वैगनर समूह के जवानों के साथ तुआरेग विद्रोहियों से लड़ रही है।

## भारत-ब्रिटेन एफटीए पर दोनों देशों के लाभदायक सहमति पर पहुंचने की उम्मीद :जयशंकर

**भाषा।** लंदन



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा है कि इस समय मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत और ब्रिटेन के संबंधों के केंद्र में है भारत को उम्मीद है कि इस पर जारी बातचीत में दोनों पक्ष उनके लिए कारगर सहमति पर पहुंचेंगे। जयशंकर ने यहां संसद भवन के पास वेस्टमिंस्टर सेंट्रल हॉल में भारत के उच्चायोग द्वारा आयोजित विशेष दिवाली समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित भारतवंशी समुदाय के लोगों को संबोधित किया और द्विपक्षीय रिश्तों को दुनिया के लिए सकारात्मक शक्ति करार दिया।उन्होंने भारत में तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी संबंधी बदलाव और सामाजिक-आर्थिक विकासों को लेकर भी विचार साझा किए और ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों का आह्वान किया कि नए भारत की गाथा का प्रसार करें। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने और मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति देने के उद्देश्य से ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एजेंडा 2030 में संपर्क, व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर मिलकर काम करने पर अधिक जोर दिया गया है। जयशंकर ने कहा, एजेंडा 2030 को साकार करने के लिए आज हम उस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे आधिकारिक तौर पर उन्नत व्यापार साझेदारी कहा जाता है। सामान्य अर्थों में, इसे एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत और ब्रिटेन की सरकारें इस पर बातचीत कर रही हैं और हमें उम्मीद है कि हम ऐसी सहमति पर पहुंच जाएंगे ।

### प्रधानमंत्री सुनक ने मंत्रियों को संबोधित किया, बदलाव लाने का आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को एक साप्ताहिक बैठक को संबोधित किया और अपने नए मंत्रिमंडल के साथ बदलाव लाने का संकल्प लिया। सुनक ने एक दिन पहले ही अपनी गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त किया था और पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को देश का नया विदेश मंत्री बनाया था। कैबिनेट में नए गृह मंत्री के रूप में पूर्व विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली को जगह दी गई है। सुनक ने अपने मंत्रिमंडल के समक्ष उद्बोधन के प्रारंभ मे कहा कि हम सभी को देश के नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य बनाना चाहिए।

**RLF LIMITED**

Regd.Office : 14Kms, Gurugram Pataudi Road, Village Jhund Sarai Veeran, Distt.Gurugram, Haryana.
CIN : L74999HR1979PLC032747, Website:www.rlfltd.com,
Email id: investorrelations@rlfltd.com,
Phone:011-49075251 Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2023

(Rs. In lacs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars (Refer Notes below) | Quarter Ended 30.09.2023 [Unaudited] | Quarter Ended 30.06.2023 [Unaudited] | Quarter Ended 30.09.2022 [Unaudited] | Six Months Ended 30.09.2023 [Unaudited] | Six Months Ended 30.09.2022 [Unaudited] | Year Ended 31.03.2023 [Audited] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 189.56 | 15.46 | 24.38 | 205.02 | 46.14 | 96.62 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax and exceptional & extraoridnary items | 40.01 | (5.37) | (8.40) | 34.63 | (9.70) | (34.16) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period after tax and exceptional & extraoridnary items | 40.01 | (5.37) | (8.40) | 34.63 | (9.70) | (278.04) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | 40.01 | (5.37) | (8.40) | 34.63 | (9.70) | (278.04) |
| 5 | Total Comprehensive Income | | - | - | - | - | - |
| 6 | Paid-up equity share capital | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 | 980.08 |
| 7 | Earning Per Share of Rs.10/- each (not annualised) | | | | | | |
| | a) Basic | 0.41 | (0.05) | (0.09) | 0.35 | (0.10) | (2.84) |
| | b) Diluted | 0.41 | (0.05) | (0.09) | 0.35 | (0.10) | (2.84) |

Notes :

The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter and half year ended September 30, 2023 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 and 30 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results for the Quarter and half year ended September 30, 2023 are available on the Bombay Stock Exchange website www.bseindia.com and on Company's website www.rlfltd.com.

Place : Gurugram, Haryana
Dated : November 14, 2023

For RLF Limited
Sd/-
Vikas Grover
Director
DIN : 07075918

## युद्ध के चलते जान-माल को ही नहीं पर्यावरण को भी भयावह नुकसान

### ● दशकों बना रहता है खतरा

**भाषा।** क्वींसलैंड



**जब सशस्त्र** संघर्ष शुरू होता है, तो सबसे पहले हमारा ध्यान प्रभावित लोगों पर जाता है, लेकिन जब युद्ध रुक जाता है तब भी इससे उत्पन्न समस्याएं खत्म नहीं होतीं। युद्ध पर्यावरण को तहस-नहस कर देता है। तोपों के हमलों, राकेटों और बारूदी सुरंगों से प्रदूषक निकलते हैं, जिनसे जंगल तबाह हो जाते हैं और कृषि भूमि बेकार हो जाती है। सूडान में गृह युद्ध, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और इजराइल-हमास युद्ध समेत दुनिया में इस वर्ष छह में से एक व्यक्ति संघर्ष से प्रभावित हुआ है। एक तरह से कहा जाए तो युद्ध का दौर लौट आया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से संघर्षों का दौर चरम पर है। मौतें 28 साल के उच्चतम स्तर पर हैं। युद्ध से जानमाल को होने वाले नुकसान का आकलन करते समय हमें इससे हुए दूसरे नुकसानों को अनदेखा नहीं करना चाहिए, जिसमें पर्यावरण को क्षति शामिल है। सशस्त्र संघर्ष पर्यावरणीय क्षति जैसा गहरा असर छोड़ जाता है, जिसके परिणामस्वरूप हमारे और अन्य प्राणियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। रासायनिक और अन्य हथियारों से होने वाला प्रदूषण जहर के तौर पर पर्यावरण में बना रहता है। विस्फोटकों से जो यूरेनियम प्रदूषक निकलते हैं, वे काफी समय तक लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं जबकि सेना की आवाजाही और बुनियादी ढांचे की क्षति से परिदृश्य और खराब हो जाता है। संघर्षों से हुआ नुकसान आपके अनुमान से कहीं अधिक समय तक रह सकता है। फ्रांस में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वर्दुन की खूनी लड़ाई ने एक समय उपजाऊमानी जाने वाली कृषि भूमि को प्रदूषित कर दिया था। आज उस युद्ध के एक सदी से अधिक समय के बाद भी कोई भी उस क्षेत्र में नहीं रह सकता, जिसे अब रेड जोन कहा जाता है।

### पाकिस्तान: इमरान के विरुद्ध गोपनीय दस्तावेज लीक से जुड़े मामले की जेल में सुनवाई पर रोक

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के विरुद्ध गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक होने से जुड़े मामले की जेल में सुनवाई करने के खिलाफ मंगलवार को स्थगन आदेश जारी किया। अदालत ने उन परिस्थितियों के बारे में सूचित करने को कहा, जिन्होंने कड़ी सुरक्षा वाली रावलपिंडी जेल में सुनवाई करने के लिए प्रेरित किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान (71) अभी न्यायिक हिरासत में रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी (67) को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है और वह भी इसी जेल में बंद हैं।

# तमिलनाडु में भारी बारिश, कई जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित

भाषा। चेन्नई



**तमिलनाडु के** तटीय एवं अंदरूनी जिलों में भारी बारिश के चलते मंगलवार को विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों तथा कराईकल में 14 नवंबर को कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। आईएमडी ने बताया कि अगले 24 घंटे में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बनने के कारण दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 16 नवंबर के आसपास पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक दबाव के रूप में केंद्रित होने का अनुमान है।अधिकारियों ने कहा कि जिलों में लगातार हो रही बारिश के कारण अअरियालुर, तंजावुर, विल्लुपुरम, तिरुवन्नामलाई, नागपट्टनम, तिरुवरूर और कुड्डालोर जिलों में विद्यालयों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। पूर्वानुमान में कहा गया है कि चेन्नई समेत कम से कम 15 जिलों में मंगलवार को भारी बारिश होने का अनुमान है। पुडुचेरी में बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश की वजह से सड़कों पर कुछ ही वाहन नजर आ रहे हैं। पुडुचेरी के गृह मंत्री ए. नमस्सिवयम ने कहा कि तूफानी मौसम और रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मंगलवार को पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्रों में सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुडुचेरी क्षेत्र में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 12 सेमी बारिश दर्ज की गई। पुडुचेरी के मत्स्य पालन और मछुआरा कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मछुआरों को खराब मौसम के कारण मंगलवार से दो दिन तक समुद्र में न जाने के लिए कहा गया है। प्रवक्ता ने कहा कि आईएमडी ने इस संबंध में एक परामर्श भी जारी किया है।चेन्नई में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उपमहानिदेशक एस बालचंद्रन ने कहा कि तटीय जिलों और कुछ अंदरूनी जिलों में अगले दो दिनों में भारी बारिश जारी रहेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि चेन्नई और इसके उपनगरों में अगले कुछ दिनों में मध्यम से भारी बारिश होगी। बालचंद्रन ने कहा, ''एक अक्टूबर से आज तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्र में 23 सेमी वर्षा हुई, जो उत्तर-पूर्वी मानसून (एनईएम) अवधि के दौरान सामान्य से 14 फीसदी कम है। इसके बावजूद कहा जा सकता है कि क्षेत्र में सामान्य के करीब बारिश हुई है। राज्य के राजस्व मंत्री के. के. एस. आर. रामचंद्रन ने कहा कि आधिकारिक मशीनरी एनईएम अवधि के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और जिलाधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। रामचंद्रन ने यहां अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से कहा, लगभग 121 बहुउद्देशीय आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं और 4,967 राहत शिविर तैयार किए गए हैं। तमिलनाडु के 38 जिलों में से 35 में आज सुबह करीब आठ बजकर 20 मिनट तक 13.25 मिमी बारिश हुई, जबकि नागपट्टनम में अधिकतम 11.3 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा नागपट्टनम, तिरुवरुर, कुड्डालोर तथा मयिलादुथुराई भी भारी बारिश दर्ज की गई।

## ओडिशा में पटनायक ने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए स्वीकृत किए 45 करोड़ रुपए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से 150 बहुउद्देश्ईय सामुदायिक केंद्रों के निर्माण के लिए 45 करोड़ रुपए की मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 22 जिलों में बहुउद्देश्ईय सांस्कृतिक सह सामुदायिक केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों की स्थापना के लिए 45 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। ए सुविधाएं ईसाइयों, मुसलमानों, बौद्धों और सिखों को सेवा प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पहल अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बहुउद्देश्ईय केंद्रों में विभिन्न समुदाय-आधारित गतिविधियों को शुरू करने के उद्देश्य से जगह बनाने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगी। इन सामुदायिक केंद्रों के लिए सहायता की घोषणा नबीन ओडिशा और 5टी परिवर्तनकारी पहल के अध्यक्ष वी.के. पांडियन द्वारा सोमवार को कटक उड़िया बैपटिस्ट चर्च, चर्च ऑफ क्राइस्ट (यूनियन चर्च), भुवनेश्वर और बीजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सदस्यों से मुलाकात के बाद आई है। 5टी से आशय टीमवर्क, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपरेंसी, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइम (सामूहिक प्रयास, प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता, बदलाव और समयसीमा) है जिस पर सरकारी अधिकारियों और परियोजनाओं का आकलन किया जाता है।

# पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी महिला के साथ रहना लिव-इन-रिलेशनशिप नही : हाईकोर्ट

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि अपनी पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी महिला के साथ एक व्यक्ति के वासनापूर्ण और व्यभिचारी जीवन जीने को लिव-इन-रिलेशनशिप या शादी जैसा संबंध नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी की एकल पीठ ने पंजाब के एक युगल की याचिका खारिज कर दी, जिन्होंने अपने जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा मांगी थी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि वे लिव-इन-रिलेशनशिप में हैं, जिससे महिला के परिवार के सदस्यों को शिकायत है और उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही महिला अविवाहित है, जबकि पुरुष विवाहित है और तनावपूर्ण संबंधों को लेकर अपनी पत्नी से अलग रह रहा है। लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे व्यक्ति और उसकी पत्नी के दो बच्चे हैं, जो अपनी मां के साथ रहते हैं। अदालत ने कहा, अपने पहले पति पत्नी से तलाक का कोई वैध (अदालती) निर्णय प्राप्त किए बिना और अपनी पिछली शादी के अस्तित्व में रहने के दौरान, याचिकाकर्ता नंबर 2 (लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने वाला पुरुष), याचिकाकर्ता नंबर। (लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने वाली महिला) के साथ वासनापूर्ण और व्यभिचारी जीवन जी रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 494-495 के तहत दंडनीय अपराध हो सकता है, क्योंकि ऐसा संबंध विवाह की श्रेणी में नहीं आता है। अदालत ने यह भी पाया कि जीवन को खतरा होने के आरोप मामूली और अस्पष्ट हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने ऐसी कोई सामग्री रिकार्ड में नहीं रखी है जो आरोपों का समर्थन करता हो, ना ही धमकियों के तौर-तरीकों से जुड़े एक भी दृष्टांत का विवरण उपलब्ध किया गया। इसने कहा, इस आलोक में, ऐसा लगता है कि व्यभिचार के मामले में किसी आपराधिक अभियोजन को टालने के लिए, मौजूदा याचिका दायर की गई। अदालत का मानना है कि इसके रिट क्षेत्राधिकार की आड़ में याचिकाकर्ताओं का छिपा हुआ मकसद अपने आचारण पर इसकी (अदालत की) मुहर लगवाना है। अदालत ने कहा कि इस अदालत ने राहत प्रदान करने के लिए कोई ठोस आधार नहीं पाया है।

## समय पूर्व रिहाई के मामले में दोषी साबित किए जाने की तारीख पर प्रभावी नीति लागू होगी: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी कैदी की समय पूर्व रिहाई के लिए उसे दोषी करार दिए जाने की तारीख के समय प्रभावी नीति ही तब तक लागू रहेगी जब तक कि बाद मे और अधिक उदार नियम प्रभाव मे नही आते। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उत्तराखंड मे हत्या के एक दोषी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। व्यक्ति ने इस आधार पर समय पूर्व रिहाई की मांग की थी कि वह 24 साल की वास्तविक कैद की सजा और छूट के साथ 30 साल की सजा काट चुका है। उत्तराखंड के वकील ने कहा कि नौ नवंबर, 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग राज्य बनाए जाने के बाद अविभाजित राज्य मे कैदियो की समय पूर्व रिहाई की नीति समेत कुछ कानूनो और नीतियो को अपना लिया गया और नए राज्य के अपने कानून बनाने तक वे प्रभाव मे रहे। उन्होने कहा कि उत्तराखंड राज्य नीति (अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा के मामले मे दोषी कैदियों की सजा, माफी, समय पूर्व रिहाई के लिए) 29 नवंबर, 2022 को लागू की गई थी। पीठ ने कहा, कानून भलीभांति स्थापित है। दोषसिद्धि की तारीख वाले दिन प्रभावी नीति ही तब तक लागू रहेगी जब तक बाद मे और अधिक उदार नीति प्रभाव मे नही आ जाती। याचिकाकर्ता राजेश शर्मा की ओर से वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि इस मामले मे उत्तर प्रदेश की नीति लागू होगी। पीठ ने 10 नवंबर को आदेश दिया था कि समय पूर्व रिहाई के लिए मामले पर अभी भी विचार नही किया गया है, इस तथ्य को ध्यान मे रखते हुए हम निर्देश देते है कि याचिकाकर्ता के समय पूर्व रिहाई के मामले पर 30 नवंबर, 2023 को या उससे पहले सकारात्मक तरीके से विचार किया जाए।

## क्विक न्यूज

### मांझी ने अपने अपमान के खिलाफ नीतीश के विरुद्ध धरना दिया

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मंगलवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के मौके का इस्तेमाल जद (यू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार पर निशाना साधने के लिए किया। मांझी ने बाल दिवस के मौके पर राहुल गांधी को टैग करते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरूजी की जयंती पर शत-शत नमन। राहुल गांधी जी से आग्रह है कि आज के दिन नीतीश कुमारजी से कभी भूल के ना मिले, नही तो वह नेहरू जी की जगह राहुल जी की ही जयंती मनाने लगेंगे। मांझी ने 1980 के दशक में कांग्रेस के साथ अपना राजनीतिक करियर शुरू किया था और आठ साल पहले हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (एचएएम) का गठन किया था। इससे पहले उन्होंने कई बार पार्टी बदली। मांझी ने हाल ही मे आयोजित दिवंगत कांग्रेस नेता महावीर चौधरी की जयंती समारोह से जुड़े सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो की याद दिलाते हुए कहा, स्व0 महावीर चौधरी पुण्यतिथि वाला कांड याद ही होगा। इस वीडियो में नीतीश कुमार को जयंती समारोह में मुट्ठी भर फूलों की पंखुड़ियां उठाते और उन्हें अपने मंत्री तथा दिवंगत कांग्रेस नेता के बेटे अशोक चौधरी के सिर पर डालते हुए देखा जा सकता है। महावीर चौधरी कांग्रेस की कई सरकारों मे मंत्री रहे थे, और अशोक फिलहाल जद यू में है और नीतीश के विश्वस्त माने जाते हैं।

### सेना ने अमशीपोरा में फर्जी मुठभेड़ मामले में कैप्टन की बर्खास्तगी की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** सेना ने जुलाई 2020 मे दक्षिण कश्मीर के अमशीपोरा मे एक फर्जी मुठभेड़ मे तीन लोगो के मारे जाने और उन्हें आतंकवादी करार देने के मामले में कैप्टन भूपेन्द्र सिंह को बर्खास्त करने की पुष्टि की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच, सिंह ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण से अपनी आजीवन कारावास की सजा पर रोक और जमानत हासिल कर ली। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार, कोर्ट ऑफ इनक्वायरी के निष्कर्षो और कैप्टन की दोषसिद्धि तथा सजा की पुष्टि सेना के उच्च अधिकारियों ने 11 नवंबर को की, जैसा कि कानून के तहत जरूरी है। उन्होंने बताया कि सिंह को जम्मू की एक सिविल जेल में लाया गया और बाद में 11 नवंबर को ही न्यायाधिकरण के निर्देशों के अनुसार जमानत पर रिहा कर दिया गया। सजा की पुष्टि के अनुसार, अधिकारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। 2015 मे सेना मे शामिल हुए सिंह अब पेंशन और अन्य सभी लाभो से वंचित हो जाएंगे। जम्मू क्षेत्र के राजौरी जिले के रहने वाले तीन लोग- इम्तियाज अहमद, अबरार अहमद और मोहम्मद इबरार 18 जुलाई 2020 को शोपियां जिले के एक पर्वतीय गांव में मारे गए थे और उन्हें आतंकवादी करार दिया गया था। न्यायाधिकरण ने नौ नवंबर को 25 पन्नों के अपने आदेश में कहा था कि इस कृत्य के लिए सिंह का कोई मकसद नही रहा होगा। न्यायाधिकरण ने उनकी दोषसिद्धि और सेवा से बर्खास्त करने जैसी अन्य सज़ाओं पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ ने कहा, हमने केवल जेल की सजा पर रोक लगाई है, इसलिए इस अपील के लंबित रहने के दौरान सेवा से बर्खास्त करने आदि जैसी अन्य सभी सजाएं लागू रहेंगी।

### युवाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जानकारी जरूरी

**नई दिल्ली।** युवाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एसआरएच की पहुच प्रदान करने के स्पष्ट लाभ हैं। एसआरएच संबंधित शिक्षा मासिक धर्म स्वच्छता पर सकारात्मक प्रभाव डालती है, किशोर गर्भधारण को रोक सकती ह, लैंगिक समानता को बढ़ावा दे सकती है और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की ये शारीरिक अधिकार और स्वतंत्रता के बारे में बातचीत के कलंक को हटा सकता है और युवा को उनके भविष्य पर अधिक नियंत्रण प्रदान कर सकता है। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफइंडिया में एसोसिएट लीड युवा एवं किशोरावस्था रिया ठाकुर कहती हैं पाठ्यक्रम उपयोगकर्ता मित्रपूर्ण और स्वगति योग्य है ताकि शिक्षकों की विभिन्न आवश्यकताओं और उपलब्धता को समर्थन किया जा सके। हम एक समर्पित टीम के जरिए ईमेल, चैट और फोन के माध्यम से तकनीकी और गैर तकनीकी सहायता भी प्रदान करते हैं। हमारा लक्ष्य किशोरों को उनकी पूरी क्षमता तक ले जाने के लिए एक सहायता प्रणाली बनाने की हैए ताकि वे सही और उम उपयुक्त जानकारी प्राप्त कर सकेए और वे स्वतंत्रता के साथ एक संपूर्ण, स्वस्थ व्यक्ति के रूप में विकसित हो सकें। हालाँकि स्कूलों में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के विषयों पर चर्चा करना अक्सर वर्जित माना जाता है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक सामाजिक मानदंडों की वजह से। लेकिन अब शिक्षक अपने छात्रों को एसआरएच से संबंधित चिंताओं से निपटने में मदद करने के लिए एजुकेटली किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण पर जानकारी के लिए पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफइंडिया का डिजिटल वन.स्टॉप संसाधन केंद जैसे प्लेटफार्मों की ओर रुख कर रहे हैं।

### मिजोरम भागकर आए म्यांमा के 40 सैनिकों को वापस उनके देश भेजा गया

**आइजोल।** म्यांमा के चिन राज्य में दो सैन्य अड्डों पर विद्रोही समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के हमले के बाद भागकर मिजोरम आ गए 43 म्यांमाई सैनिकों में से कम से कम 40 को मंगलवार को म्यांमा की सैन्य सरकार के सुपुर्द कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीडीएफ के चिन राज्य में रीहखावदार और खावमावी स्थित दो सैन्य अड्डों पर हमला होने के बाद सैनिक मिजोरम के चंफाई जिले के जोखावथार मे राज्य पुलिस के पास पहुंचे। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, चालीस म्यांमाई सैनिक सोमवार को जोखावथार आ गए और मिजोरम पुलिस से संपर्क किया, वही तीन अन्य सैनिक मंगलवार को पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि म्यांमा के करीब 40 सैनिकों को असम राइफल्स के सुपुर्द किया गया जिसने उन्हें मंगलवार को म्यांमा के तामू मे वहां की सैन्य सरकार के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने कहा कि बाकी सैनिकों को भी भेजा जाएगा। मिजोरम के गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चिन राज्य के करीब 2500 से 5000 लोग रविवार से म्यांमा की सेना और लोकतंत्र समर्थक विद्रोही समूहो के बीच भारी गोलीबारी के बाद से मिजोरम चले गए है। चंफाई के उपायुक्त जेम्स लालरिनछाना ने इस बात की पुष्टि की कि विद्रोहियो ने दो सैन्य केंद्रों पर हमला किया था। अधिकारियो के अनुसार बदले में म्यांमा की सेना ने भी इन दोनो जगहो पर हवाई हमले किए।

# तेलंगाना में भाजपा को मिलेगा पूर्ण बहुमत: किशन रेड्डी

भाषा। हैदराबाद

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी ने दावा किया है कि राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के खिलाफ उबलते गुस्से को देखते हुए 30 नवंबर के चुनावों में भाजपा को बहुमत मिलेगा और उनकी पार्टी राज्य में पहली बार सरकार बनाएगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी ने पीटीआई-भाषा से विशेष साक्षात्कार के दौरान कहा कि चुनाव के बाद त्रिशंकु विधानसभा नहीं होगी और भाजपा आसानी से सत्ता पर काबिज हो जाएगी। रेड्डी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि तेलंगाना के लोग बदलाव चाहते हैं क्योंकि उनका बीआरएस और कांग्रेस दोनों से भरोसा उठ गया है और उनका मानना है कि वे आपस में मिले हुए हैं। उन्होंने कहा, त्रिशंकु विधानसभा का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि बीआरएस सरकार के खिलाफ गुस्सा उबल रहा है। यह ज्वालामुखी की तरह फूटेगा। पुलिस और गुंडों के डर से लोग बाहर नहीं निकल रहे। रेड्डी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा। हम इस इरादे से काम कर रहे हैं कि पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की तेलंगाना इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में चार रैलियों को संबोधित करें और वह इस अनुरोध को लेकर जवाब का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोग बदलाव चाहते हैं जो बीआरएस या कांग्रेस के सत्ता पर काबिज होने से नहीं आएगा क्योंकि ऐसी धारणा है कि अगर कांग्रेस जीतती है, तो भी उसके कुछ विधायक बीआरएस में शामिल हो जाएंगे। रेड्डी ने कहा, तेलंगाना के लोग जो बदलाव चाहते हैं, वह भाजपा ही ला सकती है। तेलंगाना में भाजपा को 2018 के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी और करीब सात प्रतिशत मत मिले थे, लेकिन पार्टी ने बाद में ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और दो उप-चुनावों में जीत हासिल की रेड्डी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के चार महीने के भीतर भाजपा ने 2019 में राज्य में चार लोकसभा सीट जीतीं। यह पूछे जाने पर कि पार्टी इस बार सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त कैसे है, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें केवल सात प्रतिशत वोट मिले थे, रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना के गठन से पहले 10 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकारें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहीं। उन्होंने कहा कि किसान, महिलाएं, छात्र, युवा और यहां तक कि सरकारी कर्मचारी भी वर्तमान सरकार से तंग आ चुके हैं और भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने उनके हितों के लिए लड़ाई लड़ी है।

## निर्वाचन आयोग ने पीएम मोदी के बारे में असत्यापित और गलत बयान देने के लिए प्रियंका को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कथित रूप से असत्यापित और गलत बयान देने के लिए मंगलवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया। भारतीय जनता पार्टी ने शिकायत की थी कि प्रियंका ने हाल ही मे मध्य प्रदेश मे एक चुनावी रैली मे प्रधानमंत्री मोदी के बारे मे झूठ और असत्यापित बयान दिए थे। भाजपा की शिकायत पर कार्वाई करते हुए निर्वाचन आयोग ने प्रियंका से बृहस्पतिवार रात आठ बजे तक अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग को दी गई शिकायत मे भाजपा ने प्रियंका पर यह ''निराधार और झूठौ दावा करने का आरोप लगाया था कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) का निजीकरण कर दिया है। प्रियंका ने कथित तौर पर आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को अपने उद्योगपति दोस्तो को दे दिया है।

# कांग्रेस कर्नाटक में हिजाब पर लगी रोक को समाप्त करे : उमर अब्दुल्ला

भाषा। श्रीनगर



**नेशनल कांफ्रेंस** के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से कर्नाटक सरकार द्वारा हिजाब पर लगाए गए प्रतिबंध को रद्द कराने की मांग की। उन्होंने कहा, सरकार को इसमें हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए? और ऐसे आदेश पारित किए जाते हैं जिसके जरिए मुसलमानों को निशाना बनाया जाता है। पहले जब कर्नाटक में ए सब होता था तब हमें कोई आश्चर्य नहीं होता था क्योंकि उस समय वहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की सरकार थी। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे अब्दुल्ला ने कहा, लेकिन यह दुखद है कि कांग्रेस के शासन में भी ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। बारामूला में पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उमर ने कहा, मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से अनुरोध करता हूं कि कर्नाटक में जो आदेश जारी किया गया है उस पर पुनर्विचार करें और इस आदेश को रद्द करने पर काम करें। जम्मू-कश्मीर में चुनाव के बारे में पूछे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा लोगों का सामना करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव तो छोड़िए, नगर निगम चुनाव भी स्थगित कर दिए गए हैं। श्रीनगर में नगर पालिका (निगम) अब अस्तित्व में नहीं है, यहां तक कि जम्मू नगर पालिका का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।

## एनआईए ने लश्कर के दो सदस्यों की आठ संपत्तियों को कुर्क किया

भाषा। श्रीनगर

**राष्ट्रीय अन्वेषण** अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी आतंकवादी नवीद जट्ट को 2018 में पुलिस हिरासत से फरार होने में मदद करने वाले लश्कर-ए-तैयबा के दो अहम सदस्यों की संपत्तियां मंगलवार को कुर्क कर लीं।एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एनआईए ने श्रीनगर के एक अस्पताल में पुलिस दल पर हमला कर एक आंतकवादी को छुड़ाने से जुड़े 2018 के मामले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो प्रमुख सदस्यों की संपत्तियों को कुर्क किया है। बयान में कहा गया है कि आठ संपत्तियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 33 (1) के तहत कुर्क किया गया है जिनमें पांच संपत्तियां मोहम्मद शफी वानी की और तीन संपत्तियां मोहम्मद टिक्का खान की हैं।

# अर्थव्यवस्था की बढ़ती ऊर्जा मांग से नही होगा समझौता, आगे बढ़ेंगे: आरके सिंह

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** अपनी अर्थव्यवस्था की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि देश जिम्मेदारी के साथ उत्पादन क्षमता विकसित करेगा। उन्होंने यहां चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 में बिजली मंत्रालय के विद्युत मंडप के उद्घाटन समारोह में कहा कि विकसित देशों को पहले अपने उत्सर्जन में कटौती करने की जरूरत है। मंत्री ने आगामी सीओपी28, 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के मद्देनजर भारत की स्थिति की चर्चा भी की। सिंह ने कहा कि विकसित देशों को सबसे पहले अपने उत्सर्जन में कटौती करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, वायुमंडल में लगभग 85 प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड विकसित देशों द्वारा किए गए औद्योगीकरण के कारण है। भारत की जनसंख्या, विश्व आबादी का 17 प्रतिशत है, जबकि कार्बन डाइऑक्साइड भार में हमारा योगदान केवल 3.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन विश्व औसत का एक-तिहाई है, जबकि विकसित देशों का उत्सर्जन विश्व औसत का तीन गुना है। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अर्थव्यवस्था की बढ़ती मांग के लिए बिजली की जरूरतों पर कोई समझौता नहीं करने जा रहा है। साथ ही हम इसे जिम्मेदारी से आगे बढ़ाएंग। उन्होंने कहा कि हमने 2015 में सीओपी-21 में वादा किया था कि हम 2030 तक अपनी उत्सर्जन तीव्रता को 33 प्रतिशत तक कम कर देंगे, हमने यह लक्ष्य 2019 तक हासिल कर लिया।

## सोनिया और राहुल निजी दौरे पर जयपुर पंहुचे

भाषा। जयपुर

**कांग्रेस** नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंगलवार को निजी दौरे पर जयपुर पहुंचे। दोनों नेता हवाईअड्डे से एक होटल के लिए रवाना हुए। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने बताया कि वे दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण जयपुर आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नेता एकजुट हैं और पार्टी एकजुट होकर विधानसभा चुनाव लड़ रही है। वेणुगोपाल ने जयपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत मे कहा, हम चुनाव जीतेंगे। हमें विश्वास है कि हम जीतेंगे। सोनिया गांधी की जयपुर यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''यह एक निजी यात्रा है... क्योंकि दिल्ली में वायु प्रदूषण है। उन्होंने कहा कि पार्टी की बैठकें भी होंगी।

## बीआरएस ने तेलंगाना में एक दशक में बहुत विकास किया : रामाराव

**हैदराबाद।** तेलंगाना मे सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के मंत्री के टी रामाराव ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की स्थिर सरकार और सक्षम नेतृत्व के कारण 2014 से राज्य विकास की दिशा मे तेजी से आगे बढ़ा है। रामाराव ने दावा किया कि बीआरएस सरकार ने राज्य मे बड़े स्तर पर विकास किया जो कांग्रेस छह दशको मे नही कर सकी। रामाराव ने यहां तेलंगाना बिल्डर्स संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद में पिछले दशक मे जमीन की कीमत 10 से 12 गुना बढ़ गई है। रामाराव के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार उन्होने कहा, मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के शासन मे न केवल हैदराबाद मे बल्कि पूरे तेलंगाना मे जमीन का मूल्य बढ़ गया है।

## कबीर जादूगरियां से लोगों का मन मोहा

**मुंबई।** ब्लेंड ऑफ ब्वॉय नैक्स्ट डोर लुक्स और आकर्षक स्क्रीन व्यक्तित्व एवं शानदार वोकल रेंज के साथ प्रतिभाशाली कबीर अपने फैंस का दिल जीतने के लिए अपना लेटेस्ट ट्रैक ''बिल्लो रानिये'' लेकर आए हैं। अपनी अद्वितीय और आकर्षक आवाज़ के साथ यह गीत श्रोताओं को एक चुलबुला और प्यारभरा अनुभव प्रदान करता है। ''बिल्लो रानिये'' संगीत की एक उत्तम रचना है, जिसमें दो प्रेमियों के बीच का मोहक समीकरण पेश किया गया है, जो श्रोताओं के दिलों में उतर जाएगा। कबीर ने हाल ही में अपना सिंगल ''जादूगरियाँ'' रिलीज़ किया, जिसे रील्स में फैंस ने बहुत सराहा। यह इंस्टाग्राम पर तेजी से ट्रेंड होने लगा और कबीर के फैंस की संख्या बहुत बढ़ गई। ''जादूगरियाँ'' के बाद ''बिल्लो रानिये'' में मानवीय भावनाओं और संबंधों की बारीकियों को पेश किया गया है। इस गीत के बोल में नोंक-झोंक, चुटकुले, और रहस्यों का खुलासा है, जिसके कारण यह प्रेम का सच्चा सार प्रस्तुत करता है।



संसद परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को पुष्पांजलि देते नेता गण

# राजस्थान में पाक हिंदू प्रवासियों के लिए कुछ नही बदला

- 2018 के चुनावी वादों नहीं हुआ अमल

भाषा। जोधपुर

**बेहतर जिंदगी** के लिए एक दशक पहले पाकिस्तान से यहां आए गामूराम (40) और उनके परिवार को नागरिकता एवं पुनर्वास के इंतजार में रोज संघर्ष का सामना करना पड़ता है क्योंकि इन मुद्दों का समाधान करने का कांग्रेस का वादा अभी अधूरा ही है और राजस्थान में एक बार फिर चुनाव हो रहा है।गामूराम जोधपुर शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर गंगना रोड पर भील बस्ती में अस्थाई मकान में अपने परिवार के साथ रहते हैं। ए लोग उन हजारों पाकिस्तानी हिंदू प्रवासियों का हिस्सा हैं जो बेहतर जीवन की आस में शहर में रह रहे हैं। राज्य में जोधपुर में पाकिस्तान से आए सबसे अधिक प्रवासी हैं। भारतीय नागरिकता नहीं होने के कारण उनके पास वोट डालने का अधिकार नहीं है, लेकिन उन्हें राजनीतिक दलों से बड़ी आशाएं हैं। गामूराम ने कहा, करीब 10 साल पहले पाकिस्तान से भारत आया। पाकिस्तान में कोई दिक्कत नहीं थी लेकिन हम बेहतर जिंदगी के लिए यहां आ गए थे। हमारे पास भारतीय नागरिकता नहीं है और न ही मकान के लिए स्थाई जमीन है। गामूराम के परिवार में एक दर्जन सदस्य हैं। इस मरु प्रदेश में 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन भाजपा सरकार और कांग्रेस ने इस समुदाय के नागरिकता एवं पुनर्वास के मुद्दों का समाधान करने का वादा किया था। पांच साल बाद फिर राज्य में विधानसभा चुनाव हो रहा है लेकिन गामूराम जैसे प्रवासियों के लिए कुछ खास नहीं बदला। वे मूलभूत जरूरतों के लिए प्रतिदिन संघर्ष करते हैं। गामूराम के दूर के रिश्तेदार तीर्थराम ने कहा, हम भारतीय नागरिकता के लिए मरे नहीं जा रहे हैं लेकिन हम रहने के लिए जमीन चाहते हैं। हम अस्थाई ढांचों में रहते हैं। दस साल में हमारी स्थिति बहुत बिगड़ गई है। हम मुफ्त जमीन नहीं मांग रहे हैं लेकिन यदि सरकार हमें स्थाई मकान देती है तो हम किस्तों में उसके लिए भुगतान करने को तैयार हैं। खेतों में मजदूरी करने वाले भेराराम ने कहा कि पाकिस्तानी पासपोर्ट खत्म हो गया है और वीजा भी एक महीने में खत्म हो जाएगा ।

# सेमीफाइनल आज : भारत के योद्धा तैयार

## ●टीम इंडिया की न्यूजीलैंड के सामने होगी असल परीक्षा

भाषा। मुंबई



**लीग चरण में** लगातार नौ मैच जीत चुकी भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है लेकिन अब नॉकआउट चरण में पिछला प्रदर्शन मायने नहीं रखता और बुधवार को विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मैनचेस्टर में 2019 विश्व कप में इसी टीम से मिली हार अभी भी भारतीय टीम के जेहन में ताजा होगी। न्यूजीलैंड ने 2021 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भी भारत को हराया था। इस बार भारतीय टीम का प्रदर्शन इतना जबर्दस्त रहा है कि खिताब का इंतजार खत्म होने की उम्मीद बंधी है। रोहित शर्मा की टीम को बखूबी पता है कि वानखेड़े स्टेडियम पर कोई भी चूक करोड़ों प्रशंसकों के दिल तोड़ देगी। इसी वानखेड़े स्टेडियम पर 2011 में भारत ने 28 साल बाद वनडे विश्व कप जीता था। अपेक्षाओं के भारी दबाव पर भारत को खरा उतरना होगा। कप्तान रोहित और कोच राहुल द्रविड़ को पता है कि अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाने पर क्या होता है। उन्हें हालांकि अपने खिलाड़ियों में से नाकामी का भय निकालकर उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना होगा। भारतीय क्रिकेटप्रेमी दुआ करेंगे कि रोहित टॉस जीते और सही फैसला ले। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम फ्लडलाइट में जल्दी विकेट गंवाती आई है क्योंकि नई गेंद को जबर्दस्त स्विंग मिलता है। भारत और न्यूजीलैंड के गेंदबाज नई गेंद से खतरनाक साबित हो सकते हैं। ऐसे में भारत के सलामी बल्लेबाजों रोहित और शुभमन गिल पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। रोहित अभी तक टूर्नामेंट में 503 रन बना चुके हैं और इस लय को जारी रखना चाहेंगे। गिल ने सात मैचों में 270 रन ही बनाए हैं और वह एक खास पारी खेलना चाहेंगे। विराट कोहली टूर्नामेंट में सर्वाधिक 593 रन बना चुके हैं और वनडे में रिकॉर्ड 50वां शतक बनाने की दहलीज पर हैं। वह भारत की जीत के साथ यह आंकड़ा छूना चाहेंगे। कोहली सेमीफाइनल में जल्दी आउट होने का सिलसिला भी तोड़ना चाहेंगे। वह 2019 और 2015 में सेमीफाइनल में एक रन पर आउट हो गए थे। भारत को मध्यक्रम के बल्लेबाजों केएल राहुल और श्रेयस अय्यर से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने उनका बखूबी साथ निभाया है। इस विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के पास भी ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी, लॉकी फर्ग्युसन जैसे तेज गेंदबाज और बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनेर जैसे अनुभवी गेंदबाज हैं। बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के पास अनुभव की कमी नहीं है।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट टीमः जिनसे नहीं कर पाता कोई नफरत



**मुंबई।** पाकिस्तान के खिलाफ यह जंग होती है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दूसरे को पछाड़ने का मौका। कभी हम पर शासन करने वाले इंग्लैंड के साथ यह उनके किए की भरपाई है। लेकिन एक ऐसी भी क्रिकेट टीम है जिसके खिलाफ भारतीय किसी तरह का द्वेष नहीं रख पाते और वह है खेल के सदाबहार अच्छे लोग न्यूजीलैंड। विराट कोहली ने 2020 में द्विपक्षीय टी20 मुकाबले से पहले कहा था, अगर आप बदला लेने की भी सोच रहे हो तो वे लोग इतने अच्छे हैं कि आप उस दायरे में नहीं आ पाते। वह संभवत: एक ऐसी टीम है जिसने टीमों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उदाहरण पेश किया है। जब भी कप्तान केन विलियमसन कवर ड्राइव से बाउंड्री मारते हैं तो शायद ही वह कभी गेंदबाज की ओर घूरते हों, बेहद कड़े मुकाबले में भी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन के बाउंसर डालने के बाद छींटाकशी की एक भी फुटेज ढूंढ़ना मुश्किल होगा, शानदार कैच लेने के बाद भी मिशेल सेंटनर के चेहरे पर सिर्फ मुस्कुराहट होती है। ऐसा लगता है जैसे टीम को सज्जनता में ढाला गया है जहां रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़, कर्टनी वॉल्श, कुमार संगकारा, इंजमाम उल हक और इयोन मोर्गन जैसे खिलाड़ियों को भी जगह मिलेगी। मैनचेस्टर में 2019 विश्व कप में सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के दर्द को दूर करने के लिए भारत बुधवार को मौजूदा विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में जब इस टीम के खिलाफ उतरेगा तो रोहित शर्मा की टीम के मन में बदलने की भावना नहीं होगी।

## सिराज को पछाड़कर नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बने केशव महाराज

दुबई। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पछाड़कर दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज मंगलवार को दुनिया के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बन गए। सिराज एक हफ्ते तक ही शीर्ष रैंकिंग पर काबिज रह पाए। सिराज पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को हटाकर आठ नवंबर को दुनिया के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बने थे लेकिन नवीनतम सूची में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर ने उनकी जगह ले ली है। महाराज ने एक नवंबर से विश्व कप के तीन मैच में सात विकेट चटकाए है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे में चार विकेट भी शामिल है। सिराज और महाराज के बीच हालांकि सिर्फ तीन रेटिंग अंक का अंतर है। सिराज विश्व कप में अब तक भारत के पांचवें सबसे सफल गेंदबाज है। वह नौ मैच में 12 विकेट हासिल कर चुके है जिसमें 16 रन पर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर है। बुमराह नौ मैच में 17 विकेट के साथ मौजूदा विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज है। गेंदबाजी रैंकिंग में मोहम्मद शमी 12वें और रविंद्र जडेजा 19वें स्थान पर है।

## सवा लाख के दो मानार्थ टिकटों के साथ एक गिरफ्तार

मुंबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप सेमीफाइनल के टिकटों की कालाबाजारी के एक मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसके पास एक लाख 20 हजार रूपए के दो मानार्थ टिकट पाए गए है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप का पहला सेमीफाइनल बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाएगा।

## हिमालयन क्लब की जीत

लखनऊ। हिमालयन क्लब ने द्वितीय स्वर्गीय अधीर दुबे पूर्व एमएलसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफद मैच अनिल लाल नाबाद 53 के अर्धशतक और जमाल काजिम 45की उम्दा पारी से मंगलवार को खेले गए मैच में ट्रिपल सेवन क्लब को 7 विकेट से हराया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर ट्रिपल सेवन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 148 रन का स्कोर बनाया। हिमालयन क्लब से मोहम्मद सैफूव राजेंद्र कुमार को दो दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में हिमालयन क्लब ने 3 विकेट पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## श्रीनिधी और लाजोंग का मुकाबला ड्रॉ रहा

शिलांग। शिलांग लाजोंग एफसी और श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने मंगलवार को यहां एसएसए स्टेडियम में आईलीग फुटबॉल मुकाबला 2-2 से ड्रॉ खेला। शिलांग लाजोंग की टीम सातवें मिनट में ही पिछड़ गई जब रोसेनबर्ग गैब्रिएल ने श्रीनिधि को बढ़त दिलाई। मेजबान टीम ने हालांकि27वें मिनट में रोनी विल्सन खारबुदोन के गोल की बदौलत।-। से बराबरी हासिल कर ली। बराबरी हासिल करने के बाद शिलांग की टीम ने हमले और तेज किए तथा सात मिनट बाद ताकुतो मिकी के गोल की मदद से 2-। की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर तक शिलांग की टीम 2-। से आगे थी।

## आडवाणी, श्रीकृष्णा विश्व स्नूकर नॉकआउट में

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष बिलियर्ड्स और स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी दोहा मे आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के नॉकआउट में पहुंच गए। अब तक20 से अधिक विश्व खिताब जीत चुके आडवाणी को टूर्नामेंट मे तीसरी वरीयता मिली है। ड्रॉ के दूसरे हाफ में गत चैम्पियन श्रीकृष्णा एस और पूर्व विश्व चैम्पियन ईरान के आमिर सरखोश है। आडवाणी ने 4-1, 4-0 से जीत दर्ज करके ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि श्रीकृष्णा ने एक फ्रेम गंवाया।

## ज्वेरेव से हारे अलकाराज , मेदवेदेव ने रूबलेव को हराया

तूरिन। पिछले सत्र के आखिर में नंबर एक रहे कार्लोस अलकाराज एटीपी फाइनल्स में पदार्पण वर्ष में पहले मैच मे दो बार के चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव से 7-6, 3 -6, 4-6 से हार गए। शीर्ष आठ खिलाड़ियों के सत्र के इस आखिरी टूर्नामेंट में 20 वर्ष के अलकाराज पिछले साल पेट में चोट के कारण नही खेल सके थे। दूसरे मैच में दानिल मेदवेदेव ने अपने दोस्त आंद्रेइ रूबलेव को 6-4, 6-2 से मात दी। नोवाक जोकोविच और यानिक सिनेर रविवार को अपने अपने प्रारंभिक दौर के मैच जीत चुके है।

## आईओए पैनल ने डब्ल्यूएफआई को चेताया

नई दिल्ली। देश में कुश्ती का संचालन कर रही तदर्थ समिति ने भंग चल रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर एक राज्य संघ से संपर्क करके भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) चार्टर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित देश के कुछ पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

# भाग्य बहादुरों का साथ देता है : रोहित शर्मा

## ● सेमीफाइनल से पहले दी प्रतिक्रिया

भाषा। मुंबई



**भारत ने** पिछले कुछ हफ्तों में विश्व कप के लीग चरण में सभी बाधाओं को पार करते हुए अपना विजय अभियान जारी रखा लेकिन कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भाग्य भी उनकी टीम का साथ दे। रोहित ने सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा समय आ गया है कि भाग्य आपका साथ दे और भाग्य बहादुरों का साथ देता है। रोहित ने कहा कि सिर्फ सेमीफाइनल मुकाबले में उतरने के कारण मेजबान टीम को अपनी मानसिकता और रवैए को लेकर कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं है। मौजूदा विश्व कप में भारत सबसे अधिक दबदबा बनाने वाली टीम रहा है जिसने अपने सभी नौ लीग मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। टीम अब वानखेड़े स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। सेमीफाइनल से पूर्व भारत के एकमात्र ट्रेनिंग सत्र से पूर्व रोहित ने कहा, अगर आप देखेंगे तो टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमने शुरुआती पांच मैच में लक्ष्य का पीछा किया और फिर अगले चार मैच में पहले बल्लेबाजी की। हम जिन विभागों पर ध्यान देना चाहते थे उनमें से अधिकांश पर हम काम कर चुके हैं। लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा, हमें इस हफ्ते की अहमियत पता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम जो कुछ कर रहे है, हमें उससे कुछ अलग करने की जरूरत है। भारतीय क्रिकेटरों के रूप में दबाव हमेशा उनकी यात्रा का हिस्सा रहा है और सेमीफाइनल के लिए मैदान पर उतरते हुए भी कुछ इससे अलग नहीं होगा। यह लीग मैच हो या सेमीफाइनल, विश्व कप मुकाबले में हमेशा दबाव होता है। हम पहले मैच से लेकर अंतिम मैच तक इससे अच्छी तरह निपटे हैं। टीम ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है। हमारा ध्यान अगले दो मैचों में अच्छा क्रिकेट खेलने पर है। भारतीय क्रिकेटरों के रूप में हमेशा हमारे ऊपर दबाव होता है। मैच पर ध्यान लगाने की जरूरत है और दूसरी टीम की चुनौतियों और दबाव पर नहीं। रोहित के मन में न्यूजीलैंड के लिए काफी सम्मान है जिसे उन्होंने प्रतियोगिता की संभवत: सबसे अनुशासित टीम करार दिया। भारतीय कप्तान ने कहा कि उनमें विरोधी टीम को काफी अच्छी तरह पढ़ने का गुण है। न्यूजीलैंड संभवत: सबसे अनुशासित टीम है। वे स्मार्ट क्रिकेट खेलते हैं, वे विरोधी टीम को काफी अच्छी तरह समझते हैं। सभी आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल में खेलने को लेकर उनके प्रदर्शन में बेहद निरंतरता है। उनकी टीम पर 1983 की कपिल देव और 2011 की महेंद्र सिंह धोनी की टीम उपलब्धि को दोहराने का दबाव है लेकिन मौजूदा खिलाड़ियों का ध्यान अपने प्रदर्शन में सुधार पर है। उन्होंने कहा, यह इस टीम की खूबसूरती है। जब हमने पहली बार विश्व कप जीता था तो टीम के आधे खिलाड़ी पैदा भी नहीं हुए थे। जब हमने पिछली बार विश्व कप जीता तो आधे खिलाड़ी क्रिकेट भी नहीं खेल रहे थे। मैं उन्हें इस बारे में बात करते हुए नहीं देखता कि हमने पहला और आखिरी विश्व कप कैसे जीता।

## अंडरडॉग के ठप्पे से विलियमसन को परेशानी नहीं, भारतीय टीम की तारीफ की



**मुंबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने मंगलवार को स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में अंडरडॉग के ठप्पे से उन्हे कोई ऐतराज नही है। उन्होने हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में भी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम की तारीफ की। भारत को बुधवार को होने वाले पहले सेमीफाइनल में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दोनो टीमो के बीच 2019 में हुए विश्व कप सेमीफाइनल में बाजी न्यूजीलैंड ने मारी थी। भारत ने लीग चरण में सभी नौ मैच जीते है। विलियमसन ने सेमीफाइनल से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा , आप लोग अंडरडॉग लिखते है और यह ज्यादा बदला नही है। मुझे इससे कोई परेशानी नही है। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूजीलैड के कप्तान ने कहा कि सेमीफाइनल में दोनो टीमों के लिए बराबर मौका है। उन्होने कहा , भारतीय टीम सर्वश्रेष्ठ टीमों में से है और हमें भी पता है कि अपना दिन होने पर हम किसी को भी हरा सकते है। विलियमसन ने कहा , हर टीम का अलग संतुलन होता है। हार्दिक की चोट के बाद उनका संतुलन थोड़ा बिगड़ा लेकिन मैच के नतीजों पर उससे असर नही पड़ा। भारतीय टीम ने बखूबी सामंजस्य बिठाया। हमारी टीम भी अतीत में ऐसा कर चुकी है। उन्होंने कहा , भारत ने दूसरी टीमों की तुलना मे अपने अहम खिलाड़ी की गैर मौजूदगी की बेहतर भरपाई की है।

## आस्ट्रेलिया की कप्तानी जारी रखने के इच्छुक कमिंस, आईपीएल नीलामी में भी देंगे नाम

कोलकाता। पैट कमिंस ने विश्व कप के बाद भी आस्ट्रेलिया का वनडे कप्तान बने रहने की इच्छा जताई है। कमिंस को पहले टेस्ट टीम की कप्तानी सौपी गई थी लेकिन आरोन फिंच के पिछले साल अचानक संन्यास लेने के बाद उन्हें वनडे कप्तान भी बनाया गया। शुरूआती दो मैच हारने के बाद लगातार सात जीत के साथ आस्ट्रेलिया को विश्व कप सेमीफाइनल मे पहुंचाने वाले कमिंस ने कप्तानी बरकरार रखने का दावा पुख्ता कर लिया है। वनडे कप्तान के तौर पर भविष्य के बारे मे पूछने पर 30 वर्ष के कमिंस ने कहा , बिल्कुल। हम इस पर बात करेंगे। मै , एंड्रयू (मुख्य कोच) और जॉर्ज (चयनकर्ता) सभी। इस टूर्नामेंट के बाद फोकस टेस्ट क्रिकेट पर रहेगा। जैसा कि अतीत में होता आया है , सफेद गेंद के क्रिकेट से ध्यान हटाकर टेस्ट क्रिकेट पर फोकस चला जाता है। मैने कार्यभार प्रबंधन बखूबी किया है और किसी एक प्रारूप को छोड़ने की जरूरत नही है।

## आईपीएल नीलामी में शामिल होने के लिए तैयार हैं हेड

कोलकाता। पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा कि अब वह टी20 क्रिकेट में अपना भाग्य आजमाने के लिए तैयार है और दिसंबर में होने वाली आईपीएल नीलामी में शामिल होंगे। अब तक 42 टेस्ट और 62 वनडे मैच खेलने वाले 29 वर्षीय हेड ने अपने करियर में केवल 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है जिसमें उन्होंने 460 रन बनाए है। उनका उच्चतम स्कोर 91 रन है। हेड से पूछा गया कि क्या वह इस बार आईपीएल नीलामी में अपना नाम शामिल करेंगे, उन्होंने कहा, हां मैं इसमें अपना नाम शामिल करूंगा। पिछले साल मेरी शादी हुई थी और तब मेरे पास समय सीमित था। मै इस बार स्वयं ही अपना नाम नीलामी के लिए शामिल करूंगा और उम्मीद है कि मुझे चुना जाएगा और मुझे आईपीएल में खेलने का मौका मिलेगा। मै कुछ वर्ष पहले भी इसका हिस्सा था। हेड ने 2016-2017 के सत्र मे आईपीएल मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से 10 मैच खेले थे।

## वानखेड़े की वह शाम जब मनिंदर रो पड़े थे और अजहर को समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें

नई दिल्ली। संन्यास की घोषणा कर चुका एक दिग्गज आहत था, एक बेहद प्रतिभाशाली स्पिनर फिर से कभी अपना पुराना जलवा नही दिखा सका, एक प्रेरणादाई कप्तान को अपना पद छोड़ना पड़ा और वानखेड़े स्टेडियम की सीमा रेखा के पार से सब कुछ देख रहा 14 वर्ष का एक किशोर संभवतः यह सौगंध खा रहा था कि उनकी पटकथा इससे भिन्न होगी। किशोर खिलाड़ी निश्चित तौर पर सचिन तेंदुलकर था जबकि हार से आहत दिग्गज सुनील गावस्कर, जिन्होंने पहले ही अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी तथा 1987 के विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड के हाथों पराजय के बाद वह कभी भारतीय टीम की तरफ से नही खेले। बाएं हाथ के विश्व स्तरीय स्पिनर मनिंदर सिंह इसके बाद कभी अपना खास जलवा नही दिखा पाए जबकि कपिल देव को अपनी कप्तानी गंवानी पड़ी थी। यह पांच नवंबर 1987 को वानखेड़े स्टेडियम में घटी घटना है जब इंग्लैंड के ग्राहम गूच ने स्वीप शॉट का शानदार नमूना पेश करके 115 रन बनाए और इंग्लैंड ने इसके बाद पीछे मुड़कर नही देखा। भारत यह मैच हार गया और दर्शकों को निराश होकर अपने घर लौटना पड़ा। बुधवार को जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैड का सामना करेगी तो घरेलू प्रशंसक यही प्रार्थना कर रहे होंगे कि उन्हें निराश होकर घर नही लौटना पड़े।

## सेमीफाइनल से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने किया अभ्यास



भाषा। मुंबई

**भारतीय** खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मंगलवार को यहां वैकल्पिक अभ्यास सत्र मे भाग लिया लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियो ने विश्राम करने को प्राथमिकता दी। भारत ने लीग चरण का अपना आखिरी मैच रविवार को बेंगलुरु मे खेला था और टीम सोमवार को यहां पहुंची थी। ऐसे मे भारतीय खिलाड़ियों के लिए वैकल्पिक अभ्यास सत्र ही रखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शानदार फॉर्म मे चल रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली ने तीनों नेट्स पर अभ्यास किया। पहले उन्होने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और बाद मे स्पिनरो और थ्रो डाउन विशेषज्ञ का सामना किया। ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा ने भी बल्लेबाजी का अभ्यास किया तथा इसके बाद क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप के साथ भी पर्याप्त समय बिताया। लीग चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मैच के बाद किसी भी मैच मे नही खेलने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी लंबे समय तक गेंदबाजी की। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भी अभ्यास सत्र में हिस्सा नही लिया।

# सहवाग ने टेस्ट में बल्लेबाजी की कला बदली :गांगुली

## ●पत्र लिखकर वीरू की सराहना की

भाषा। नई दिल्ली



वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी के आयाम को पूरी तरह से बदल दिया यह जग जाहिर है लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने मंगलवार को जोर देते हुए कहा कि दिल्ली के इस बल्लेबाज ने ऐसा उस समय किया जब विश्व स्तरीय गेंदबाजों की मौजूदगी में खेल काफी मजबूत था। सहवाग, डायना इडुल्जी और अरविंद डिसिल्वा को सोमवार को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। गांगुली ने सहवाग की सराहना करते हुए पत्र लिखा है जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने साझा किया है जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, जो चीज आपको विशेष बनाती है वह आपकी बल्लेबाजी का तरीका है। आपने टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष पर बल्लेबाजी के आयाम को बदला। तब यह अलग युग था। 2000 के दशक की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट दुनिया भर में स्तरीय खिलाडि़यों की मौजूदगी में काफी मजबूत था लेकिन आपने टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी की कला को पूरी तरह से बदल दिया। जो पारी इसे साबित करती है वह आपके श्रीलंका के खिलाफ 2009 में बनाए 293 रन है। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में इतने रन बनाना और वह भी उस आक्रमण के खिलाफ जिसमें मुथैया मुरलीधरन शामिल हो, यह दर्शाता है कि आप क्या करने में सक्षम हो। मुझे लगता है कि आप टेस्ट क्रिकेट में और बेहतर थे। इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने भारत के लिए 104 टेस्ट, 251 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले और वह 2011 एकदिवसीय विश्व कप तथा 2007 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे।

## विलियमसन को पता होगा कि कुलदीप से कैसे निपटना हैः गावस्कर

मुंबई। भारतीय गेंदबाजो ने अभी तक विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है अपने फुटवर्क और रणनीतिक रवैए के कारण न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को बुधवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल मैच मे भारतीय स्पिनरो विशेषकर कुलदीप यादव से निपटने में दिक्कत नही होनी चाहिए। गावस्कर ने कहा, वह एक दिग्गज खिलाड़ी है और यह मायने नही रखता कि वह लंबे विश्राम के बाद वापसी कर रहा है और उसने रन बनाए है। इसलिए मुझे नही लगता कि इससे बहुत ज्यादा अंतर पड़ने वाला है। वह अपने कदमो का बहुत अच्छा इस्तेमाल करता है और टर्न से निपटने के लिए अपनी क्रीज का अच्छी तरह से इस्तेमाल करता है। वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है और इसलिए मुझे नही लगता कि उसे कुलदीप को खेलने में किसी तरह की परेशानी होनी चाहिए।

## बैकहम सेमीफाइनल देखने पहुंचेंगे

**मुंबई।** इंग्लैड के दिग्गज फुटबॉलर डेविड बैकहम बुधवार को यहां भारत और न्यूजीलैड के बीच होने वाले विश्व कप के पहले सेमीफाइनल के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियो में शामिल होंगे। यूनिसेफ के सद्भावना दूत के रूप में पहले से देश में मौजूद बैकहम के मैच के दिन मुंबई आने और वानखेड़े स्टेडियम में मैच देखने की उम्मीद है। वह 2005 मे सद्भावना दूत के रूप मे यूनिसेफ से जुड़े थे। एक सूत्र के अनुसार बैकहम इस समय गुजरात मे है क्योंकि वह बाल अधिकारो और लैंगिक समानता की वकालत करने मे योगदान देने के लिए देश का दौरा कर रहे है जो विश्व बाल दिवस 2023 की वैश्विक थीम भी है।

## हीली, चीटल भारत दौरे के लिए आस्ट्रेलियाई महिला टीम में

**मेलबर्न।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लौरेन चीटल को अगले महीने भारत का दौरा करने वाली आस्ट्रेलिया की महिला टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मेग लानिंग के संन्यास के बाद कप्तान की घोषणा नही की है। टीम की रवानगी से पहले कप्तान के नाम का ऐलान होगा। आस्ट्रेलिया को नौ से 21 जनवरी के बीच मुंबई मे भारत के खिलाफ एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने है। टेस्ट और वनडे वानखेड़े स्टेडियम पर और टी20 डी वाई पाटिल स्टेडियम पर खेला जाएगा।

## हैल एनर्जी के ब्रांड अम्बेसडर बने शमी व शार्दुल

**मुंबई।** दुनिया के जान-माने एनर्जी ड्रिंक ब्राण्ड्स में से एक और कैन सेगमेन्ट में मार्केट लीडर हैल एनर्जी ने देश में क्रिकेट के प्रति उत्साह का जश्न मनाने के लिए शारदुल ठाकुर और मोहम्मद शमी के साथ अपने क्रिकेट स्पेशल ब्राण्ड अम्बेसडर के रूप में हाथ मिलाया है। इस जोड़ी ने ब्राण्ड के लिमिटेड एडीशन पैकेज्ड एनर्जी ड्रिंक हैल क्रिकेट क्रेज़ी का लॉन्च किया। कैंपेन के बारे में बात करते हुए उन्नीकन्नन गंगाधरन, कंट्री हैड, हैल एनर्जी ने कहा हैल एनर्जी ऐसा ब्राण्ड है जो हमेशा विभिन्न साझेदारियों के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देता रहा है और इसे उपभोक्ताओं ने खूब पसंद किया है। हमें खुशी है कि 2023 के इतने शानदार क्रिकेट टूर्नामेन्ट के बीच हमें दो उत्कृष्ट क्रिकटरों के साथ साझेदारी का अवसर मिला। उनका स्टाइलए उनका अंदाज़ए दर्शकों को संदेश देता है कि हम गेम के प्रति जोश और उत्साह को बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। इस प्रतियोगिता को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं और हमें उम्मीद है कि क्रिकेट के इस सीज़न अपने दर्शकों को साईन किए गए सभी मर्चेन्डाइज़ देंगे। भारतीय टीम बहु-प्रतीक्षित पलों की ओर बढ़ रही हैए ऐसे में दर्शकों को हैल क्रिकेट क्रेज़ी कैन हाथ में लिए भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाने का मौका मिला हैए जिन्हें शारदुल ठाकुर और मोहम्मद शमी के साथ मिलने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा उपभोक्ता उनकी साईन की गई मर्चेन्डाइज़ और साईन की गई हैल एनर्जी कैन जीतने का मौका भी पा सकते हैं!! शारदुल ठाकुर और मोहम्मद शमी भारतीय इंटरनेशनल क्रिकेटर हैं। जो गेम के सभी फॉर्मेट्स में भारतीय नेशनल क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं।

## कुश्ती के ओलंपिक क्वालीफायर में नहीं होंगे स्वर्ण पदक के मुकाबले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान देने वाले कुश्ती के महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण या कांस्य पदक के मुकाबले नहीं होंगे और दो सेमीफाइनल के विजेताओं को 2024 खेलों में जगह दी जाएगी। कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्थान यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग ने अगले साल होने वाले क्वालीफायर के नए प्रारूप को स्वीकृति दे दी है। महाद्वीपीय क्वालीफायर के अलावा विश्व क्वालीफायर में भी स्वर्ण पदक का मुकाबला नहीं होगा और दो सेमीफाइनल विजेताओं को कोटा मिलेगा जबकि कांस्य पदक मुकाबलों के विजेता सभी तीन शैलियों के छह-छह भार वर्ग में तीसरे कोटा के लिए भिड़ेंगे। मैक्सिको के एकापुल्को में 28 फरवरी से एक मार्च तक होने वाले अमेरिकी महाद्वीप के क्वालीफायर के साथ क्वालीफिकेशन प्रक्रिया शुरू होगी। अगले साल होने वाले पांचों पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में प्रत्एक वजन वर्ग में चार वरीय खिलाड़ी होंगे।

# जूनियर हॉकी विश्व कप में भारत की कमान संभालेंगे उत्तम सिंह

भाषा। नई दिल्ली

**प्रतिभाशाली** फॉरवर्ड उत्तम सिंह पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालम्पुर में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरूष जूनियर विश्व कप में भारत की कमान संभालेंगे। मौजूदा एशियाई चैम्पियन भारत को पूल सी में कनाडा, दक्षिण कोरिया और स्पेन के साथ रखा गया है। भारत को पांच दिसंबर को कोरिया से पहला मैच खेलना है। भारतीय टीम सात दिसंबर को स्पेन से और नौ दिसंबर को कनाडा से खेलेगी। भारत पिछली बार टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा था और कोच सी आर कुमार ने कहा है कि इस बार उनकी टीम पूरी तरह से तैयार है। हमारे पास मजबूत टीम है। हम 2016 जूनियर विश्व कप विजेता टीम से प्रेरणा लेंगे। हमारे पास



अनुभवी खिलाड़ी हैं जो भुवनेश्वर में पिछला जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं। वे नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे और साथी खिलाड़ियों के मेंटोर होंगे। हमारा लक्ष्य जूनियर विश्व कप जीतना है और हम इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पूल ए में गत चैम्पियन अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया है जबकि पूल बी में मिस्र , फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका हैं। पूल डी में बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान हैं।

भारतीय टीम : गोलकीपर : मोहित एचएस, रणविजय सिंह यादव, डिफेंडर : शारदानंद तिवारी , अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, आमिर अली, मिडफील्डर : विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह,अमनदीप, आदित्य सिंह, फॉरवर्ड : उत्तम सिंह (कप्तान), आदित्य लालागे, अराइजीत सिंह हुंडल, सौरभ आनंद कुशवाहा, सुदीप चिरमाको, बॉबी सिंह धामी। रिजर्व : सुखविंदर, सुनीत लाकड़ा।

## सात्विक और चिराग जापान मास्टर्स के पहले दौर में हारे

**कुमामोतो (जापान)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को मंगलवार को यहां जापान मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। भारत की शीर्ष वरीय जोड़ी को ल्यू चिंग याओ और यैंग पो हेन की चीनी ताइपे की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 63 मिनट चले मुकाबले में 21-16 18-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सात्विक और चिराग की दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में ल्यू और यैंग की जोड़ी को हराया था लेकिन मंगलवार को चीनी ताइपे की जोड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए पहला गेम गंवाने के बाद जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में 0-3 से पिछड़ने के बाद 11-7 की बढ़त बनाई। ल्यू और यैंग ने वापसी करते हुए 13-13 के स्कोर पर बराबरी हासिल की लेकिन सात्विक और चिराग ने इसके बाद बढ़त बरकरार रखी और फिर लगातार चार अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम काफी करीबी रहा जिसमें काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चीनी ताइपे की जोड़ी ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने में सफल रही लेकिन सात्विक और चिराग ने 14-14 पर स्कोर बराबर कर दिया। ल्यू और यैंग ने हालांकि धैर्य बरकरार रखते हुए दूसरा गेम जीतकर मुकाबला।-। से बराबर कर दिया। तीसरे गेम में भी दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवाता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।